




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 297 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) माघ कृ.5 2081 रविवार, 19 जनवरी-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये


## छगन भुजबल राकांपा की बैठक में होंगे शामिल

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। राकांपा के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट से खुद को बाहर किए जाने को लेकर पार्टी प्रमुख और उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निशाना साधा था। उन्होंने शनिवार को बताया कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के अनुरोध पर पार्टी सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। राकांपा नेता ने कहा कि दो दिवसीय राकांपा सम्मेलन में उनकी उपस्थिति का यह मतलब नहीं कि सभी मुद्दे सुलझा लिए गए। पत्रकारों से बात करते हुए राकांपा नेता छगन भुजबल ने कहा, पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल मुझसे दो घंटे तक मुलाकात की और मुझसे सिरडी सम्मेलन में शामिल होने का अनुरोध किया। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने फोन पर मुझसे बात की और सिरडी आने का अनुरोध किया।

# पीएम ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे

*> यूएन ने गरीबी हटाने के लिए प्रॉपर्टी राइट्स की बात कही थी > हमने सवा 2 करोड़ दस्तावेज सौंपे*

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। पीएम मोदी शनिवार को 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी ने कहा- आज का दिन गांवों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। 5 साल पहले यह योजना शुरू की गई थी, ताकि गांव में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके। मोदी ने कहा, 21वीं सदी में प्रॉपर्टी राइट्स की चुनौती रही है। कई साल पहले यूनाइटेड नेशंस ने कई देशों में भू-संपत्ति पर स्टडी की थी। इसमें पता चला था कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के दस्तावेज नहीं है। यूएन ने कहा था कि अगर गरीबी कम करनी है तो लोगों के पास प्रॉपर्टी राइट्स होना जरूरी है।

इस योजना के तहत हमने गांवों के करीब सवा 2 करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी दस्तावेज दिया है। पहले गांव में लोगों के पास लाखों-लाख करोड़ की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी। क्योंकि उनके पास कानूनी दस्तावेज होते ही नहीं थे। अब 100 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की इकोनॉमिक एक्टिविटीज का रास्ता खुल गया है। दरअसल, मोदी वर्चुअली इस इवेंट में शामिल हुए, जबकि फील्ड पर 13 केंद्रीय मंत्री मोर्चा संभाला। कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, संबंधित राज्यों के मंत्री और पंचायत प्रतिनिधि भी वर्चुअली शामिल हुए।



**मोदी की स्पीच की बातें...**

गांव में लोगों के पास लाखों-लाख करोड़ की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी। क्योंकि उनके पास कानूनी दस्तावेज होते ही नहीं थे। घर की मिलकियत को लेकर विवाद होते रहते थे। दबंग इन पर कब्जा कर लेते थे। कानूनी दस्तावेज के बिना बैंक भी किनारा कर लेते थे। दशकों तक ऐसा ही चलता रहा।

2014 में जब हमारी सरकार बनी तो हमने इस मुद्दे से निपटने की ठानी, कोई सरकार अपने गांव के लोगों को इस तरह परेशानी में नहीं छोड़ सकती थी। इसलिए हमने यह योजना शुरू की। हमने तय किया ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घर जमीन की मैपिंग कराई जाएगी। उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे। हमारे देश में 6 लाख से ज्यादा गांव हैं, आधे गांवों में ड्रोन से सर्वे हो चुका है। कानूनी दस्तावेज मिलने के बाद अपने घर संपत्ति के जरिए लोन लेकर छोटा-मोटा व्यापार शुरू किया है। कोर्ट में लंबे विवाद, अवैध कब्जों से दलित पिछड़े आदिवासी परिवार ही सबसे ज्यादा परेशान थे। कानूनी प्रमाण से उन्हें इस संकट से मुक्ति मिल गई है।

प्रॉपटी कार्ड बनने के बाद 100 लाख करोड़ से ज्यादा की आर्थिक गतिविधियों का रास्ता खुल सकेगा। इसके जरिए जमीन को भी खास पहचान दी गई है। करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं। इससे आसानी से पता चल जाता है कि कौन सा प्लॉट किसका है। 8 साल में करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजीकरण किया जा चुका है। आजादी के इतने दशकों तक हमारे गांव, करोड़ों लोग इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे। आदिवासी समाज के परिवार सबसे ज्यादा परेशान थे। साल 2000 में जब अटल जी पीएम थे। तब एक पीएम ग्राम सड़क योजना शुरू की गई थी। तब से आज तक सवा 8 लाख किमी सड़कें बनाई गईं। 10 साल में हमने पौने चार लाख किमी सड़कें बना दी हैं। अब हम सीमांत गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाने वाइब्रेंट योजना चला रहे हैं।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस में संजय रॉय दोषी करार

**सजा का ऐलान सोमवार को**

## ✲ संजय बोला-मुझे फंसाया गया इसमें आईपीएस शामिल

कोलकाता, 18 जनवरी (एजेंसियां)। कोलकाता के आरजी कर हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर केस में सियालदह कोर्ट ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी करार दिया है। जस्टिस अनिर्बान दास ने दोपहर 2.30 बजे फैसला सुनाया और कहा कि सजा का ऐलान सोमवार (20 जनवरी) को किया जाएगा। अदालत ने 162 दिन बाद फैसला सुनाया है। रेप-मर्डर की घटना 9 अगस्त 2024 की है और फैसला 18 जनवरी 2025 को आया है। सीबीआई ने आरोपी संजय के लिए फांसी की मांग की है। फैसले के बाद दोषी संजय ने कहा, मुझे इस मामले में फंसाया गया है। मैंने यह काम नहीं किया। जिन्होंने ये काम किया है, उन्हें जाने दिया गया है। एक आईपीएस इसमें शामिल है।

आरजी कर हॉस्पिटल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की लाश सेमिनार हॉल में मिली थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने संजय रॉय नाम के सिविक वॉलंटियर को 10 अगस्त को अरेस्ट किया था। सीबीआई ने 10 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया था कि सियालदह ट्रायल कोर्ट में रेगुलर सुनवाई हुई और 81



गवाहों में से 43 से पूछताछ की गई। इधर, शनिवार को फैसले से पहले पीड़ित के पिता ने कहा है कि आरोपी की सजा कोर्ट तय करेगा, लेकिन जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता हम अदालत का दरवाजा खटखटाते रहेंगे।

**फैसले का आधार फॉरेंसिक रिपोर्ट :**

अदालत ने फॉरेंसिक रिपोर्ट को सजा का आधार बनाया, जो बताती है कि संजय रॉय इस मामले में शामिल था। घटना स्थल और पीड़ित डॉक्टर की बॉडी पर भी संजय का डीएनए मिला था। रॉय को भारत न्याय संहिता अधिनियम की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी पाया गया है।

# आईपीएस अधिकारी को राहत देने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## ✲ अतुल सुभाष के बेटे की कस्टडी पर 20 को सुनवाई



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बिहार पुलिस की एक महिला उपाधीक्षक ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। उन्होंने पटना हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया गया था।

महिला ने इस आईपीएस अधिकारी पर आरोप लगाया था कि उसने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। न्यायमूर्ति पंकज मित्तल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ पुलिस उपाधीक्षक की अपील पर सोमवार को सुनवाई कर सकती है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि 19 सितंबर, 2024 को जारी हाईकोर्ट का आदेश मामले के तथ्यों से परे और तय कानून के विपरीत है। यह मामला 29 दिसंबर 2014 को तब सामने आया था, जब महिला ने बिहार के कैमूर के महिला पुलिस स्टेशन में आईपीएस अधिकारी पुष्कर आनंद और उनके माता-पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। आनंद पर दुष्कर्म और आपराधिक धमकी सहित अन्य गंभीर अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया था, जबकि उसके माता-पिता पर अपराध को बढ़ावा देने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

# 'हमारी कोशिश दोस्ती बढ़ाने और समस्याओं को कम करने की है'

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को 19वें 'नानी ए पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर' में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय विदेश नीति के विभिन्न पहलुओं पर बात की। साथ ही बीते 10 वर्षों में भारतीय कूटनीति के दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया इस वक्त बाजार संसाधनों और वित्तीय संस्थानों को हथियार बनाए जाने की चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की कोशिश ज्यादा से ज्यादा दोस्त बनाने और समस्याओं को कम करने की है।

विदेश मंत्री ने कहा कि मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने विकास की रफ्तार को बनाए रखना भारत के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए आंतरिक विकास के साथ ही आधुनिकीकरण करने और बाहरी जोखिम को कम करने की जरूरत है। घरेलू स्तर पर हमने स्थिर राजनीतिक स्थायित्व,



समावेशी विकास और लगातार सुधारों से बेहतर काम किया है। हालांकि हमें उत्पादन, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा पर और ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही मजबूत सहयोग संबंध बनाने की भी जरूरत है ताकि हम और प्रतिस्पर्धी बन सकें।

विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि रणनीतिक स्वायत्ता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत को अहम और उभरती हुई प्रौद्योगिकी तकनीक के विकास में पीछे नहीं रहना चाहिए। भारत गैर पश्चिम हो सकता है, लेकिन रणनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए ये ध्यान रखा जाना चाहिए कि भारत पश्चिम विरोधी न बने। जयशंकर ने कहा कि भारत की दुनिया में छवि एक विश्वबंधु देश, सहयोगी और दोस्त की है। हमारी कोशिश है कि दोस्तों की संख्या को बढ़ाया जाए और समस्याओं को कम से कम किया जाए। भारत के हितों को ध्यान में रखकर ही ये किया जा सकता है। विदेश मंत्री ने भारत की कूटनीतिक सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि ध्रुवीकृत दुनिया में भारत की मतभेदों को पाटने की क्षमता सबके सामने आई है। बीते दशक में हमने कई मोर्चों पर प्रगति की है।

# बिहार की जातिगत जनगणना फर्जी : राहुल गांधी

*> सुरक्षा सम्मेलन में भाजपा-आरएसएस पर लगाए आरोप*

पटना, 18 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए।

यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50 प्रतिशत आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे।

**भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में :**

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा, इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली



जानी चाहिए, आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है।

**उन्होंने अपने लोगों को हर संगठन में रखा है :**

राहुल गांधी ने, जब उन्हें पता चला कि पिछड़े समुदाय, दलितों के लोग प्रतिनिधित्व ले रहे हैं, तो उन्होंने आपको प्रतिनिधित्व दिया लेकिन सत्ता छीन ली। सत्ता अंबानी, अदाणी और आरएसएस को दे दी गई है। उन्होंने अपने लोगों को हर संगठन में रखा है।

**आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला :**

राहुल गांधी ने आगे कहा, हम चाहते थे कि जैसे गंगा का पानी हर जगह बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्था तक पहुंचे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली थी। अगर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, तो वह भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं... वह (आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत) भारत की हर संस्था से डॉ. बीआर अंबेडकर, भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी की विचारधारा को मिटा रहे हैं।

## चूड़ा और हरा चना से लालू ने किया राहुल का स्वागत

पटना, 18 जनवरी (एजेंसियां)। राहुल गांधी पटना में राबड़ी आवास पर लालू प्रसाद यादव से मिले। लालू यादव ने उन्हें चूड़ा और हरा चना खिलाया और अपने घर के गोशाला-मंदिर भी दिखाए। तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी को नीतीश कुमार से जुड़ा एक वीडियो भी दिखाया। चुनाव पर भी बातचीत हुई। ये मुलाकात लगभग 20 मिनट चली। इसके बाद राहुल गांधी एयरपोर्ट के लिए निकल गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने बिहार दौरे के दौरान राबड़ी आवास पहुंचे। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने उनका स्वागत चूड़ा और हरे चने से स्वागत किया। लालू जी ने राहुल गांधी को अपने आवास परिसर में स्थित गोशाला और मंदिर भी दिखाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव राहुल गांधी को नीतीश कुमार से जुड़ा एक वीडियो दिखाते रहे। इस मुलाकात में आगामी चुनावों पर भी चर्चा हुई। राबड़ी आवास पर इस मुलाकात के दौरान लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती समेत राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या

**ज्यादा फांसी की सजा सुनाने के चलते ये हैंगमैन कहलाते थे, हमलावर ने सुसाइड किया**

तेहरान, 18 जनवरी (एजेंसियां)। तेहरान में शनिवार को ईरान की सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है।

दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावर ने खुद को भी मार दिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों को निशाना बनाया गया था। मारे गए जजों की पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है, ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाए जाने के चलते दोनों जजों



को हैंगमैन कहा जाता था।

**हमले के मकसद का पता नहीं, पुलिस ने जांच शुरू की :**

रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर जस्टिस डिपार्टमेंट का ही कर्मचारी था। ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक तेहरान की कोर्ट हाउस से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। रजिनी की 1988 में भी हत्या की कोशिश की गई थी। उस दौरान उनकी बाइक में मैग्नेटिक बम लगाया गया था। वहीं, अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक दूसरे जज मोघिसेह पर अमेरिका ने 2019 में बैन लगा दिया था।

**दुनियाभर में सबसे ज्यादा फांसी देने वाला देश ईरान :**

ईरान दुनिया में सबसे ज्यादा फांसी की सजा देने वाले देशों में से एक है। नाबालिगों को मौत की सजा न देने के युनाईटेड नेशन कंवेंशन को साइन करने के बावजूद ईरान उन टॉप देशों में शामिल है सबसे ज्यादा फांसी की सजा दी जाती है।

# सैफ अली खान हमला केस का संदिग्ध गिरफ्तार

*> ट्रेन से भागते समय आरपीएफ ने पकड़ा > मुंबई पुलिस ने भेजा था फोटो*



दुर्ग, 18 जनवरी (एजेंसियां)। फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के मामले में एक संदिग्ध को छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से पकड़ा गया है। मुंबई पुलिस के इनपुट पर दुर्ग आरपीएफ ने कार्रवाई की है। संदिग्ध का नाम आकाश बताया जा रहा है। वह ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे में मुंबई से सफर कर रहा था। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया है। संदिग्ध की गिरफ्तारी मुंबई पुलिस के भेजे गए फोटो के आधार पर की गई है।

**जुहू पुलिस को मिली थी सूचना**

जुहू पुलिस स्टेशन को सूचना मिली थी कि सैफ अली खान पर हमले मामले का एक संदिग्ध ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा है। जिसके बाद संदिग्ध की फोटो भेजी गई। उस समय ट्रेन गोंदिया और राजनांदगांव स्टेशन के बीच में थी, लेकिन संदिग्ध को राजनांदगांव स्टेशन पर नहीं पकड़ा जा सका। इसके बाद दुर्ग स्टेशन पर दो टीमों का गठन किया गया। ट्रेन के दुर्ग पहुंचने पर सामने के जनरल डिब्बा में संदिग्ध को निरीक्षक एसके सिन्हा, सिपाही श्रीराम मीणा और महिला सिपाही निर्मला ने पकड़ा। संदिग्ध की फोटो मुंबई पुलिस को भेजी गई, जिन्होंने पुष्टि की कि वही व्यक्ति है। संदिग्ध को आरपीएफ पोस्ट दुर्ग लाया गया, जहां वीडियो कॉल के माध्यम से मुंबई पुलिस अधिकारियों से बातचीत करवाई गई।

**भागने की फिराक में था आरोपी**

दुर्ग आरपीएफ टीआई एसके सिन्हा ने बताया मुंबई पुलिस देर रात तक यहां पहुंच सकती है। संदिग्ध ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। दुर्ग आरपीएफ ने संदिग्ध आरोपी को अपनी कस्टडी में रखा हुआ है। मुंबई पुलिस दुर्ग आ रही है। वही मामले की पूछताछ करेगी। ट्रेन दोपहर करीब 1:30 बजे दुर्ग पहुंची थी। संदिग्ध जनरल डिब्बे में बैठा हुआ था।

**फोटो के आधार पर हुई पहचान**

एसके सिन्हा ने बताया कि संदेही की पहचान मुंबई पुलिस के भेजे गए फोटो के आधार पर की गई। फिलहाल संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि संदिग्ध हमलावर है या नहीं इसकी पुष्टि मुंबई पुलिस करेगी। संदिग्ध ने अपने बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी है।

सैफ अली खान पर उनके घर में घुसकर चाकू से हमला किया गया था। अभिनेता के गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगहों पर चाकू से वार किया गया था। हमले के दौरान एक्टर की रीढ़ की हड्डी में चाकू का टुकड़ा फंस गया था जिसे सर्जरी कर बाहर निकाला गया।

## दिल्ली चुनाव : प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर पत्थर से हमला

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में चुनावी हलचल के बीच दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) चीफ अरविंद केजरीवाल की गाड़ी पर चुनाव प्रचार के दौरान ईंट-पत्थर से हमला किया गया है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हमले का वीडियो शेयर करते हुए नई दिल्ली विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी ने अपने ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल से हमले की एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, हार के डर से बौखलाई बीजेपी, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला! बीजेपी प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराने हमले से केजरीवाल जी डरने वाले नहीं है, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

# 'एक साथ चुनाव कराना संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं'

## ✲ *एक देश-एक चुनाव पर मंत्री मेघवाल का विपक्ष को दो टूक*

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'एक देश, एक चुनाव' की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराना संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं है। उनका कहना है कि एक साथ चुनाव होने से शासन में सुधार होगा।

**पहले भी हो चुके हैं एक साथ चुनाव :**

मंत्री मेघवाल ने एक इंटरव्यू में कहा कि 1952 से पहले के कुछ लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। अगर वह संघीय ढांचे के खिलाफ नहीं थे, तो अब क्यों कोई समस्या होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध कर रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं।

**पीएम चाहते थे समिति मसौदा कानूनों की जांच करें**

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा गया क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते थे कि सदन की एक समिति मसौदा कानूनों की जांच करे। संयुक्त समिति की पहली बैठक में विधायी विभाग के सचिव राजीव मणि ने सदस्यों को एक साथ चुनाव कराने के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया था। 39 में से 38



सदस्यों ने इस बैठक में भाग लिया था। सभी दलों के लोग थे। उन्होंने आगे कहा, अब आरोप लगा रहे हैं कि यह संघीय ढांचे के खिलाफ है। मैं कहना चाहता हूं कि 1952 के चुनाव हुए, सभी विधानसभाओं के चुनाव भी एक साथ हुए। 1957, 1962 के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 के चुनाव एक साथ हुए। तब संघीय ढांचा खराब नहीं हुआ तो अब यह कैसे खराब हो जाएगा?

**विकास को मिलेगी गति :**

उन्होंने यह भी कहा कि एक साथ चुनाव कराने से सुशासन को बढ़ावा मिलेगा और विकास की गति बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के कारण समय-समय पर उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को दूर किया जाएगा।

कानून मंत्री मेघवाल ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति में विपक्ष के सदस्यों को समझाया गया है कि समकालिक प्रणाली क्या है और उन्होंने इसे समझ लिया है। लोकसभा की 'नियत तारीख' क्या है, यह उन्हें भी बता दिया गया है, वे सब कुछ समझ गए हैं। अगर अब कोई विरोध कर रहा है तो यह सब राजनीतिक कारणों से किया जा रहा है।

**वक्फ संशोधन बिल पर कही ये बात :**

वक्फ संशोधन बिल पर उन्होंने कहा कि इस पर संसद की संयुक्त समिति विचार कर रही है और जब रिपोर्ट तैयार हो जाएगी, तब इसे संसद में पेश किया जाएगा। मेघवाल ने सवाल करते हुए कहा, लेकिन यह कैसे हो सकता है कि जब किसी गांव की कुछ संपत्ति होगा। एक दिन आप आएंगे और कहेंगे कि यह वक्फ की संपत्ति है और यह वक्फ की संपत्ति बन जाएगी? उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की स्थिति में एक व्यवस्था होनी चाहिए। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद इसे संसद में पेश किया जाएगा। उपासना स्थल कानून के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब मामला उच्चतम न्यायालय में है तो इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से बचना चाहिए।

## टांडा रेंज में एक दांत वाले हाथी की मौत, 60 साल से अधिक थी उम्र; एक्शन में वन विभाग



रुद्रपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज में एक टस्कर हाथी की मौत हो गई। मृत एक दांत का टस्कर था। उसका दांत सुरक्षित है। वन विभाग के अनुसार शनिवार की सुबह जयनगर स्थित पत्थरचट्टा दक्षिणी बीट में हाथी का शव मिला था। उनकी उम्र 60 साल से अधिक है। वन विभाग की टीम हाथी का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई कर रही है।

# अरविंद केजरीवाल की डॉक्यूमेंट्री पर सियासत

## आप का दावा- बीजेपी ने रुकवाई स्क्रीनिंग



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच चुनाव अरविंद केजरीवाल पर बनी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग रोक दी गई है। यह डॉक्यूमेंट्री अनब्रेकेबल नाम से बनाई गई है। डॉक्यूमेंट्री निर्माता का दावा है कि दिल्ली पुलिस ने स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं दी है, जिसके कारण इस पर रोक लगा दी गई है। यह स्क्रीनिंग शनिवार को 12 बजे दिल्ली के प्यारेलाल भवन में होनी थी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को भी इस स्क्रीनिंग में शामिल होना था। यह डॉक्यूमेंट्री अरविंद केजरीवाल और आप नेताओं के जेल जाने और फिर बाहर आने की कहानी को लेकर तैयार की गई है।

**आप का दावा- थिएटर मालिकों को धमकाया**

इधर, पूरे मामले में आम आदमी पार्टी का कहना है कि स्क्रीनिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के थिएटर मालिकों को धमकाया गया है। आम आदमी पार्टी ने स्क्रीनिंग रोकने लिए भी बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है। आम आदमी पार्टी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बीजेपी के कहने पर ही दिल्ली पुलिस ने स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं दी। आप का कहना है कि इस डॉक्यूमेंट्री को हम किसी भी कीमत पर दिखाएंगे। बीजेपी इसे रोक नहीं पाएगी।

**केजरीवाल के जेल जाने को लेकर बनी है डॉक्यूमेंट्री**

मार्च 2024 में अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति मामले में घोटाले के एक आरोप में गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को इसके बाद दिल्ली के तिहाड़ जेल में रखा गया था। जून 2024 में केजरीवाल इस मामले में जमानत पर बाहर निकले थे। केजरीवाल के जेल जाने और फिर बाहर आने को लेकर यह डॉक्यूमेंट्री तैयार की गई है। चुनाव के समय इसे दिखाकर आप अपने समर्थकों को भी साधना चाहती है। केजरीवाल जिस मामले में जेल गए, उसी मामले में आप के 2 और बड़े नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह जेल जा चुके हैं। वहीं इस मामले में न तो बीजेपी की तरफ से कोई बयान आया है और न ही दिल्ली पुलिस की तरफ से। दिल्ली में अभी आचार संहिता लागू है। राष्ट्रीय राजधानी की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को मतदान प्रस्तावित है।

# हैवान मां-बाप ने बेटी को वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेला बनाते थे उसका गंदा वीडियो

चेन्नई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु के चेन्नई से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। चेन्नई में एक दंपति को कथित तौर पर अपनी नाबालिग बेटी को वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर करने और अश्लील तस्वीरें और वीडियो फिल्माने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।बताया जाता है कि ये दोनों पैसे कमाने के लिए उन फोटो और वीडियो को इंटरनेट पर अपलोड करते थे। बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद,एक पुलिस टीम ने जोड़े का पता लगाया। पुलिस ने एक आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।इसमें नाबालिग लड़कियों की कई अश्लील वीडियो क्लिप थीं। पुलिस ने बताया कि ज्यादातर वीडियो लड़कियों की सहमति के बिना किसी छिपे हुए कैमरे से शूट किए गए थे। ऐसे में आगे की जांच में पता चला कि व्यवसायी और उसकी पत्नी ने अपनी बेटी को भी वेश्यावृत्ति में धकेल दिया था और अन्य लड़कियों के साथ उसका वीडियो बनाया था।

**पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज**

पुलिस की एक टीम ने जोड़े को गिरफ्तार कर लिया और पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किए जाने के बाद जोड़े को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। नाबालिग लड़की को एक सरकारी देखभाल केंद्र में रखा गया है जहां उसे आघात के लिए परामर्श और अन्य आवश्यक सहायता दी गई । हैआरोपी दंपत्ति के मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त कर फोरेंसिक लैब भेज दिए गए हैं। हाल ही में कुछ दिनों पहले ऐसा मामला मुंबई से आया था, जहां मुंबई की एक विशेष अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी को वेश्यावृत्ति में धकेलने के आरोप में एक महिला को नौ साल जेल की सजा सुनाई थी।अदालत ने महिला को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की तस्करी के आरोपों और अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के तहत अपनी बेटी को वेश्यावृत्ति में धकेल कर उसकी कमाई पर जीवन यापन करने के आरोप में दोषी ठहराया।

# ममता के राज में पहला एनकाउंटर

## जेल वैन से भाग रहा था माफिया, पुलिस ने मारी गोली



कोलकाता, 18 जनवरी (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के राज में पहला एनकाउंटर का मामला सामने आया है। उत्तर दिनाजपुर में पश्चिम बंगाल पुलिस ने एक माफिया को गोली मार दी। वह जेल वैन से भागने की कोशिश कर रहा था इसी दौरान पुलिस ने उसका (माफिया) एनकाउंटर कर दिया। पश्चिम बंगाल के डीजी राजीव कुमार ने पहले ही कहा था कि अगर किसी ने एक गोली मारी तो हम चार मारेंगे। ममता बनर्जी के शासन में किसी अपराधी को एनकाउंटर कर मार गिराने का यह पहला मामला है। अपराधियों को एनकाउंटर करने को लेकर उत्तर प्रदेश पिछले कुछ सालों से ज्यादा चर्चे में रहा। मगर अब बाकी राज्यों में भी इस तरह के मामले सामने आने लगे हैं। पश्चिम बंगाल में यह इस तरह का पहला केस है। ममता बनर्जी पिछले 14 साल से बंगाल में शासन कर रही हैं।

**पिछले 14 साल से सत्ता पर काबिज**

70 साल की ममता ने 20 मई 2011 पहली राज्य की कमान संभाली थी। 27 मई 2016 को उन्होंने दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके बाद साल 2021 में भी उनकी पार्टी की ऐतिहासिक जीत हुई और ममता लगातार तीसरी बार राज्य की बागडोर संभालीं। कांग्रेस की स्टूडेंट इकाई से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाली ममता एकमात्र मकसद बंगाल की सत्ता से वामपंथियों को बेदखल करना था।

**बंगाल से वामपंथियों को किया बेदखल**

बंगाल से वामपंथियों को बेदखल करे के लिए उन्होंने कई बार अपने सहयोगी बदले। कभी उन्होंने केंद्र में एनडीए का दामन थामा तो कभी कांग्रेस की हाथ पकड़ी। फिर कांग्रेस से अलग होकर अपनी अलग पार्टी का गठन किया। वामपंथियों के करीब साढ़े तीन दशक के लंबे शासन का अंत कर ममता ने पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल की। ममता रेल मंत्री बनने वाली देश की पहली महिला थीं।

## बेल्जियम में कबड्डी प्रमोटर की हत्या: फगवाड़ा के रहने वाले बख्तावर सिंह को गोलियों से भूना

फगवाड़ा, 18 जनवरी (एजेंसियां)। फगवाड़ा के एक युवक की बेल्जियम में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। इस हत्याकांड की सूचना फगवाड़ा पहुंचने पर शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की पहचान कबड्डी प्रमोटर व समाज सेवक बख्तावर सिंह बाजवा उर्फ बलौरा निवासी हदियाबाद फगवाड़ा के रूप में हुई। बख्तावर सिंह काफी लंबे समय से बेल्जियम में अपना बिजनेस कर रहा था और अक्सर समाज सेवा के कामों के लिए फगवाड़ा में आया करता था। मृतक के परिजनों के अनुसार 8-10 गाड़ियों में सवार होकर बड़ी गिनती में हथियारों से लैस हमलावर उनके घर पर आए और ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उसकी हत्या कर दी। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार बेल्जियम में किसी गुरुद्वारा साहिब में होने वाले चुनाव को लेकर बख्तावर सिंह की हत्या की गई है।

# 8वें वेतन आयोग के मुद्दे को दिल्ली में भुनाएगी बीजेपी

## बांसुरी स्वराज ने गिनाया यह फायदा



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। यह दिल्ली चुनाव से ठीक पहले लिया गया फैसला है। 8वें वेतन आयोग की सिफारिश का फायदा दिल्ली के सरकारी कर्मचारियों को भी होना तय है। अब बीजेपी ने चुनाव में इस पर बोलना भी शुरू कर दिया है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि "8वें वेतन आयोग से दिल्ली के चार लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को सीधे-सीधे फायदा होगा।" सुषमा स्वराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है। इससे पूरे भारत में 48 लाख से ज्यादा कर्मचारियों और 67 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा। अपनी दिल्ली की बात करें तो 4 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को इससे फायदा मिलेगा। जो महंगाई का भत्ता है वह बढ़ेगा। होम अलाउंसेज आसान हो जाएंगे और रेंट करना आसान हो जाएगा।"

**आप से पूछे गए सवाल अब तक सुलझे नहीं- सचदेवा**

वहीं, वीरेंद्र सचदेवा ने इस दौरान फिर आप को निशाने पर लेते हुए कहा कि दो दिन पहले जो सवाल किया था वह सुलझा नहीं है। कोविड का दौर और केजरीवाल का 40 गुना आमदनी बढ़ना। दिल्ली चुनाव में जवाब तो देना पड़ेगा सिर्फ उसी दौर में क्यों आया इसका कोई तो सोर्स होगा और जनता के प्रति जवाबदेही हर व्यक्ति की बनती है इसलिए आज केजरीवाल के साथ अब सिसोदिया को भी जवाब देना पड़ेगा।

**बैंक से सिसोदिया ने क्यों नहीं लिया लोन- सचदेवा**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों का भविष्य सुधारने के लिए हम लोन लेते हैं और सिसोदिया ने भी लोन लिया।शिक्षा का 1.53 करोड़ का लोन है लेकिन यह किसी व्यक्ति विशेष का है ना कि किसी बैंक का। यह पैसा कहां से आया और यह लोग कौन हैं इसका जवाब जनता को चाहिए। हम जांच के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखेंगे। योजना है जिसका प्रचार यह खूब करते हैं आख़िर इन्होंने उस योजना के तहत क्यों नहीं लिया।" आप ने आरोप लगाया कि बीजेपी अरविंद केजरीवाल की डॉक्यूमेंट्री रिलीज नहीं होने देना चाहती है। इस पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "जो वो स्क्रीनिंग दिखाना चाहते हैं ,जब जांच एजेंसी आपके सामने तथ्य रखते हैं तब उस स्क्रीनिंग का क्या हुआ था ? कोर्ट में दिखाते। हमारे कहने से रुकना होता तो जमानत ही नहीं होती। ये विषय तो न्यायालय का है हम और आप क्या करेंगे।"

# लड़की बहिन योजना को लेकर मंत्री अदिति ने दिया अहम अपडेट

## कहा- लाभार्थियों की जांच सतत प्रक्रिया



मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की मंत्री अदिति तटकरे ने शनिवार को कहा कि परिवहन और आयकर विभागों की मदद से मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की जांच की प्रक्रिया चल रही है। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि 4,500 महिलाओं ने इस योजना से बाहर निकलने के लिए आवेदन किया है। पिछले साल अगस्त में पूर्ववर्ती एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की उन महिलाओं को 1,500 रुपये मासिक भत्ता दिया जाता है जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम है। मंत्री ने कहा कि योजना के फर्जी लाभार्थियों के बारे में शिकायतें मिलने के बाद क्रॉस-सत्यापन किया जा रहा है। तटकरे ने कहा, कुछ लाभार्थियों की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से अधिक होने, कुछ के पास एक से अधिक निजी वाहन होने, सरकारी नौकरी में कार्यरत होने और शादी के बाद दूसरे राज्यों में चले जाने की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि क्रॉस-सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है और जारी रहेगी। मंत्री ने कहा कि योजना से बाहर निकलने के लिए 4,500 महिलाओं ने आवेदन किया है। पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई लड़की बहिन योजना ने सत्तारूढ़ महायुति की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। लड़की बहिन योजना के 2.43 करोड़ से ज्यादा लाभार्थी हैं, जिससे हर महीने राज्य के खजाने पर करीब 3700 करोड़ रुपये का बोझ पड़ रहा है।

# राम मंदिर आंदोलन पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे जस्टिस यादव



प्रयागराज, 18 जनवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव महाकुंभ मेला में आयोजित की जाने वाली संगोष्ठी में शामिल नहीं होंगे। आयोजक की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। दरअसल, जस्टिस शेखर यादव ने विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में एक भाषण दिया था। बाद में ये भाषण काफी विवादों के घेरे में रहा।

हालांकि, सीएम योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए इनके बयान का समर्थन किया था। पिछले साल दिसंबर के महीने में उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में भाषण दिया, जिसके बाद उनपर तमाम तरह के आरोप लगाए गए। अब महाकुंभ 2025 में 22 जनवरी को एक संगोष्ठी के आयोजन में मुख्य भाषण देना था, इसके लिए उन्हें बुलाया गया था लेकिन, अब वह इसमें भाग नहीं लेंगे।

**क्या बताया कारण?**

आयोजकों ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि जस्टिस यादव ने 22 जनवरी के दिन को एक जरूरी काम होने की बात कही है। इस कारण से वो राष्ट्रीय संगोष्ठी राम मंदिर आंदोलन और गोरक्षपीठ के सेमिनार में शामिल नहीं हो पाएंगे। इस संगोष्ठी के संयोजक शशि प्रकाश सिंह ने बताया कि आयोजन समिति के कुछ सदस्यों ने पहले जस्टिस यादव के इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति ली थी। लेकिन अब इस दिन उनका अहम कार्य दिवस पर है इसलिए वो कुंभ मेला क्षेत्र में नहीं जा पाएंगे। इसके बारे में उन्होंने संगोष्ठी के आयोजकों को सूचना दे दी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ के अवसर पर यह संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक अशोक बेरी और विहिप के वरिष्ठ नेता बड़े दिनेश सिंह संगोष्ठी को संबोधित करेंगे। उन्होंने बयान में कहा था कि समान नागरिक संहिता का मुख्य उद्देश्य सामाजिक सद्भाव, लैंगिक समानता और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है।

अगले दिन, जस्टिट के संबोधन के वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुए, जिस पर कई हलकों से तीखी प्रतिक्रिया हुई और विपक्षी नेताओं ने उनके कथित बयान पर सवाल उठाए और इसे घृणा भाषण करार दिया।

# सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली फैक्ट्रियों को तगड़ा झटका! देना पड़ेगा 500 करोड़ तक जुर्माना



चंडीगढ़, 18 जनवरी (एजेंसियां)। हरियाणा में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। इस पर सख्ती दिखाते हुए प्रदेश सरकार ने अब सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादकों और विनिर्माताओं से लेकर नगर निगम, परिषद, पालिकाओं और पंचायतों की जवाबदेही तय करते हुए मोटा जुर्माना वसूलने की तैयारी कर ली है। स्थानीय निकायों को आबादी के अनुसार पर्यावरण क्षतिपूर्ति में जहां सालाना 1000 करोड़ रुपये तक देने पड़ सकते हैं, वहीं सिंगल यूज प्लास्टिक बनाने वाली फैक्टरियों को 500 करोड़ रुपये तक जुर्माना देना पड़ेगा। ग्राम पंचायतों को भी पर्यावरण क्षतिपूर्ति के तहत 50 हजार रुपये तक देने होंगे। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। इतना ही नहीं, जिला परिषदों के सीईओ, सामाजिक शिक्षा तथा पंचायत अधिकारी तथा पंचायती राज विभाग के एक्सईएन, एसडीओ और जेई को भी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार दिया गया है। फैक्टरियों में 30 सितंबर 2021 तक अप्रयुक्त या पुनः चक्रित प्लास्टिक से बने कैरी बैग 75 माइक्रोन तथा 31 दिसंबर 2022 के बाद से 120 माइक्रोन से कम मोटाई के नहीं होंगे। गैर बुना हुआ प्लास्टिक कैरी बैग 60 ग्राम प्रति वर्ग मीटर से कम नहीं होगा। आदेशों के उल्लंघन पर सारे उत्पादन को जब्त कर फैक्टरी को बंद कर दिया जाएगा। संशोधित नियमों के अनुसार गुटका, तंबाकू तथा पान मसाला के भंडारण, पैकिंग या बिक्री के लिए प्लास्टिक के सैशे का उपयोग मिलने पर न केवल फैक्टरी पर ताला जड़ दिया जाएगा, बल्कि पहले उल्लंघन पर पांच हजार रुपये प्रति टन, दूसरी बार 10 हजार रुपये प्रति टन और तीसरी बार उल्लंघन पर 20 हजार रुपये टन जुर्माना वसूला जाएगा।

## काला-जादू के शक में बुजुर्ग से अमानवीयता, जबरन पिलाई पेशाब

अमरावती, 18 जनवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के अमरावती जिले के एक गांव में बुजुर्ग महिला के साथ मारपीट किए जाने और पेशान पीने के लिए मजबूर किए जाने का मामला आया है। काला जादू करने के संदेह में 77 वर्षीय महिला को ना केवल मारा-पीटा गया बल्कि लोहे छड़ से भी जलाया गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह घटना 30 दिसंबर को हुई है। लेकिन इसकी शिकायत जनवरी की शुरुआत में मिली है। पीड़ित महिला के बेटे और बहू ने शुक्रवार को कार्रवाई की मांग करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से संपर्क किया था। बुजुर्ग महिला चिखालदारा तालुका के रेतयाखेड़ा गांव में रहती है। जिला कलेक्टर और एसपी के नाम चिट्ठी में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि महिला 30 दिसंबर को अपने घर पर अकेली थी जब पड़ोसी उन्हें पकड़कर ले गए। उनपर काल जादू करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने फिर बुजुर्ग महिला की डंडे से पिटाई की और फिर थप्पड़ भी मारे। इतना ही नहीं उनके पैरों और हाथ को लोहे की रॉड से चलाया। शिकायत के मुताबिक महिला को जबरन पेशाब पिलाई और कुत्ते का मलमूत्र खिलाया।

इतना ही नहीं गले में चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। महिला के बेटे और बहू काम के सिलसिले में बाहर थे। उन्हें 5 जनवरी को घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उधर, अमरावती के एसपी विशाल आनंद ने कहा कि यह गंभीर मामला है। पीड़िताओं ने हमसे शुक्रवार को बात की है। यह गांव जंगली इलाके में है। पुलिस अधिकारी को घटना की पुष्टि के लिए भेजा गया है। उसी के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात की भी पुष्टि की जाएगी कि संबंधित पुलिस थाने ने मामले को छुपाने का प्रयास तो नहीं किया जहां सबसे पहले शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## जिलाध्यक्ष के लिए मंत्री और विधायक लगा रहे जोर सीएम के प्रभार वाले इंदौर में जमकर रस्साकशी

इंदौर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बीजेपी में संगठन की ताकत इतनी ज्यादा है कि जिला अध्यक्ष पद पर अपने समर्थक को काबिज कराने के लिए विधायक से लेकर मंत्री तक अपना जोर लगाते हैं। ऐसा ही कुछ इंदौर सहित मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में देखने को मिल रहा है। जहां पर दिग्गज नेताओं के अड़ जाने की वजह से अभी तक जिला अध्यक्षों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। हालांकि पार्टी इस मामले में कुछ और ही सफाई दे रही है।

मध्य प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी इंदौर हमेशा से मध्य प्रदेश की राजनीति को लेकर भी सुर्खियां बटोरती है। इस बार इंदौर का प्रभाव मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पास है। यही वजह है कि यहां पर शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने की दौड़ में कई दिग्गज नेता शामिल हो गए हैं।

शायद इसी के चलते अभी तक इंदौर में शहर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पा रही है। इंदौर हमेशा से राजनीति के क्षेत्र में भी अपने अलग पहचान रखता है।

# कर्नाटक: बीजेपी ने सीएम सिद्धारमैया पर साधा निशाना

## कहा- ईडी की कार्रवाई मुडा घोटाले में हमारी जीत



बंगलूरू, 18 जनवरी (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ मुडा घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। अब इस मामले पर कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष राज्य भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने इस कार्रवाई को बड़ी जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि ईडी की जांच ने मुख्यमंत्री से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार को उजागर किया है। भाजपा ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से तत्काल पद छोड़ने की मांग की। सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजयेंद्र ने कहा, मुडा घोटाले के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी जीत! ईडी की जांच ने सीएम सिद्धारमैया से जुड़े महत्वपूर्ण भ्रष्टाचार को उजागर किया है। जिन्होंने कथित तौर पर अपनी पत्नी के नाम पर अवैध रूप से साइटों को आवंटित करने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। बेनामी और प्रभावशाली व्यक्तियों के डमी को साइटों का आवंटन प्रणालीगत भ्रष्टाचार को उजागर करता है। विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि ईडी की जांच ने सिद्धरमैया से जुड़े महत्वपूर्ण भ्रष्टाचार को उजागर किया है, जिन्होंने कथित तौर पर पत्नी के नाम पर अवैध रूप से भूखंड आवंटित करने के लिए अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। प्रदेश भाजपा प्रमुख ने कहा कि जब राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी, तो "कांग्रेस ने राज्यपाल के संवैधानिक अधिकार का अपमान करने और उसे कमजोर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी राज्यपाल के फैसले को बरकरार रखा था और इस बात पर जोर दिया था कि मुख्यमंत्री के परिवार के खिलाफ आरोपों की गहन जांच की जरूरत है।

कर्नाटक भाजपा प्रमुख ने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा और जेडीएस ने सीएम और उनके समर्थकों द्वारा सत्ता के इस दुरुपयोग के खिलाफ विधानसभा के अंदर और बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन किया है। ईडी की कार्रवाई न केवल भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लगातार लड़ाई को मान्यता दी है, बल्कि यह भी साबित किया कि इसमें जो दिख रहा है, उससे कहीं अधिक है। अगर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया अपने कार्यालय की शुचिता को महत्व देते हैं, तो उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए और निष्पक्ष जांच की अनुमति देनी चाहिए। कर्नाटक के लोग पारदर्शिता, जवाबदेही और न्याय के हकदार हैं।

## बीजेपी ने शेयर की अपने 6 उम्मीदवारों की क्राइम कुंडली, किन धाराओं में दर्ज हैं केस

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली बीजेपी ने आगामी विधानसभा चुनाव-2025 के लिए अपने 6 उम्मीदवारों का आपराधिक इतिहास एक्स पोस्ट पर सभी सभी से साझा किया है। फॉर्मेट के अनुसार कोई भी पार्टी जो किसी ऐसे उम्मीदवार को नामांकित करती है, जिसके खिलाफ कोई मामला लंबित है या जो पहले से दोषी हैं तो उसे चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पब्लिक में इसकी जानकारी देनी होती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी अपने आधिकारिक हैंडल से इसे ट्वीट भी कर रही है। ताकि बीजेपी अपने इस कदम से पार्टी की छवि को पब्लिक के सामने पारदर्शी दिखा सके। हालांकि, इसे देखने और समझने का सबका नजरिया अपना-अपना हो सकता है। सवाल है कि क्या इन 6 उम्मीदवारों के अलावा और कोई उम्मीदवार बीजेपी में नहीं हैं, जिनके खिलाफ क्रिमिनल रिकॉर्ड की जानकारी ईसी को दी गई हो? इसके जवाब में ऑफ रिकॉर्ड बताया गया है कि ऐसे उम्मीदवारों को लेकर आगे भी ट्वीट किया जाएगा। बीजेपी ने एक्स पोस्ट पर तीन थ्रेड में ये सूचना सभी से साझा की है। संगम विहार से उम्मीदवार चंदन कुमार चौधरी के क्रिमिनल रिकॉर्ड के बारे में बताया है कि अवैध निर्माण, एससी-एसटी एक्ट के तहत जातिसूचक शब्द इस्तेमाल करने और आपराधिक धमकी देने को लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज है। लक्ष्मी नगर से उम्मीदवार अभय कुमार वर्मा के क्रिमिनल रिकॉर्ड का खुलासा करते हुए पार्टी ने बताया है कि पुलिस स्टेशन शकरपुर में आपराधिक धमकी देने के खिलाफ एफआईआर दर्ज है।

सुविचार: काम महाशत्रु है, इस पर जीत पाने से जगतजीत बनेंगे

# बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास : विजयलक्ष्मी

## खाली जगह पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने का आदेश



हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मेयर गद्वाल विजयलक्ष्मी ने कहा कि शहर में बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। शनिवार को मेयर गद्वाल विजयलक्ष्मी ने वेंकटेश्वर कॉलोनी डिवीजन में खैरताबाद विधायक दानम नागेंद्र के साथ पार्षद कल्पना रेड्डी और मोहम्मद राशिद के साथ वेंकटेश्वर नगर कॉलोनी और शेखपेट डिवीजन में कई कॉलोनियों का दौरा किया। इस अवसर पर मेयर सिंगीदी ने कुंटा क्षेत्र में टीआरएस भवन से बंजारा झील तक 2.5 किमी नहर पर 30 करोड़ की अनुमानित लागत से किए गए बॉक्स ड्रेन कार्यों का निरीक्षण किया।

मेयर ने जलकल विभाग के अधिकारियों को ड्रेनेज कैनाल कार्य के साथ-साथ पेयजल पाइपलाइन के निर्माण के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। नाली का काम पूरा होने के बाद पानी की पाइप लाइन के लिए दोबारा खुदाई न हो इसका ध्यान रखना होगा। उन्होंने लोगों से इन कार्यों में सहयोग करने का आग्रह किया। बॉक्स ड्रेन के निर्माण में सड़क की कमी को देखते हुए यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया कि कॉलोनी के निवासियों को निर्माण के दौरान किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। विधायक दानम नागेंद्र ने कॉलोनी के लोगों से कहा कि वे चिंता न करें, किसी के घर को नहीं छुआ जाएगा. इसी वार्ड के प्रताप नगर में प्रस्तावित बहुउद्देश्यीय समारोह भवन के निर्माण हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। विधायक दानम नागेंद्र ने कहा कि मेयर, वे और अधिकारी एक बार फिर क्षेत्र का दौरा करेंगे और निर्णय लेंगे। इसी कॉलोनी में पानी की पाइप लाइन के मामले में आंतरिक सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिस पर कॉलोनी वासियों ने सीसी सड़कें डलवाने का अनुरोध किया है। इस मौके पर मन्ने कविता रेड्डी ने कहा, नगरसेवक ने बताया कि निधि अनुदान के मद्देनजर विधायक अगले सोमवार को शिलान्यास करेंगे। प्रताप नगर कॉलोनी में खाली जगह पर कूड़े के साथ दोपहिया वाहन फेंके जाने पर एएम एंड एचओ ने तुरंत कूड़ा हटाकर फोटो लगाने के आदेश दिए हैं। मेयर ने गंदगी फैलाने से रोकने के लिए कार्रवाई करने और खाली जगह पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। वहां से उन्होंने शेखपेट डिवीजन में कॉरपोरेटर मुहम्मद राशिद के साथ कई कॉलोनियों का दौरा किया और अधिकारियों को वहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। महापौर को समझाने के बाद कि पारा माउंट कॉलोनी में बालकपुर नाला की ऊंचाई कम होने से क्षेत्र में लोगों को परेशानी हो रही है, बालकपुर नाला ऊंचाई से कम होने के कारण जल धारण संरचना का निर्माण कराया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीसी रोड निर्माण में दिक्कत आ रही है तो जल्द ही प्रस्ताव तैयार करें। वहां से उन्होंने आदित्य नगर रोड और राहुल कॉलोनी का दौरा किया और कहा कि बरसाती नाले में ऊपर से गंदा पानी आने के कारण निचले इलाकों में जमा सीवरेज के पानी से लोगों को परेशानी हो रही है। इस मौके पर मेयर गदवाल विजयालक्ष्मी ने कहा कि लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की मंशा से स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ मैदानी स्तर पर दौरा किया और लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने की दिशा में कदम उठाया। मेयर ने कहा कि शहर के सभी प्रभागों का दौरा करने की योजना तैयार की गई है, पहले वह स्थायी समिति के सदस्यों के वार्डों का दौरा करेंगे और फिर सभी वार्डों का दौरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

उन स्थानों की पहचान करने की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में जहां सबसे अधिक कचरा डंप किया जाता है और कचरे को दोबारा वहां डंप करने से रोका जाता है, जीएचएमसी ने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए निर्दिष्ट स्थानों पर कूड़ेदान स्थापित करने के लिए कदम उठाए हैं और जब कूड़ादान भर जाता है, तो कूड़ेदान को हटा दिया जाता है। स्वचालित रूप से शोर से भर जाता है, और जानकारी नियंत्रण कक्ष तक पहुंच जाती है। वहां से गाड़ी पूरे कूड़ेदान तक आती है और मशीन मानव रहित तरीके से कूड़ेदान से कूड़ा निकाल देती है। जीएचएमसी कचरा मुक्त समाज के लिए प्रयासरत है। मेयर ने बताया कि ये उपाय पूरे शहर में किये जायेंगे। इसी तरह मशीनों द्वारा फेंके गए कूड़े को भी हटाने के लिए कदम उठाए गए।

# सीएम ने प्रवासी समुदाय की सभा में भाग लिया



सिंगापुर/हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सिंगापुर के तेलंगाना सांस्कृतिक संघ के प्रवासी समुदाय की सभा में भाग लिया और उसे संबोधित किया। विधायी मामले, आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू, वरिष्ठ नेता और विधायक पोच्चाराम श्रीनिवास रेड्डी, विधायक के. जयवीर रेड्डी, हैदराबाद शहर कांग्रेस प्रमुख डॉ.सी. रोहिन रेड्डी ने भी भाग लिया।

# सिंगापुर के मंत्री का तेलंगाना के साथ मिलकर काम करने का वादा

## > मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के मंत्री से मुलाकात की



सिंगापुर/हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना राइजिंग के प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की संधारणीयता और पर्यावरण मंत्री तथा व्यापार प्रभारी मंत्री सुश्री ग्रेस फू है यियन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने कई क्षेत्रों में साझेदारी के लिए व्यापक चर्चा की। आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू और अधिकारियों सहित प्रतिनिधिमंडल ने शहरी नियोजन और बुनियादी ढांचे, जल प्रबंधन, कौशल विकास, खेल, सेमी-कंडक्टर, विनिर्माण, पर्यावरण और संधारणीयता विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में तेलंगाना में बेजोड़ निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया।

मंत्री सुश्री ग्रेस फू है यियन ने जोश के साथ मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को आश्वासन दिया कि सिंगापुर तेलंगाना राइजिंग के लक्ष्यों को वास्तविकता और सफलता बनाने में तेलंगाना के साथ भागीदारी करने के उनके निमंत्रण पर विचार करेगा। वह विशेष रूप से नेट जीरो फ्यूचर सिटी, रिवर मूसी कायाकल्प परियोजना, जल प्रबंधन और तेलंगाना की स्थिरता योजनाओं के बारे में उत्सुक थीं। दोनों पक्षों ने मिलकर काम करने पर सहमति जताई, जिसमें संयुक्त परियोजनाओं की खोज के लिए विशेष टीमों की पहचान करना, भारत के सबसे युवा राज्य के लिए सिंगापुर से सीख को व्यवस्थित रूप से साझा करना और संयुक्त परियोजनाओं में तेजी से प्रगति और जमीनी स्तर पर प्रभाव डालना शामिल है।

# कांग्रेस के उम्मीदवारों ने टिकट के लिए तेज कर दी लॉबिंग

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के लिए विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव तेजी से नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस में टिकट के लिए इच्छुक उम्मीदवार हाईकमान के समक्ष अपनी पैरवी तेज कर रहे हैं। इसमें मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए टिकट भी शामिल है। वर्तमान में विधान परिषद में इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व एमएलसी टी जीवन रेड्डी कर रहे हैं। हालांकि, कई उम्मीदवार राज्य नेतृत्व को प्रभावित करने और निर्वाचन क्षेत्र से टिकट सुरक्षित करने के लिए अपने प्रयासों को तेज कर रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पार्टी जीवन रेड्डी को उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारेगी या नहीं। हालांकि, कुछ वरिष्ठ नेताओं ने जीवन रेड्डी की उम्मीदवारी का समर्थन किया है, लेकिन उम्मीदवारों की लॉबिंग को देखते हुए पार्टी की राय अलग है। ऐसा माना जा रहा है कि शिक्षाविद् नरेन्द्र रेड्डी, रमण रेड्डी, वेलिचला राजेन्द्र और प्रवीण रेड्डी अपने-अपने माध्यमों से इस निर्वाचन क्षेत्र से टिकट के लिए हाईकमान से जोरदार पैरवी कर रहे हैं। इन सभी कारकों पर विचार करते हुए, यह देखना होगा कि क्या राज्य नेतृत्व जीवन रेड्डी की उम्मीदवारी पर विचार करेगा या निर्वाचन क्षेत्र से अन्य लोगों को नामांकित करेगा। वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक और मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक क्षेत्रों सहित अन्य दो निर्वाचन क्षेत्रों के लिए, कांग्रेस में चर्चा है कि गठबंधन के हिस्से के रूप में उन्हें वाम दलों को पेश किया जा सकता है।

## एसीबी के समक्ष पेश हुए रेसिंग इवेंट के प्रायोजक ग्रीनको के एमडी

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रीनको समूह के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार चालमालासेट्टी फार्मूला ई रेस मामले में कथित प्रक्रियात्मक खामियों की चल रही जांच के सिलसिले में शनिवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। एसीबी ने दो दिन पहले अनिल कुमार को समन जारी कर जांच के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। ग्रीनको ग्रुप की सहायक कंपनी ऐस नेक्स्ट जेन प्राइवेट लिमिटेड फरवरी 2023 में आयोजित रेसिंग इवेंट की प्रायोजक थी। एसीबी अधिकारी फार्मूला ई रेस मामले से जुड़े लेनदेन और राज्य सरकार से विभिन्न कंपनियों को राशि के हस्तांतरण की जांच कर रहे हैं।

# बैंकों को सुरक्षा को मजबूत करना चाहिए : सुधीर बाबू

## सीपी ने बैंकों के मुख्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। सीपी सुधीर बाबू ने कहा कि सीसीटीवी कैमरों और अन्य आधुनिक तकनीक की मदद से बैंक डकैती और चोरी को रोका जा सकता है। रायपर्ती, बीदर और मैंगलोर में बैंक डकैती की हाल की घटनाओं को देखते हुए, उन्होंने राचकोंडा आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले सभी बैंकों के मुख्य अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के साथ आज नेरडमेट में राचकोंडा आयुक्तालय कार्यालय में समन्वय बैठक की। यह बैठक राचकोंडा आयुक्तालय में बैंकों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने और बैंकों में जनता का विश्वास जगाने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपराध-विरोधी उपायों के हिस्से के रूप में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए, आयुक्त सुधीर बाबू ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र समाज के अस्तित्व और विभिन्न व्यावसायिक और वाणिज्यिक गतिविधियों की प्रगति के लिए एक स्तंभ है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी मेहनत की कमाई को बड़े विश्वास के साथ बैंक में रखते हैं और व्यवसाय और अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों के माध्यम से अपने विकास के लिए बैंकों पर निर्भर रहते हैं। सीपी ने कहा कि राचकोंडा पुलिस द्वारा दैनिक गश्ती ड्यूटी के तहत बैंकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि ऐसे बैंकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जा सके। सीपी ने कहा कि रायपर्ती, बीदर और मैंगलोर में हाल ही में हुई बैंक डकैती की घटनाओं ने बैंक सुरक्षा की कमजोरियों, बैंकों द्वारा अपनाई गई पुरानी और दोषपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था को उजागर किया है। आयुक्त ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा अपने स्वयं के गश्ती कर्तव्यों के अलावा उचित सुरक्षा उपाय किए जाने के बावजूद बैंकों की पुरानी सुरक्षा उपायों के कारण बैंक डकैती जैसे कुछ अपराध दोहराए जा रहे हैं। सीपी ने कहा कि हाल की घटनाओं के मद्देनजर, उनके अधिकारियों ने राचकोंडा आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के तहत 489 बैंकों का निरीक्षण किया और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। आयुक्त ने बैंकों के प्रतिनिधियों के ध्यान में लाया कि खराब गुणवत्ता वाले बैंक भवन, कमजोर सुरक्षा व्यवस्था और लॉकिंग सिस्टम, सतर्कता की कमी या सुरक्षा गार्डों की भर्ती न होना, पुरानी अलार्म प्रणाली, सीसीटीवी की अनुपस्थिति, डेटा फुटेज का केवल एक ही बैकअप है, जिन्हें पहचाना गया है और कार्रवाई की गई है।

# दुर्घटना में 2 लोगों की मौत

सूर्यापेट, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहर के बाहरी इलाके में एसवी कॉलेज के पास शनिवार की सुबह एक बस के उसी दिशा में जा रही एक अन्य बस से टकरा जाने से दो बस यात्रियों की मौत हो गई। दुर्घटना का सटीक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन संदेह है कि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई होगी।

इस कारण और तेज गति से वाहन चलाने के कारण दुर्घटना हुई होगी। यहां प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, दोनों बसें गुंटूर से हैदराबाद जा रही थीं। जैसे ही बस ने दूसरी बस को टक्कर मारी, बस में मौजूद क्लीनर बस से गिर गया और पहियों के नीचे आ गया, जिससे उसकी तुरंत मौत हो गई। दुखद बात यह है कि एक अन्य यात्री को दिल का दौरा पड़ा और उसकी मौत हो गई।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: WAT-TRD-90-24-25DT100125, दिनांक: 10.01.2025

कार्य का नाम: एमएस यूएआईएल द्वारा टिकिरी यार्ड में एल1 और एल1 के विद्युतीकरण के लिए टीआरडी कार्य।

विज्ञापित मूल्य: ₹1,16,52,857/-

ईएमडी: ₹2,08,300/-, पूर्णता अवधि: 6 (छह) माह

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 03.02.2025 को 1500 बजे

निविदा दस्तावेज पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) वाल्टियर

PR-891/P/24-25

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Harsh Pradeep Ailani S/o. Late Pradeep Kumar Ailani R/o. H.No. 1-2-38, Domalguda, Badamgalli, Hyd. Changed My Name As **HARSH AILANI.**

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**आठवीं पुण्यतिथि**



: स्वर्गवास : 19.01.2017

**स्व.श्री मांगीलालजी हाम्बड़**

(पूर्व उपाध्यक्ष: सीरवी समाज करमनघाट)


:सुपुत्र: स्व. श्री फुसारामजी (बांता रघुनाथगढ़)

छाया मिले आपकी हरदम, सिर पर आपका हाथ हो।
जीवन के हर मोड़ पर, सदा आपका आशीर्वाद हो ।।

: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : खेताराम, बुधाराम (भाई), मांगीदेवी (धर्मपत्नी), अशोक, नरेश, प्रवीण (पुत्र), हन्जाबाई-आदारामजी (बहन-बहनोई), नथाराम, अमराराम, लालाराम, गणेश, दिनेश, अशोक (भतीजे)
एवं समस्त हाम्बड़ परिवार

फर्म
* महालक्ष्मी ट्रेडर्स * पुजा ईलेक्ट्रीकल-हस्तीनापुरम
* महालक्ष्मी ईलेक्ट्रीकल-सनतनगर
9704629980, 8790776272, 9246873849, 9704629975

P.Solankey



# पहले कपड़े पहनती थीं

## महिलाओं को लेकर फिसली नीतीश कुमार की जुबान



बेगूसराय, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तीसरे चरण की प्रगति यात्रा पर आज बेगूसराय पहुंचे हैं. यहां उन्होंने जनता से बातचीत की. इसी दौरान उन्होंने महिलाओं को लेकर कुछ ऐसा बोल दिया, जिसके बाद एक बार फिर विवाद छिड़ गया है।

जीविका दीदियों से बातचीत के दौरान उन्होंने पूछा कि पहले लड़कियां कपड़ा पहनती थी जी? अब कितना बढ़िया हो गया है. सब कितना अच्छा पहन रही हैं और बोलती है कितना बढ़िया हैं. पहले यह बात नहीं बोल पाती थी. अब बहुत अच्छा हो गया है. अब कितना अच्छा लग रहा है. जब महिलाएं बढ़िया कपड़ा पहनकर कार्यक्रम में उपस्थित हो रही हैं।

नीतीश के इस बयान को लेकर अब कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. लोग नीतीश के इस बयान पर सवाल भी खड़े कर रहे हैं. लोगों की माने तो एक मुख्यमंत्री को इस तरह के बयान नहीं देना चाहिए. पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए अपनी बात रखनी चाहिए. जिससे किसी भी भावनाएं आहत न हों. अब देखना है कि नीतीश अपने इस बयान का काउंटर कैसे करते हैं।

नीतीश कुमार के इस बयान के बाद से ही राजनीति तेज हो चली है. राजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने बिहार के मुख्यमंत्री के इस बयान पर हमला बोला है. मृत्युंजय तिवारी नीतीश के बयान को हास्यास्पद बताया है। नीतीश जी जब से बीजेपी के साथ गए है गड़बड़ा गए हैं।

नीतीश की इस यात्रा को लेकर लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि नीतीश कुमार यात्रा पर नहीं, बल्कि 'आंख सेंकने' जा रहे हैं।

# एसबीआई बैंक में लूट की कोशिश

## हमले में मैनेजर और कैशियर समेत तीन लोग घायल



कानपुर, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां तारा स्थित एसबीआई बैंक की शाखा में शनिवार सुबह एक असलहाधारी हमलवार लूट के इरादे से घुस गया। गार्ड ने रोका तो झड़प हो गई। वहीं, आरोपित को पकड़ने पहुंचे बैंक मैनेजर, कैशियर और गार्ड चाकू लगने से घायल हो गए। फिर भी तीनों ने आरोपित को दबोच लिया।

घायल मैनेजर और कैशियर को कानपुर रेफर किया गया है। बैंक मैनेजर वीरेंद्र ने बताया कि रोज की तरह सुबह बैंक खुली हुई थी। बैंक में उनके साथ कैशियर प्राणनाथ शुक्ला, एसोसिएट सपना कुमारी, सिक्युरिटी गार्ड सुनील कुमार मौजूद थे। इसी दौरान बैंक में एक युवक हाथ में तमंचा और चाकू लेकर घुसा। गार्ड ने तमंचा देखा तो उसे पकड़ लिया। इस दौरान आरोपित युवक हाथपाई करने लगा। यह देखकर बैंक मैनेजर वीरेंद्र और कैशियर प्राणनाथ शुक्ला लुटेरे को दबोचने पहुंचे। लुटेरे ने चाकू से बैंक मैनेजर और कैशियर पर हमला बोल दिया। चाकू लगने से गार्ड, बैंक मैनेजर और कैश अफसर घायल हो गए। तीनों ने लुटेरे को पकड़कर रस्सी से बांधने के बाद फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सिक्योरिटी गार्ड को कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# गुड्डू मुस्लिम देश छोड़कर दुबई भागा

## कोलकाता एयरपोर्ट पर कैसे जवानों को चकमा दिया? अतीक अहमद का था खास गुर्गा

प्रयागराज, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। उमेश पाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी गुड्डू मुस्लिम के दुबई फरार होने की खबर सामने आ रही है. केंद्रीय पुलिस ने इसकी जानकारी यूपी पुलिस से शेयर की है. खबर है कि गुड्डू मुस्लिम नाम बदलकर दुबई फरार हुआ है. वह पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से हवाई जहाज द्वारा फरार होने में कामयाब हुआ है. गुड्डू मुस्लिम माफिया अतीक अहमद का खास साथी था. उसे बमबाज के नाम से जाना जाता था. प्रयागराज में हुई उमेश पाल की हत्या में गुड्डू मुस्लिम बम फेंकते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। गुड्डू मुस्लिम पर पांच लाख रुपये का इनाम है. खबर है कि वह देश छोड़कर फरार हो गया है. 2023 में उमेश पाल हत्या कांड को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुड्डु मुस्लिम की तलाश थी. उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के बेटे असद का एनकाउंटर किया था. वहीं, अतीक अहमद और



उसके भाई अशरफ की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई थी. पुलिस गुड्डू मुस्लिम और अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता की तलाश में जुटी है. दोनों ही पुलिस के हत्थे नहीं लगे हैं. अब गुड्डू मुस्लिम के फरार होने की खबर से पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं।

### फर्जी पासपोर्ट से पहुंचा दुबई

जानकारी के मुताबिक, बमबाज गुड्डू मुस्लिम कोलकाता से नाम बदल कर फर्जी पासपोर्ट के सहारे दुबई फरार होने में कामयाब हुआ है. वह बीती 6 दिसंबर को कोलकाता एयरपोर्ट से एतिहाद एयरलाइंस की कोलकाता-दुबई फ्लाइट से गया है. उसने सैयद वसीमुद्दीन नाम के पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था. UP पुलिस UPSTF समेत कई जांच एजेंसियों को गुड्डू मुस्लिम की तलाश थी. वह एजेंसियों को पिछले दो साल से चकमा देकर फरार चल रहा था।

# कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के खिलाफ यौन शोषण का मुकदमा दर्ज



## पीड़िता बोलीं- शादी का किया था वादा

सीतापुर, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। सीतापुर कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक पीड़िता ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने बताया कि सांसद राकेश राठौर पिछले 4 वर्षों से शादी का झांसा व राजनैतिक कैरियर की सहायता देने के आश्वासन के नाम पर पीड़िता का यौन शोषण कर रहा था। पीड़िता ने पुलिस को कॉल रिकार्डिंग भी उपलब्ध करायी है। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी द्वारा पीड़िता को लगातार धमकियां भी दी जा रही हैं।

प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली नगर, सीतापुर में अभियोग संख्याः 16/2025 कायम किया गया। यह केस बीएनएस धारा 64 (आई०पी०सी० धारा 376), बी०एन०एस० 351 (3), बी०एन०एस० 127 (2) के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया है।पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में अभी तक इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई व पीड़िता का मेडिकल और न्यायाधीश के समक्ष धारा 183 बी ० ए न ० ए स ० ए स ० (सी०आर०पी०सी० धारा 164) के अन्तर्गत बयान दर्ज किया गया है। कोर्ट के कलमबंद बयान में पीड़िता ने घटना की पुष्टि की है। शहर कोतवाल अनूप शुक्ल ने बताया कि अन्य साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण की जाएगी। पुलिस द्वारा पीड़िता को उचित सुरक्षा भी उपलब्ध करायी गयी है। इस मामले में सांसद से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल वह किसी का फोन नहीं उठा रहे हैं।

महिला ने आरोप लगाया है कि उनकी मुलाकात 2018 में तत्कालिक विधायक मोहल्ला लोहारबाग निवासी राकेश राठौर से हुई थी। मुलाकात के दौरान राकेश राठौर ने अपने संरक्षण में राजनैतिक भागीदारी व राजनैतिक सहभागिता का प्रस्ताव पीड़िता के सामने रखा था। पीड़िता ने आरोपी का प्रस्ताव व संरक्षण स्वीकार कर राजनैतिक क्रिया-कलापों में भाग लेना शुरू कर दिया। कुछ समय बाद सांसद ने पीड़िता को तैलिक महासंघ सीतापुर (जिसका सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष है) का महिला जिलाध्यक्ष बनाकर पीड़िता से काफी निकटता बढ़ा ली जिस कारण प्रार्थिनी विपक्षी पर अत्यधिक विश्वास करने लगी।

घटना मार्च वर्ष 2020 की दोपहर लगभग एक बजे आरोपी के बुलाने पर जब पीड़िता उसके घर गयी तो आरोपी ने पीड़िता को घर में बंद करके दुष्कर्म किया।

# 4 राज्यों में 11 कॉलेज: 300 छात्रों को बांटीं फर्जी डी फार्मा की डिग्रियां

## करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की कहानी

बरेली, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। उत्तर प्रदेश की बरेली पुलिस लगातार माफिया, अपराधी तथा जलसाजों पर कार्रवाई करती हुई दिखाई दे रही है। ऐसा ही एक नया मामला सामने आया है, जहां खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी ने तीन सो छात्रों को फर्जी डी फार्मा की डिग्री थमा थी और उनसे करोड़ों रुपए की वसूली की थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए छह लोगों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बरेली के थाना सीबीगंज क्षेत्र स्थित खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी गिरोह के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। सीबीगंज इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने गिरोहबंद अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें जाफरी उसका बेटा और मुख्य गुर्गा विजय शर्मा समेत गिरोह के छह आरोपी शामिल हैं। सभी आरोपी इन दिनों जिला कारागार में बंद हैं। ऐसे में पुलिस इन सभी की संपत्तियां भी सीज कर सकती है।

### 300 छात्रों को बांट थी फर्जी डिग्री

बता दे कि 300 से अधिक छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री बांट दी थी और उनसे करोड़ों रुपए की वसूली की थी। छात्राओं ने काफी लंबे समय तक धरना प्रदर्शन किया था। उसके बाद आरोपी शेर अली जाफरी उसके बेटे पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज किया था चार राज्यों में जाफरी के 11 कॉलेज संचालित हैं। बरेली मंडल के सभी जिलों में उसके कॉलेज हैं। उसने उत्तराखंड, दिल्ली और राजस्थान में भी कई संस्थान खोल रखे हैं।

यही स्थानीय शिक्षक कमीशन पर छात्रों का एडमिशन कराते थे। दूसरों को डिग्रियां बांटने वाला डॉ। विजय शर्मा खुद मुन्नाभाई है। वह आस्था कंसल्टेंसी के अलावा एचएल कंसल्टेंसी भी चलाता था।

# इश्क में दीवार बनी जाति! नहीं हो सकी गर्लफ्रेंड से शादी

## सदमे में आया बैंक मैनेजर, दे दी जान

पटना, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। बिहार के मुजफ्फरपुर में बैंक मैनेजर की सुसाइड से हड़कंप मच हुआ। गर्लफ्रेंड से मिली बेवफाई की कारण बैंक मैनेजर ने फांसी लगाकर जान दे दी।

दोनों की शादी तय हो चुकी थी। लेकिन ऐन वक्त पर लड़की पक्ष की ओर से रिश्ता तोड़ दिया गया, जिसके बाद बैंक मैनेजर डिप्रेशन का शिकार हो गया और घातक कदम उठा लिया। जानकरी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस को शव के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें आत्महत्या की वजह लड़की समेत 6 लोग बताए गए हैं। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने कटिहार जिले के बरसोई इलाके की एक युवती, उसके पिता, बहनोई समेत छह लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

इन सभी पर साजिश के तहत शादी तय करके तोड़ने व सुसाइड के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है।

# गवर्नर के ओएसडी के ड्राइवर का बेटा निकला मोबाइल स्नैचर

## राजभवन के सरकारी क्वार्टर में रहते हैं सभी आरोपी

पटना, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। राजधानी पटना में बढ़ती मोबाइल और चेन स्नैचिंग की घटनाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सचिवालय थाना पुलिस ने मोबाइल छिनैती करने वाले चार शातिर स्नैचरों को गिरफ्तार किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि पकड़े गए स्नैचरों में एक आरोपी गवर्नर के ओएसडी (विशेष कार्याधिकारी) के ड्राइवर का बेटा है। ये सभी आरोपी राजभवन के सरकारी क्वार्टर में रहते हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 27 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनमें एक एप्पल का महंगा फोन और 26 एंड्रॉइड फोन शामिल हैं। इसके अलावा, स्नैचिंग में इस्तेमाल होने वाली दो महंगी बाइक भी जब्त की गई हैं। सचिवालय एसडीपीओ-1 डॉ. अनु कुमारी ने बताया कि राजधानी में मोबाइल और चेन स्नैचिंग की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इसे रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान पुलिस को यह सफलता मिली।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे चोरी किए गए मोबाइल फोन को पटना के बाकरगंज इलाके में एक दुकानदार को बेचते थे। ये मोबाइल 1000 से 2000 रुपये की कीमत पर बाजार में बेचे जाते थे। पुलिस अब इस मोबाइल दुकानदार की तलाश में छापामारी कर रही है, लेकिन फिलहाल वह फरार है।

# बिश्नोई को सत्ता का संरक्षण

## सैफ पर हमले का मुद्दा संसद में उठाएंगे पप्पू यादव



पटना, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। बिहार के पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने फिल्म अभिनेता सैफ अली खां पर हुए हमले को लेकर काफी भड़क गए। उन्होंने कहा कि फिल्म अभिनेता सलमान खान की धमकी की बात हो या सैफ अली खान पर हुआ ये हमला, मैं इन सभी मामलों मामले को लेकर सदन में मैं आवाज उठाऊंगा।

पप्पू यादव ने कहा कि लारेंस बिश्नोई को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है। न्यायालय को इस मामले में शोकॉज नोटिस लेना चाहिए। सरकार की बड़ी ताकत और एक सिस्टम, ऐसे माफिया को खूब ताकत दे रही है। समाज में नफरत पैदा करने के लिए ऐसे लोगों की अगुवाई में राजनीतिक हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को कानून और संविधान का डर नहीं है, क्योंकि उन्हें कानून का संरक्षण मिल रहा है। ऐसे लोग संविधान और कानून के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोर्ट को नोटिस देना चाहिए कि ऐसे लोगों को गुजरात में क्यों रखा गया है? उन्होंने कहा कि फ़िल्म अभिनेता सैफ अली खान हो या सलमान खान हो या फिर वो चाहे सिद्धू मूसे वाला हो। संविधान और डेमोक्रेसी पर हमला है वाकई में बहुत ही गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि मैं निश्चिततौर पर इस मामले को सदन में उठाऊंगा।

# टिकट न मिलने से नाराज बीजेपी नेता को हार्ट अटैक

## मिल्कीपुर सपा प्रत्याशी देखने पहुंचे; एक दिन पहले मनाने घर गए थे योगी के दो मंत्री

अयोध्या, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। मिल्कीपुर विधानसभा सीट से भाजपा से टिकट के प्रबल दावेदार रहे जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी की तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार को वह विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान हार्ट अटैक आ गया। बेहोश होकर गिर गए। साथियों ने उन्हें कुमारगंज स्थित अस्पताल में भर्ती कराया।

डॉ. अनिल कुमार के मुताबिक, राधेश्याम त्यागी को माइनर अटैक पड़ा था। वह अब खतरे से बाहर हैं। इलाज के बाद शनिवार सुबह उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। भाजपा ने राधेश्याम त्यागी को टिकट न देकर नए चेहरे चंद्रभानु को उतार दिया। इसके बाद वह नाराज हो गए।



गुरुवार को चंद्रभानु के नामांकन पर योगी सरकार के 6 मंत्री गए, लेकिन राधेश्याम त्यागी नहीं पहुंचे। वोटिंग से पहले मिल्कीपुर में पार्टी में बगावत को देख गुरुवार रात ही योगी सरकार के दो मंत्री सूर्य प्रकाश शाही और स्वतंत्र देव राधेश्याम त्यागी के घर पहुंचे। कई घंटे बैठकर उन्हें मनाया। परिवार से बातचीत की। भविष्य में पार्टी में अच्छा पद मिलने का भरोसा दिलाया।

राधेश्याम त्यागी को देखने के लिए सपा सांसद अवधेश प्रसाद की बेटी और सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां भाजपा नेता से हालचाल पूछा। इसके कुछ देर बाद ही भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु चौधरी पहुंचे।

सपा प्रत्याशी के अस्पताल पहुंचने से भाजपा नेता टेंशन में आ गए। वजह है कि राधेश्याम त्यागी कोरी समाज से आते हैं। अयोध्या में इस समाज का वोट बैंक 18 हजार से ज्यादा हैं। शनिवार सुबह उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। वह घर आ गए। जहां उनका हालचाल जानने भाजपा नेता पहुंच रहे हैं।

# नीतीश पलटू चाचा तो घोलटू भतीजा हैं तेजस्वी: आनंद मोहन

## छपरा में बोले-अकलोल-बकलोल बेटों को सत्ता और राजनीतिक शक्ति के बल पर थोपना ही असली परिवारवाद

छपरा, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। छपरा में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद आनंद मोहन ने विपक्ष और राजद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर नीतीश कुमार को पलटू चाचा कहते हैं, तो आप खुद घोलटू भतीजा हैं, जो बार-बार सत्ता के लिए घुलटकर चले जाते हैं।



आगे आनंद मोहन ने कहा कि नीतीश कुमार तो राजद के यहां अर्जी देने नहीं गए हैं, बल्कि महागठबंधन के शीर्ष नेता ही उन्हें बुला रहे हैं। उन्होंने अखिलेश यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि वे उत्तर प्रदेश से पुकार लगा रहे हैं कि नीतीश कुमार समाजवादी हैं और उन्हें आना चाहिए।

चेतन आनंद की राज्यसभा सदस्यता समाप्त होने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि वे कोई व्यापारी नहीं हैं जो घाटा-मुनाफा देखकर राजनीति करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदन में ठाकुरों को टारगेट किया जा रहा था और चेतन आनंद का विरोध वाजिब था। परिवारवाद पर बोलते हुए आनंद मोहन ने कहा कि अकलोल-बकलोल बेटों को सत्ता और राजनीतिक शक्ति के बल पर थोपना ही असली परिवारवाद है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति लाठी, गोली, जेल और फांसी का सामना करते हुए आगे बढ़ता है और अपनी विरासत खुद बनाता है, वह परिवारवाद नहीं बल्कि संघर्षवाद है। उन्होंने यह भी कहा कि परिवारवाद, व्यक्तिवाद और तानाशाही लोकतंत्र के लिए अनुकूल नहीं हैं।

# प्रेम-प्रसंग से नाराज पिता ने बेटी को मार डाला

## मोतिहारी में मर्डर के बाद नहर में फेंका शव, शादीशुदा होने के बाद भी था अफेयर

मोतिहारी, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। मोतिहारी के कोटवा थाना क्षेत्र में एक और ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। जहां तिरहुत कनाल नहर के पास से 11 जनवरी को एक 20 वर्षीय युवती का शव मिला था। जिसकी पहचान रोशनी कुमारी के रूप में की गई थी। जांच के दौरान पता चला की उसकी हत्या कर शव को नहर किनारे फेंका गया था। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि उसकी हत्या उसके अपने ही माता-पिता ने की है। जांच में पता चला कि रोशनी का दूसरी जाति के एक युवक से प्रेम संबंध था।

शादीशुदा होने के बावजूद वह बार-बार अपने प्रेमी के साथ घर से भाग जाती थी। इससे नाराज होकर उसके माता-पिता और कुछ अन्य लोगों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को तिरहुत कनाल में फेंक दिया। पुलिस ने मृतका के पिता विनोद प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मां समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस के मुताबिक यह स्पष्ट रूप से ऑनर किलिंग का मामला है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अन्य साक्ष्य जुटाने में जुटी है और जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## यशी सिंह मामले पर हाईकोर्ट ने सीबीआई को दी तीन महीने की मोहलत

मुजफ्फरपुर,18 जनवरी ( एजेंसियां )। मुजफ्फरपुर जिले की बहुचर्चित यशी सिंह लापता मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। पटना हाईकोर्ट ने इस केस की सुनवाई के दौरान सीबीआई को जांच पूरी करने के लिए तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया है। हाईकोर्ट ने जांच एजेंसी को सख्त निर्देश दिया है कि वह जल्द से जल्द एमबीए की छात्रा यशी सिंह का पता लगाए और अदालत में प्रगति रिपोर्ट पेश करे। जानकारी के मुताबिक, मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र के बीबीगंज मोहल्ला निवासी यशी सिंह एमबीए की छात्रा थी। वह 12 दिसंबर 2022 को रहस्यमय तरीके से घर से लापता हो गई थी। परिजन और स्थानीय प्रशासन ने शुरुआती जांच की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर मामला सीआईडी को सौंपा गया। इसके बाद भी जब कोई ठोस नतीजा सामने नहीं आया, तो केस को सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया। पटना हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की एकलपीठ में हुई। सीबीआई ने सुनवाई के दौरान अपनी जांच की प्रगति को लेकर सीलबंद रिपोर्ट पेश की।

# बिहार की पशुपालन मंत्री रेणु देवी का भाई गिरफ्तार

## सरेंडर करने जा रहे थे बेतिया पुलिस ने रास्ते में दबोचा

बेतिया, 18 जनवरी ( एजेंसियां )। बिहार सरकार की पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की मंत्री रेणु देवी के भाई रवि कुमार उर्फ पिन्नू को पुलिस ने शनिवार की दोपहर एक बजे के आसपास गिरफ्तार कर लिया। रवि कुमार उर्फ पिन्नू को पुलिस लंबे समय से खोज रहे थे।

पुलिसिया दबाव के बाद वह सरेंडर करने के लिए पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में जा रहे थे। इससे पूर्व एसडीपीओ सदर विवेक दीप के नेतृत्व में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अभी पिन्नू को एसपी कार्यालय में ले जाया गया है। वहां एसपी डा शौर्य सुमन उससे पूछताछ कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि बीते 11 जनवरी की दिनदहाड़े मुफस्सिल थाने के महनागनी से पिस्टल के बल पर मजदूर शिवपूजन महतो का अपहरण कर बंधक बनाकर एक होटल में स्टांप पेपर पर निशाना बनाने के मामले में पुलिस उसे पिछले एक सप्ताह से







खोज रही थी। 17 जनवरी की शाम में पुलिस ने न्यायालय से पिन्नू के खिलाफ इश्तेहार लिया था। आज (शनिवार ) को पिन्नू के घर पर डुगडुगी बजाकर चस्पा किया जाना था। सुबह से ही पिन्नू के सरेंडर करने की चर्चा था। मामले में महनागनी निवासी पीड़ित मजदूर शिवपूजन महतो ने मुफस्सिल थाने में पिन्नू समेत तीन लोगों के खिलाफ 12 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# दिल्ली एनसीआर सहित उत्तर भारत यूपी-बिहार सहित अन्य राज्य ठंड की चपेट में



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में ठंड में अभी भी कोई कमी नहीं दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक दिल्ली-एनसीआर में कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं आने वाले दिनों में दिल्ली-एनसीआर के लोगों को बारिश का भी सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 21 और 22 जनवरी को एक बार फिर दिल्ली में बारिश होने की संभावना है।

बारिश की वजह से ठंड और अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि दिल्ली-एनसीआर के लोगों को ठंड से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इसके अलावा पूरे उत्तर भारत में तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है।

**यूपी में ठंडी हवाओं का प्रकोप**

वहीं यूपी की बात करें तो यहां भी ठंड से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। यूपी में अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश, घने कोहरे और ठंडी हवाओं का प्रभाव रहेगा। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तरी राज्यों में 21 जनवरी तक बादलों की आवाजाही और बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं लखनऊ स्थित अमौसी मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को यूपी में सबसे कम तापमान इटावा में रिकॉर्ड किया गया, जो 6.0 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सबसे ज्यादा तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस बांदा में रिकॉर्ड किया गया।

**बिहार में ठंड से राहत नहीं**

इसी तरह से बिहार में भी ठंड से लोगों का हाल बेहाल है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन में राज्य के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। राज्य के अधिकांश भागों में अगले तीन दिन तक कोल्ड डे की स्थिती बनी रह सकती है। इसके बाद राज्य के तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। यानी मौसम विभाग के अनुसार 19 जनवरी तक बिहार के अधिकांश हिस्सों में शीत दिवस यानी कोल्ड डे जैसी स्थिती बनी रह सकती है। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि 26 जनवरी से मौसम में सुधार होना शुरू हो सकता है।

**एमपी के कई जिलों में अलर्ट**

वहीं एमपी के अधिकांश शहरों में मौसम साफ होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक से दो दिनों तक प्रदेश के कई जिलों के तापमान में बदलाव देखने को मिल सकता है। साथ ही दिन और रात के तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के ग्वालियर, रीवा और उज्जैन संभाग के जिलों में बारिश और कोहरे की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने भोपाल, राजगढ़, टीकमगढ़, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, पन्ना, मैहर, सागर, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां, छतरपुर, निवाड़ी, शाजापुर, आगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, गुना और अशोकनगर जिलों में घने से मध्यम कोहरा और शीतल दिन का अलर्ट जारी किया है।

## ट्रक हादसे में तीन लोगों की जान बचाने में आईटीबीपी के जवान बने देवदूत

शिवपुरी, 18 जनवरी (एजेंसियां)। शिवपुरी में गुरुवार को लुधावली बाईपास के पास एक ट्रक मकान के पास पलट गया। इससे मकान में रहने वाली महिला सहित उनकी बेटी की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। इन लोगों को बचाने के लिए आईटीबीपी के जवान आगे आए। इन तीन जवानों ने तत्काल प्रभाव से पीड़ितों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया। इनकी मदद से मकान के मलवे में दबे तीन लोगों को निकाला गया और उनकी जान बच गई। दरअसल, जिस जगह ये हादसा हुआ, वहां से आईटीबीपी का केन्द्र नजदीक था। हादसे के बाद केन्द्र में सूचना दी गई। डीआईजी आईटीबीपी महेश कलावत दूरसंचार वाहिनी के निर्देशन पर भूपेंद्र सिंह गुसांई उप सेनानी/जीडी के नेतृत्व में एक टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया । आईटीबीपी के जवानों ने उप सेनानी भूपेंद्र सिंह गुसांई के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

## ख्याति अस्पताल स्कैम केस में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### सरकारी पैसा उठाने के लिए बेवजह लोगों की कर दी थी एंजियोप्लास्टी

अहमदाबाद, 18 जनवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत सरकारी पैसे के लिए लोगों की बेवजह एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी करने के मामले में ख्याति अस्पताल के अध्यक्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के निरीक्षक वीवी आल ने बताया कि 'ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल' के अध्यक्ष कार्तिक पटेल को शुक्रवार देर रात अहमदाबाद हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया है। उस वक्त वह दुबई से लौटा था। मालूम हो कि ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पिछले साल 11 नवंबर को सात लोगों की एंजियोप्लास्टी की गई थी, जिसके बाद उनमें से दो की मौत हो गई थी। घटना के अगले दिन वस्त्रपुर पुलिस ने तीन रिपोर्ट दर्ज की थीं। कार्तिक पटेल की गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने इस मामले में सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मार्केटिंग निदेशक भी शामिल हैं। बता दें कि, 'एंजियोप्लास्टी' हृदय में रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए अवरुद्ध या संकुचित कोरोनरी धमनियों को चौड़ा करने की एक प्रक्रिया है। जांच में यह बात सामने आई कि अस्पताल ने गांवों में मुफ्त जांच शिविर आयोजित किए और पीएमजेएवाई कार्डधारकों को एंजियोप्लास्टी करवाने के लिए कहा जबकि उन्हें इसकी कोई जरूरत नहीं थी।

जांच के अनुसार सरकारी मंजूरी मिलने के लिए इन लोगों को ''आपातकालीन'' श्रेणी में दिखाया गया। अस्पताल ने बाद में केंद्रीय योजना के तहत भुगतान का दावा किया। क्राइम ब्रांच ने अस्पताल की निदेशकों में से एक राजश्री कोठारी को पिछले साल के दिसंबर में उस वक्त गिरफ्तार किया था जब वह राजस्थान के कोटा से भीलवाड़ा जा रही थीं। पुलिस के अनुसार अस्पताल ने प्रथम दृष्टया पिछले साल पीएमजेएवाई के तहत 11 करोड़ रुपये प्राप्त किए थे।

## विदेश में दिलवाएंगे जॉब युवाओं को झांसा देकर जमशेदपुर में करोड़ों की ठगी, दिल्ली से ठग अरेस्ट




नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की टीम ने नौकरी का सपना दिखाकर भोले-भाले लोगों से करोड़ो रुपये ठगने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला झारखंड के जमशेदपुर जिले के साकची थाना इलाके का है, जहां हयात कंसल्टेंसी नाम से फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी चलाकर आरोपियों ने 1.5 से 2 करोड़ रुपये तक की ठगी की। पुलिस के मुताबिक 17 दिसंबर को साकची थाने में कई पीड़ितों ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ितों ने बताया कि हयात कंसल्टेंसी नाम की एजेंसी ने उन्हें विदेश में नौकरी दिलाने और वीजा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का झांसा दिया। इसके बदले में आरोपियों ने मोटी रकम ऐंठ ली और फिर अचानक ऑफिस बंद कर फरार हो गए,यहां तक कि कुछ पीड़ितों के पासपोर्ट भी अपने पास रख लिए।

**छह मोबाइल फोन किए बरामद**

झारखंड पुलिस ने एनडीआर क्राइम ब्रांच को सूचना दी कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर में छिपे हो सकते हैं। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरों की मदद से टीम ने आरोपियों को दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में ट्रेस किया।पुलिस ने छापा मारकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों की पहचान फैज खान, मुस्ताक सिद्दीकी ,विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ पंकज सिंह के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपियों में से फैज खान और विश्वनाथ प्रताप सिंह पहले भी ठगी के मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से पीड़ितों के छह पासपोर्ट और छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी में किया गया था।

## सीरियल किलर चंद्रकांत झा गिरफ्तार, दिल्ली में की थीं 18 हत्याएं, तिहाड़ के बाहर रखता था कटा सिर

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पैरोल जम्पर चंद्रकांत झा को गिरफ्तार कर लिया है। चंद्रकांत झा ने 18 हत्याएं की थी। इसके साथ ही उनके शरीर के टुकड़ों को शहर में हर तरफ फेंक देता था। जिसे कोर्ट ने 2013 में उम्र कैद की सजा सुनाई थी। वहीं साल 2023 में चंद्रकांत को 90 दिन की पैरोल मिली थी। पैरोल खत्म होने के बाद भी चंद्रकांत वापस नहीं लौटा तो पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच शुरू की थी। पुलिस उसकी तलाश में पिछले कई महीनों से पीछे थी। फिर भी इसका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। चंद्रकांत ने कोर्ट में दलील दी थी कि वह अपने परिवार में अकेला पुरुष है और उसकी तीन बेटियां हैं। पिता होने के नाते वह बड़ी बेटी की शादी की जिम्मेदारी उसी के पास है। इसके साथ झा ने कहा कि वह परिवार के साथ सामाजिक संबंध दोबारा स्थापित करना चाहता है। अदालत ने चंद्रकांत झा को 25,000 रुपये का मुचलका और इतनी ही धन राशि के दो जमानत बांड देने के आदेश दिए थे। जिसके बाद उसे पैरोल दी गई थी। चंद्रकांत झा की इन मर्डर कहानियों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री भी रिलीज की गई थी।इस सीरीज का नाम है इंडियन प्रीडेटर: द बुचर ऑफ दिल्ली। ये डॉक्यूमेंट्री नेटफ्लिक्स पर रिलीज की गई थी। चंद्रकांत झा ने सबसे पहली हत्या 20 अक्टूबर 2006 को की थी। इसके बाद से हत्याओं का सिलसिला शुरू हुआ था। चंद्रकांत एक सीरियल किलर था जो लोगों के सिर काट कर उनकी हत्या कर देता था, और बॉडी को तिहाड़ जेल के गेट के सामने रख देता था। वह हर लाश के साथ एक चिट्ठी भी लिखकर लाश के पास रखता था और पुलिस को चुनौती देता था। इस केस ने न सिर्फ दिल्ली पुलिस को परेशान कर दिया था बल्कि हर एक दिल्ली वासी को इसका डर था।

**करोड़ों की ठगी का मामला**

हाल ही में बिहार के पटना से भी ऐसा करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया था। जालसाजों ने बिहार के अलग-अलग जिलों के 200 से अधिक बेरोजगार और विदेश में नौकरी का सपना देखने वाले युवाओं को ठगी का शिकार बना।जालसाजों ने ऑफिस खोलकर विज्ञापन निकाला और बेरोजगार युवाओं को फंसा लिया।

## संजय सिंह ने किया दिल्ली में जीत का दावा

### 'जनता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार बनाएगी सीएम'



नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने विकासपुरी, द्वारका और मटियाला विधानसभा में आप प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। तीनों ही जनसभाओं में लोगों की जबरदस्त भीड़ रही। इस दौरान लोगों ने 'फिर लाएंगे केजरीवाल' के जमकर नारे लगाए। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में इस बार फिर झाड़ू चलेगी। दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को चौथी बार सीएम बनाने के लिए तैयार है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में हर महीने 2100 रुपए दिया जाएगा और संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज मुफ्त कराया जाएगा। उन्होंने दिल्ली के लोगों को आगाह करते हुए कहा कि बीजेपी श्मशान बनाने वाली पार्टी है, ये लोग आपके लिए स्कूल-अस्पताल नहीं बना सकते। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद जब अरविंद केजरीवाल सरकारी स्कूलों का दौरा करने जाते थे तो वह देखते थे कि बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ रहे थे। स्कूल में मकड़ी के जाले लगे हुए होते थे। बच्चियों के लिए शौचालय का इंतजाम नहीं था। आप नेता बोले, आज उन्हीं सरकारी स्कूलों में अरविंद केजरीवाल ने बच्चों की पढ़ाई के लिए एयर कंडीशन क्लासरूम बनाने का काम किया है। साथ ही, सरकारी स्कूलों में एथलीट और हॉकी ग्राउंड बनवाए। स्वीमिंग पूल का निर्माण करवाया। जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप हिंदुस्तान आईं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे कहा कि गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के स्कूल देख लो। तो मेलानिया ट्रम्प ने कहा कि मुझे अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के सरकारी स्कूल देखने हैं। पहले लोग कहते थे कि अमेरिका से सीखो लेकिन आज अमेरिका के लोग कह रहे हैं कि आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल से सीखो।

## खाई में 300 मीटर नीचे गिरने से उड़े ट्रक के परखच्चे, ड्राइवर की मौके पर ही मौत

शिमला, 18 जनवरी (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में शिमला के साथ लगते तारा देवी इलाके में 18 जनवरी 2025 को सुबह के वक्त एक सड़क हादसा पेश आया। यहां शिमला से रोज की तरह कूड़ा ले जा रहा ट्रक और नियंत्रित होकर खाई से करीब 300 मीटर नीचे जा गिरा। सड़क हादसे में ड्राइवर विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। शिमला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक चालक के शव को कब्जे में ले लिया है। घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जब ट्रक सड़क से नीचे गिरा, तो इलाके में जोरदार आवाज सुनाई पड़ी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर देखा, तो यहां ट्रक गिरा हुआ था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने ही पुलिस को दुर्घटना की जानकारी दी। शिमला नगर निगम की डिप्टी मेयर उमा कौशल ने बताया कि हादसा 18 जनवरी 2025 को सुबह करीब 7:45 पर पेश आया। नगर निगम शिमला का ट्रक चालक हर रोज की तरह कूड़ा संयंत्र भड़ियाल की तरफ जा रहा था। तभी हाईवे से एयरपोर्ट वाली सड़क पर जाने के बाद तारा देवी के नजदीक ट्रक खाई में जा गिरा। इस सड़क हादसे में ड्राइवर विनोद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई है। डिप्टी मेयर उमा कौशल ने चालक की मौत पर नगर निगम शिमला की ओर से दुःख जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि नगर निगम शिमला की ओर से ड्राइवर के परिवार को दो लाख की आर्थिक मदद दी जाएगी।

## हरिके वेटलैंड में अवैध निर्माण: एचसी ने कहा- गुरुओं ने कहा था जीवों को मत सताओ, आपने वन में ही निर्माण कर दिया




चंडीगढ़, 18 जनवरी (एजेंसियां)। पंजाब के फिरोजपुर स्थित हरिके वेटलैंड सैंक्चुअरी में अवैध निर्माण पर सख्त रुख अपनाते हुए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि गुरुओं ने कहा था जीवों को मत सताओ, आपने तो वन में ही निर्माण कर दिया। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को दो गुरुद्वारों को लेकर अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया है। फिरोजपुर निवासी जसकिरण जीत सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि फिरोजपुर, तरनतारन और कपूरथला जिले में फैले सैकड़ों एकड़ वेटलैंड पर बड़े स्तर पर अवैध तरीके से कब्जे हो रहे हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार फिरोजपुर जिले में पड़ी हरिके वेटलैंड सैंक्चुअरी की नियमों के अनुसार सेल डीड जारी नहीं की जा सकती। पंजाब सरकार ने इस बाबत अधिसूचना भी जारी की थी, लेकिन साल 2007 व 2008 के बीच इस जमीन के कुछ हिस्से की सेल डीड कर दी गई और अगस्त 2015 तक इस सैंक्चुअरी में लगभग बड़े स्तर पर निर्माण कार्य शुरू हो गए हैं जिसमें दो गुरुद्वारे भी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने 2016 में निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट ने दो गुरुद्वारों को लेकर जवाब मांगा था कि वे वनक्षेत्र के बाहर हैं या सैंक्चुअरी के भीतर। हाईकोर्ट को बताया गया कि दोनों गुरुद्वारे सैंक्चुअरी के भीतर हैं। गुरुद्वारों की ओर से कहा गया कि वे धार्मिक संस्थान हैं, लोगों की आस्था इससे जुड़ी है। कोर्ट ने कहा कि गुरुद्वारे और भी हैं, आप वहां जाकर अपनी आस्था को समर्पित कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि गुरुओं ने हमेशा कहा था कि जीवों को सताओ नहीं, आपने तो वन क्षेत्र में निर्माण कर इसे बर्बाद कर दिया। गुरुओं ने कभी नहीं कहा कि आप जाकर जंगल में गुरुद्वारा बनाएं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएं। हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण होता रहा और आप सो रहे थे। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए अवैध निर्माण हटाने का पंजाब सरकार को आदेश दिया है। साथ ही गुरुद्वारे की भूमि पर अधिकार का दावा सिविल कोर्ट में करने की निजी प्रतिवादियों को छूट दी है।

## सैफ अली खान पर हुए हमले का मामला, महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार को घेरा



मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले का मामला गरमाया हुआ है। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले का बयान सामने आया है। उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को घेरा है और कहा है कि महाराष्ट्र में जनता, सेलिब्रिटी और सरपंच सुरक्षित नहीं हैं। आरोपी नहीं मिल रहा है। यह सरकार का फेलियर है। नाना पटोले ने कहा कि बीजेपी की सरकार जबसे महाराष्ट्र में आई है, तब से उद्योग महाराष्ट्र में नहीं आए हैं। दावोस जाकर जनता के पैसे से मौज मस्ती और घोषणाबाजी करने के काम के अलावा कुछ काम नहीं हुआ है। इसीलिए महाराष्ट्र में बेरोजगारी स्पष्ट होती है। देवेंद्र फडणवीस से उम्मीद है कि वह दावोस जा रहे हैं, एक ट्रिलियन इंवेस्टमेंट महाराष्ट्र में लाने की बात कर रहे हैं, उनको शुभकामनाएं भी हैं लेकिन बेरोजगारी कम करने के दायित्व की भूमिका लेनी चाहिए। सैफ अली खान पर हुए हमले के संबंध में नाना पटोले ने कहा कि महाराष्ट्र में प्रशासन में कोई दम नहीं है। बीजेपी कहती है कि पुलिस का हौसला कम करने का काम कोई ना करे लेकिन भर्ती से लेकर पोस्टिंग में कमीशन खाया है।

## किसान आंदोलन में नया मोड़, जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में आमरण अनशन पर बैठे 10 और किसान



खनौरी, 18 जनवरी (एजेंसियां)। किसानों की अलग-अलग मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मसले पर पंजाब और केंद्र सरकार के रुख से नाराज 10 और किसान खनौरी आंदोलन स्थल पर आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। डल्लेवाल के अलावा पंजाब के 111 किसान अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं। पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि हरियाणा के हिसार, सोनीपत, पानीपत और जींद जिलों के 10 किसानों ने शुक्रवार को आमरण अनशन शुरू किया।

**'किसान बलिदान देने के लिए तैयार'**

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा, 'आज देश का किसान जगजीत सिंह डल्लेवाल के दिखाए रास्ते पर चलकर अपना बलिदान देने के लिए, तैयार है। देश का किसान समझता है कि डल्लेवाल ने अपनी जमीन, खेती और आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए 53 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। हम सब उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।' इस बीच किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल की तबीयत 'बिगड़ रही है' और गुरुवार की रात को उन्हें तीन-चार बार उल्टियां हुईं। वह केवल 150-200 मिलीलीटर पानी ही पी पा रहे हैं। इससे पहले किसानों ने कहा था कि डल्लेवाल का पानी पीना कम हो गया है। जब भी वह पानी पीते हैं, उन्हें उल्टी हो जाती है। जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अपने अनशन के दौरान कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है।

बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी 2024 से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। सुरक्षा बलों ने उन्हें केंद्र सरकार पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को मानने का दबाव बनाने के लिए दिल्ली तक मार्च करने से यहीं पर रोक दिया था। एसकेएम (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं।

## एमपी के बाघ क्यों हो रहे 'आदमखोर'? किसी की गर्दन खाई, किसी को चीरा; एक महीने में पांच लोग बने निवाला




भोपाल, 18 जनवरी (एजेंसियां)। टाइगर स्टेट कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में अब बाघ आदमखोर होते जा रहे हैं। आए दिन प्रदेश के अलग- अलग जिलों में टाइगर अटैक की खबरें सामने आ रही हैं। बीते एक महीने की बात करें तो पांच लोगों को बाघ अपना निवाला बना चुका है। आखिर क्या वजह है कि बाघ अब इंसानों का शिकार करने लगे हैं। क्यों उन्हें रिहायशी इलाकों, सड़कों पर आए दिन देखा जा रहा है। देश में सबसे ज्यादा बाघ होने और उनकी जन्म वृद्धि दर में मध्य प्रदेश आगे है। पिछली रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 785 बाघ हैं। उसे टाइगर स्टेट का तमगा मिला हुआ है। मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति इतनी बेहतर है कि चीते भी यहीं बसाए गए हैं।

लेकिन अब बाघ के हमलों से लोगों की मौत चिंता का कारण बनती जा रही है। पहले जानते हैं बीते एक महीने में कब-कब बाघ ने हमले किए हैं और कितने लोगों की जान चुकी है। पांच जनवरी को शहडोल जिले में बाघ के हमले में 48 साल के जमुना बैगा की मौत हो गई। ये घटना अंतरा गांव के पास बिरहुलिया वन क्षेत्र में हुई। पचगांव-बिरहुलिया के पास उसके शव के टुकड़े मिले। 14 जनवरी को छिंदवाड़ा में सौंसर के पीपला में एक किसान गुलाब वरकड़े को बाघ ने मार डाला। मृतक की पत्नी मीना वरकड़े ने बताया कि बाघ ने किसान की गर्दन खा ली। इससे एक दिन पहले, सोमवार को पेंच टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक युवक पर भी बाघ ने हमला किया था। इसी प्रकार 16 जनवरी को सिवनी में बाघ के हमले में बुजुर्ग की मौत हो गई। खवासा वन परिक्षेत्र के पिंडरई बीट के बावली टोला गांव के खेत में बुजुर्ग तुलसीराम भलावी (70) पर शाम लगभग 5 बजे बाघ ने हमला कर मार डाला। वहीं, दिसंबर महीने की 23 तारीख को उमरिया और बालाघाट जिले में बाघ ने दो लोगों को अपना शिकार बनाया था। उमरिया जिले के 'बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व' के खितौली क्षेत्र में एक बाघ के हमले में 45 वर्षीय खैरूहा बैगा नामक व्यक्ति की मौत हो गई। बालाघाट की तिरोड़ी तहसील के अंबेझरी गांव में अपने खेत में काम कर रहे 55 वर्षीय किसान सुखराम उइके की बाघ द्वारा किए गए हमले में मौत हो गई। पन्ना जिले के इटवांकला गांव में बाघ ने बकरी चरा रहे 10 वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। मध्य प्रदेश में बाघ के हमले बढ़ना चिंता का विषय है।

इसके पीछे की वजह को देखा जाए, तो मानवीय टकराव और बाघ के बढ़ते कुनबे के लिए इलाका कम पड़ना माना जा रहा है। बाघों के जानकार अजय दुबे ने बताया कि घटते जंगल और जंगलों में बढ़ता मानव दखल के कारण ऐसा हो रहा है। जंगलों में लगातार कटाई के साथ निर्माणों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा प्रदेश में टाइगर की संख्या के हिसाब से उनका वन परिक्षेत्र का दायरा भी सीमित होता जा रहा है। बाघों के आहार के लिए मवेशी जंगल में कम पड़ने लगे हैं, भोजन की तलाश में वे बाहर निकल रहे हैं। बाघ प्रेमी राशिद नूर खान ने बताया कि स्टडी के मुताबिक एक बाघ अपनी टेरिटरी करीब 50 वर्ग किलोमीटर का दायरे में बनाता है। वर्तमान में अभ्यारण्य और टाइगर रिजर्व में क्षमता से अधिक बाघ मौजूद हैं। ऐसे में बाघों का आपसी संघर्ष तो बढ़ रहा रहा है बल्कि मानव-बाघ संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

उन्होंने बताया कि राजधानी भोपाल के नगरीय सीमा क्षेत्र में ही 18 से 22 बाघों की मूवमेंट अब स्थाई तौर पर हो रहा है। केरवा, कलियासोत, समसगढ़ समेत अन्य रहवासी क्षेत्र में बाघ मवेशियों का शिकार कर रहे हैं। यह खेत्र ही पहले जंगल थे जो अब घनी आबादी की ओर आगे बढ़ते जा रहे हैं।

# समानांतर फिल्मों के निर्माता थे श्याम बेनेगल



अतुल कुमार

दिग्गज फिल्मकार श्याम बेनेगल नहीं रहे . सातवें दशक के आरंभ में उनकी फिल्म " अंकुर " ने सिनेमाई ट्रेंड को नया रूप दिया . मसाला फिल्मों के दौर में समाज से जुडी समस्याओं को आवाज़ दे सिनेमा में नयी लहर कि शुरुआत की . प्रयोगधर्मी फिल्मकार थे नये प्रयोग करना आसान नहीं होता , साहित्य और पत्रकारिता में जो साहस दिखा नये ऐतिहासिक प्रयोग़ प्रतिष्ठित साहित्यकार और संपादक डा धर्मवीर भारती ने किये फिल्मों में वही काम श्याम बेनेगल ने अपनी फिल्मों से किया . .पैरेलेल ( समानांतर सिनेमा ) को मेन स्ट्रीम सिनेमा के सामने खडा किया और जम कर खडा किया जिससे उनकी फिल्में यादगार बनीं . " मंथन " फिल्म देश में श्वेत क्रांति ( दूध की क्राति ) पर आधारित अविस्मरणीय फिल्मों में एक है . जिसे देखने दूध उत्पादक किसान गांव गांव से बसों में भर कर शहर आते और फिल्म को बार बार देख उसकी चर्चा करते ,फिल्म का असर यह हुआ कि दूध उत्पादन के काम से कई सहकारी समितियां गठित हो इस पेशे से जुडीं अच्छी और आफ बीट फिल्मों का प्रभाव लोगों के विचारों को कैसे मोल्ड कर सकता है इसे श्याम बेनेगल ने सिद्ध किया .किसी ने खूब लिखा " किस्मत और मेहनत में एक फर्क है ,किस्मत बस वो दिलाती है जो लिखा होता है / पर मेहनत वो दिलाती है जो लिखा भी नहीं जा सकता // बेनेगल ने यही किया .

श्याम बेनेगल की फिल्मों ने समाज में व्याप्त खामियों की पडताल की समानांतर सिनेमा के अग्रणी फिल्म मेकर थे .जिनकी फिल्मों की ज़मीन रियलिटी तथा सोशल इश्यूस होते .अपनी फिल्मों के नायक नायिकाओं के लिये कभी बडे नामों के पीछे भागदौड नहीं की .बल्कि नये अदाकारों को इस काबिल बनाया कि वह बडे बन छा गये , जैसे नसीरुद्दीन शाह , ओम पुरी ,अमरीश पुरी, दिलीप ताहिल ,गिरीश कर्नाड और कुलभूषण खरबंदा, शबाना आज़मी और स्मिता पाटिल इत्यादि .बात उन दिनों की है जब स्मिता पाटील न्यूज़ रीडर हुआ करतीं एक दिन बेनेगल से मिलना हुआ तो प्रभावित हो उनको फिल्म ' चरणदास चोर " में साइन किया इस तरह सन 1975 में स्मिता पाटिल ने ऐक्टिंग़ कैरीयर की शुरुआत कर नामी अभिनेत्री बनीं .

इसके बाद साल 1976 की फिल्म " मंथन ' में उनको कास्ट किया जो उनके अभिनय जीवन का मील का पत्थर साबित हुई जिसके लिये साल 1977 का बेस्ट ऐक्ट्रेस का नैशनल अवार्ड जीता . श्याम बेनेगल ने सिनेमा को रिडिफाइन किया और उसे कल्पना लोक से निकाल वास्तविकता की ज़मीन देते हुए ' अंकुर " और " मंथन " जैसी पैरेलेल सिनेमा को क्रियेट किया. भारतीय सिनेमा के इतिहास में पहले ऐसे फिल्म मेकर बने जिन्होंने क्राउड फंडिंग़ के कंसेप्ट को इंट्रोड्यूस कर ऐसी लाजवाब फिल्में बनायीं जिसने दर्शकों के मन को झकझोरा . देश में दूध क्रांति के जनक और फिल्म के सह लेखक वर्गीस कूरीयन की सलाह पर " मंथन ' बनाने का विचार आया तब सबसे बडी समस्या फायनांस की खडी हुई तब पांच लाख किसानों से रु 2 – 2 चंदा लेकर फिल्म बनायी जिसको नैशनल अवार्ड मिला और इसे आस्कर में नामिनेट किया गया .सोचिये ! कितनी बडी अचीवमेंट हासिल की .

डाक्यूमेंट्री सीरीज़ " भारत एक खोज " ( डिस्कवरी आफ इंडिया ) बनायी जो लगातार तीन सालों तक शूट हुई और दर्शकों ने बडे चाव से इसे देखा और इसकी प्रशंसा की .बहुत बडे डायरेक्टर थे लेकिन कभी इसका बेजा फायदा उठा चटपटी मसाला फिल्मों की ओर रुख नहीं किया .वही बनाया जो उनके दिल को भाया . पहली फिल्म " अंकुर " में उस समय के आंध्र प्रदेश के किसानों की समस्याओं को बडी संजीदगी से उठाया .यह फिल्म समानांतर सिनेमा में एक बडी घटना थी जिसने बेनेगल की गहरी सामाजिक सोच को स्थापित किया . फिल्म " निशांत ' में सता के दुरुपयोग और उसके बाद होने वाले विद्रोह की कहानी कही . ." भूमिका " स्वतंत्रता ,प्रेम और लोकप्रियता के प्रतिस्पर्धी दबावों का सामना करते हुए एक महिला की आत्मखोज की कहानी थी . " वेलकम टू सज्जनपुर " में ग्रामीण जीवन को मज़ेदार और मार्मिक तरीके से चित्रित किया . " वेल डन अब्बा ' भ्रष्टाचार और नौकरशाही " की अक्षमताओं से निपटने वाले एक पिता का आकर्षक चित्रण थी . बेनेगल की फिल्मों ने दर्शकों में अलग जगह बनायी जिसे रुटीन सिनेमा के बीच सोचा व कहा गया कि फिल्मों में यह संसार कहां से चला आया .टिकट खिडकी के ईक्वेशंस से समझौता किये बिना जो नया सिनेमा बना इसे कला फिल्म और समानांतर सिनेमा कहा गया. इस सिनेमा के जनक वह थे . ज़िंदगी से जुडे सच को देख दर्शक हैरत करने लग़े फिल्म " अंकुर " के यादगार दृश्य जिसमें ज़मींदार के शोषण से बेज़ार एक बच्चा उसकी हवेली के शीशे पर पत्थर फेंकता है .यह संघर्ष का वह संकेत था जो बेनेगल की फिल्मों में अलग अलग रूप धर कर आया .

श्याम बेनेगल की फिल्मों ने समाज को आइना दिखाने और परिवर्तन लाने के माध्यम के रूप में देखा . उनके इसी नज़रिये को न्यू वेव की शुरुआत माना गया . " अंकुर " की सक्सेस ने उनमें यह भरोसा जगाया कि सामाजिक सरोकार वाले सिनेमा को लोग टिकट खरीद कर देखने जा सकते हैं बशर्ते कि स्टोरी उनके दिल को छूए . सत्यजीत रे को बेनेगल देश का सबसे बडा फिल्मकार मानते और कहते कि रे ने ऐसे सिनेमाई मानक स्थापित किये जिनका यहां कोई अस्तित्व नहीं था . इसी विचार से प्रेरित हो अपनी अलग धारा की फिल्में बना पहचान बनायी . एक इंटरव्यू में बताया कि " अंकुर " देख मशहूर फिल्म मेकर वी शांताराम ने फोन कर पूछा ऐसी बेहतरीन फिल्म कैसे बनायी अब तक क्या कर रहे थे ?

14 दिसंबर 1934 में हैदराबाद के तिरुमलगिरि में जन्मे बेनेगल का बचपन साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल में बीता वह प्रसिद्ध फिल्मकार गुरुदत्त के कज़िन थे .उनके पिता श्रीधर बेनेगल फोटोग्राफर थे जिनका सिकंदराबाद के लाल बाज़ार में फोटो स्टूडियो था वहीं से मूविंग कैमरा ले 8 साल की उम्र में गर्मी की छुट्टियों पर " छुट्टियों में मौज मज़ा " फिल्म बनायी .निज़ाम कालेज , हैदराबाद के विद्यार्थी थे तब कालेज की पत्रिका " कालेजियन " का संपादन किया और हैदराबाद फिल्म सोसायटी की स्थापना की . साइक्लिंग और स्वीमिंग में इतने माहिर कि स्टेट चैपियन शिप का खिताब जीता.उस समय के पहले अंग्रेज़ी कालेज महबूब कालेज से एम ए ( इकनामिक्स ) की आरंभिक पढाई की लेकिन पूरा निज़ाम कालेज से किया .होनहार विद्यार्थी थे .तेलुगु में दूर्दर्शन के लिये " अमरावती की कथाएं " सीरीयल का निर्देशन किया .हैदराबाद से बहुत लगाव था अधिकतर फिल्मों की शूटिंग यहीं किया करते .हैदराबादी व्यंजन सदा पहली पसंद रहे ,उस पर गहरी जानकारी रखते .यहां की भाषा , संस्कृति और रहन सहन को बढावा दिया .

सामाजिक मुद्दों के साथ सिनेमा की परिभाषाओं को बदल आइकानिक फिल्म मेकर बने 8 बार नैशनल अवार्ड , और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित बेनेगल ने अपनी नयी लहर की फिल्मों से साबित किया कि सिनेमाई पर्दा मुद्दा आधारित फिल्मों को ज़ुबान दे उसे जीवंत और प्राणवंत बना सकता है . इसके लिये अविश्वसनीय प्रतिभाओं को बढावा दिया . अपनी बनायी 14 फिल्मों के माध्यम से कोंकणी भाषी इस फिल्मकार की फिल्में फिल्मोत्सवों की यादगार शोभा हुआ करतीं ।

बीती 23 दिसंबर को इस दुनिया को अलविदा कह जो विरासत छोडी वह भारतीय सिनेमा की अनमोल धरोहर है, क्यों कि किसी ने खूब लिखा " कहानी खत्म हुई और ऐसी खत्म हुई / कि लोग रोने लगे तालियां बजाते हुए // सिनेमाई कथा वाचक बेनेगल के सुनहरे योगदान ने यही किया क्यों कि वह नये सिनेमा के जनक थे ।



# काव्य कुंज

## निकलने दो मुझे



डॉ डी डी देसाई

अब तो निकलने दो मुझे.
दम घुटने लगा हैं मेरा।
बोझ असहनीय हैं अब,
कूल की मर्यादा का
बिरादरी की इज्जत का
नहीं रहना हैं मुझे
कुएँ की मेंढक बनकर।
सांखल तोडना चाहती हूँ
पैरों के और मन के भी।
मुक्त होना चाहती हूँ
तन से. मन से.
अब तो निकलने दो मुझे
इस जहनी सोच से
जो नारी की नस्ल को..
दबोए बैठे हैं
ऐड़ियों के नीचे
ऊँची आवाज़ के नीचे
झूठी शान के नीचे।
नहीं रह सकती मैं कुचली हुई,
मैं भी हूँ तैयार कुचलने को..
हर उस सोच को..
जो सदियों से दबाए बैठे हैं
नारी के वजूद को।
आज़ाद होना हैं..
अब तो निकलने दो मुझे।
रसोई घर से बाहर.
चूल्हे चौके के धुएँ से बाहर,
मुक्त होना हैं मुझे
शिक्षा का हाथ थामे हुए,
आसमान छूना हैं मुझे।
मुझे लड़की मात्र समझने वालों को
बहुत कुछ कर दिखाना हैं मुझे।
मुझ पर हाथ डालने वालों को
धूल चटानी हैं मुझे.।
अब तो निकलने दो मुझे
अपनों की कैद से बाहर
बेड़ियों की जकड़न से दूर।

## रिश्ते अब रिश्तों से दूर होने लगे हैं



संजीव ठाकुर,
रायपुर

रिश्ते अब रिश्तों से दूर होने लगे है,
लोग इस कदर मजबूर होने लगे हैं।
दुश्मनो से दोस्त करतें है गुजारिश,
भोले चेहरे भी मगरूर होने लगे है।
ज़माने की कैसी हो गई फितरत,
भाई चारे कितने बेनूर होने लगे है।
आजमाँ कर देख बेदर्द ज़माने को,
मंसूबे अब चकनाचूर होने लगे है।
नाते रिशतों का अजब मायाजाल,
सिक्के ही चेहरों के नूर होने लगे है।
आरजू न रख सुनहरे कल की अब,
सारे सपने अब चूर-चूर होने लगें है।
फकीरी शायरी हमारी हमसफर,
खुदा के करम पुरनूर होने लगें हैं।

## ख्वाहिशें ये न रखें



दर्शन सिंह
हैदराबाद

अगर जेब भारी है तो चाटूकारों से घिरे रहता है
कदम कदम पर जयकारों से सजे रहता है
थी तो रेत पर सजी अटालिकाएं
झूमता, नाचता, गाता इतराते रहता है
संध्या क्या हुई, मझधार में छोड़ चले
ख्वाहिश ये न रखें कि तारीफ हर कोई करे
कोशिश यही करें कि बस कोई बुरा न कहे
मुंगेरी लाल के सपने मदमस्त भले लगते हैं
सितारों से घिरे रहना , चंगे लगते हैं
कहता,जियो जी भर के आज की रात
छोड़ो कल की,
हवाई किले मदमस्त लगते हैं
तूफानों का बवंडर, विपदाओं से घिरे
ख्वाहिश ये न रखें...
है तो भिड़,
उगते हुए सूरज को प्रणाम किया जाता है
धारा के विपरीत बहो, सलाम किया जाता है
शून्य का काम है ठहाके लगाना
अपने हर सांस में विश्वास,
सुनामी घुटने तले लाया जाता है
फिर भी बेपरवाह अपनी हथी आप जड पुटे
ख्वाहिश ये न रखें...

## बदला



हेमंत सुराना,
उदयपुर

नमक अदा किया,
जख्मों पर छिड़क कर
कर्ज यूँ अदा किया,
खुदगर्ज बन कर
कंधों को हाथ दिया,
जनाजा उठ जाने पर
रुख हवाओं ने बदला,
मेरी मजबूरी देख कर
सस्ते मे दिल बेच दिया,
इस महंगे बाजार में
आग को बदनाम किया,
जले तो खुद एक दूसरे से पर
खामोशी को मजबूरी समझा,
दुनिया के पूछे सवाल पर
इल्जाम लगाया लोगों ने,
अपनी खराब किस्मत पर
महफिल खुद की जमा ली,
चर्चे हमारे मशहूर कर
कमाल का हुनर रखते हैं लोग,
कमाल का हुनर रखते हैं लोग ।

## दूर से ही दोस्ती अच्छी



जे गंगाधर 'गंध'
हैदराबाद

दूर से ही दोस्ती अच्छी है,
भै पास आ जाए तो मस्ती है।
आजकल दोस्त वाट्सऐप पर व्यस्त है,
मेल-मिलाप के लिए किसे कहाँ फुर्सत है,
विचार परामर्श आमोद-प्रमोद सब पस्त है,
दूर से ही दोस्ती बहुत अच्छी है।
एक दूसरे के काम आ जाए वो दोस्ती है,
अपनापन जताया जाय वही तो दोस्ती है,
अब तो आनलाईन का जमाना है व्यस्त है,
दूर से ही सही दोस्ती बहुत अच्छी है।
समय बहुत ही मूल्यवान है समय की कमी है,
घंटो आनलाईन में बिता दें समय की कमी है,
वीडियो कॉल ही तसल्ली दें समय की कमी है,
दूर से ही दोस्ती बहुत अच्छी है।
अब तो वर्क फ्रम होम का जमाना है,
सब के सब व्यस्त मस्त सुस्त है,
अब हाँ दोस्त फ्रम होम नवीनतम फंडा है,
दूर से ही दोस्ती बहुत अच्छी है।
दोस्ती निभाई नहीं महसूस की जाती है,
दोस्ती किसी से की नहीं हो ही जाती है,
दोस्ती कभी नई पुरानी नहीं सदा रहती है,
हाँ दूर से ही दोस्ती बहुत अच्छी है।
घर आ जाए चाय-पानी हो जाए दोस्ती महंगी है,
फ्रोन पर दिल से हाय बाय हो जाए यह दोस्ती सस्ती है,
अब वह हिन्दुस्तान या अमेरिका कहीं भी हो,
दोस्ती तो जचती है,
हाँ हाँ दूर से ही दोस्ती बहुत अच्छी है।
ऊँचे मकान फीके पकवान
इसीलिए सब बाहर से मंगवाया जाता है,
अब तो सब बुकिंग का जमाना है
घर तक हर चीज आ जाती है,
काश आनलाईन आर्डर पर
मेरे घर तक दिल के करीब दोस्त आ जाएं।
ख़ैर छोड़िये यह तो मुंगेरी लाल के सपने है,
दोस्त तो दूर ही रहता है दोस्ती कभी नहीं,
दोस्त तो दोस्त होता है चाहे यहाँ हो या कहाँ,
हाँ तो हाँ दूर से ही सही दोस्ती बहुत अच्छी है।

## महाकुंभ:पुण्य का धाम



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

त्रिवेणी के घाट पर लगी संतन की भीर
डुबकी पाँच लगाएंगे मिटेगी मन की पीर।
आस्था के इस घाट पर ना कोई तर्क वितर्क
कौन है राजा कौन रंग दिखे ना कोई फर्क।
राम रमैया राम भजो करेंगे राम कल्याण
मन के कलुष मिटाय के कर लो प्रयाग प्रयाण।
यही वह पवित्र गंगा तीर है जहां पहुंचे थे श्री राम
छोड़ अयोध्या धाम को निकले थे वनवास।
पावन नक्षत्र ग्रहों का है अद्भुत संगम यह घाट
बरसों वसुधा के संघर्षों का फल है यह शुभ मास।
साधु संत गृहस्थ लोग आते हैं संगम स्नान
गंगा जमुना सरस्वती का कितना पावन यह स्थान ।
इसी पवित्र घाट पर निषाद राज केवट थे खास
जो सबको हैं पार लगाते उनको ही केवट पार उतारे ।
शुद्ध श्यामल धारा निर्मल कल- कल बहती जाती निर्बाध
गंगा जमुना के मिलन की देते इनके रंग प्रमाण।
समुंदर मंथन की अमृत बूंदे गिरकर बन गई अमृत जल धार
प्रयाग -गंगा का यह जल, है देवों के लिए भी खास।
हे मानव! तुम चूक न जाना कर आना इनको प्रणाम
तन - मन के सब क्लेश मिटेंगे, पूर्ण होंगे मन के आस ।

## सहारा



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

भूख से मरते को,
अगर एक निवाला मिल जाए।
भरा नहीं पूरा पेट तो क्या,
मौत से वो बच पाए।।
तिनके का सहारा मिलना,
बहुत ही बड़ी बात ।
टूटी हुई आस को मिल जाती जीवन सौगात।।
मझधार डूबती नैया,अचानक किनारा दिख गया।
मौत से बचने को,तिनके का सहारा मिल गया।।
चींटी जल धार में बहती गई ,वर्षा ने जुल्म ढाए।
अहो भाग्य चींटी का, एक तिनके ने प्राण बचाए।।
विपत्तियों के घेरे में, तिनके का सहारा मिल जाए।
भाग्यशाली हैं वो, जिन्हें कोई सहारा मिल जाए।।

## महाकुंभ स्नान



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

कुंभ में चला जन सैलाब।
दिव्य भव्य दिखेता हैआब।
करोड़ों भक्त स्नान को आए,
ठंड लगे न लगे है ताप।
आस्था की डुबकी लगाते।
मोक्ष की इच्छा है पाते ।
चले भक्ति की धुन में सब,
भीड़ से बिल्कुल न घबराते।
हठी नागा साधु आए।
कई करतब वो दिखलाए।
जिंदा सांप गले में डाले।
ईश्वर की भक्ति है पाले।
डेढ़ करोड़ से ज़्यादा भक्त।
भगवान में है आसक्त।
भक्ति सबकी अडिग है।
कमजोर नहीं ये है सशक्त।
आस्था को अडिग साधे।
सर पे गठरी को लादे।
चले दूर दूर से प्रयाग में,
गंगा यमुना में है सब आते।
योगी की सुरक्षा कड़क है।
नाव सैनिक सब तड़क है।
सीसीटीवी कैमरे चले निरंतर,
घोड़ों पे सेना, सड़क है।
इंतजाम में दिक्कत नहीं है।
विदेशों की हरकत नहीं है।
विदेशी भी आए स्नान को,
किसी की हिमाकत नहीं है।
माने सत्य सनातन को।
छूने आएअमृत कण को।
कुंभ का मेला है निराला,
अब माने भारत वंदन को।
दृढ़ आस्था का प्रतीक है।
गंगा में अविरल चले गीत है ।
सृष्टि के संग जो चली रीत है।
अमृत की बूंद प्राणों में संचित है।
भक्ति के रंग में रंगे है सारे।
ये ईश के दिल में आरे।
कर्मो से भाग्य है बनता,
मोक्ष की राहों पे जारे।

## कुछ मनके मन के



पूजा महेश
हैदराबाद

कुछ तन को साध कर
और मन को बांध कर
वक्त थोड़ा चुरा चुरा
रूह से मिला करों
रेजा रेजा जिंदगी
जा रही है हाथ से
कैसी हो तुम सखि?
कभी तो पूछा करो
माना कि वक्त ने
कभी कभी
करी कुछ बेवफाई
होगी कोई बेबसी
बात को समझा करो
माना कि सच है यह
सूरज नहीं बन सकते कभी
पर नन्हा सा दीया बन
जग सारा रोशन करों।।

## दिल-ए-नादाँ



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

बरकरार रहे दिल की नादानियां,
बरकरार रहे दिल की नाफ़रमानियां,
बचपना और मासूमियत दिल की,
सलामत रहे ताउम्र, दिल्लगी सी।
जिन्दगी की भरपूर है, जिम्मेदारियाँ,
कितने ही ऊहापोह, कितनी ही परेशानियाँ,
इसीलिए दोहराते रहें बचपन की कहानियाँ,
जवानी और बुढ़ापे के साथ -साथ भी,
चलती रहें हल्की- फुल्की शैतानियां,
होती रहें रूमानियत से नजदीकियां,
रूहानियत से घटती रहें दूरियाँ,
हर कदम पर दूर होती रहें मजबूरियाँ।।
दिल को, दिल-ए-नादाँ ही रहने दो,
कुछ शरारतें और अठखेलियाँ करने दो,
चार दिन की छोटी सी जिन्दगी को,
एक नन्हा- मुन्हा बचपन जी लेने दो।।।

## फिर एक चेतनशील नवोदय



केएल प्रभाकर प्राण

यह गणतंत्र दिवस का सूर्योदय
आत्मनिर्भर भारत के आकाश में
हुआ आगमन
भारत-बाग़ में खिले हैं हर्ष सुमन।
आओ,सब मिलकर
राष्ट्र तिरंगा फहराएँगे।
लोकतंत्र के अरमानों को
संविधान के संकल्पों को
साकार करने हेतु
एकता के सेतु पर चलकर
आने वाले कल में
अटूट बल भर देंगे।
हर क्षेत्र में
उन्नति के शिखर फैलाकर,
दश-दिशाओं में,
स्वावलंबी भारत
समृद्ध भारत
विराजमान-प्रकाश भारत
विकसित भारत का
सुनहरा रूप सजाकर,
भारत की सुकीर्ति का गीत सुनाएँगे।
आओ,सब मिलकर
राष्ट्र तिरंगा फहराएँगे।

## परीक्षा अंक



ओमकार सर्डिवाल,
हैदराबाद

परीक्षा की तैयारी हो,
जीत सिर्फ मेरी हो।
सबसे अधिक अंक लाना है,
अपनी काबिलियत साबित करना है।।
पाठ्यक्रम को चट कर जाना है,
हर उत्तर को पी जाना है।
प्रस्तुतीकरण तो ऐसा होगा,
निरीक्षक को तो अंक देना ही है।।
पोस्टर पर अपना फोटो होगा,
हर किसी की नजर मुझ पर होगी।
अंतिम श्रेणी में कभी हुआ करते थे,
आज प्रथम श्रेणी से गुजर जाना है।।
मित्र,सखा,सहपाटी गर्व करेंगे,
मां की आंखों में खुशी के आंसू होंगे।
पिता का सीना गर्व से चौड़ा होगा,
जब दसवीं के अंकों की चर्चा होगी।।
सबको मुझ पर विश्वास होगा
मैं भी कुछ बन सकता हूं,यह साबित होगा।
जब दसवीं के अंकों की चर्चा होगी,
जब दसवीं के अंकों की चर्चा होगी।।
सभी अध्यापकों की राय बदल जाएगी,
जब मेरे अंको का प्रदर्शन होगा।
विद्यार्थी हूं,विद्यार्थी रहना चाहता हूं,
गुरु के चरणों को सदा नमन करना चाहता हूं।।

## नारायण मिल जायेंगे



कुमुद बाला,
हैदराबाद

दो पलड़ों में सुख और
दुःख वे अपना धरम निभायेंगे
कौन उठेगा मोती चुगने
जग में उसके करम बतायेंगे
प्रेम की महिमा जान ले बंदे
यह समय कहीं ना चुक जाये
इस जीवन की कौन घड़ी में जाने नारायण मिल जायेंगे
ृेम की चाकी जब चलती है उसमें प्रेम न क्यों तलाशे
करुणा की नदियां के अंदर डूब बताशे क्यों न तराशे
जग तीरथ है अपने भीतर बाहर दुनिया भर के तमाशे
प्रेम प्रभु का बरस रहा चख अमृत क्यों जिह्वा को तराशे
श्वांसों की चलती कश्ती में हम माटी का कर्ज़ चुकायेंगे
इस जीवन की कौन घड़ी में जाने नारायण मिल जायेंगे
शिव नर्मदा का हर कंकड़ है शिव ही बस शिव हरि पुकारे
मुस्कानों में अंसुवन में शिव हर क्षण शिव हरि हरि पुकारे
दर्शन करना है गर शिव का खोल तू अपनी मन की आँखें
लिख मन दर्पण में हरि का नाम व्यर्थ ही खुद के बाग उजाड़े
बगिया भी तेरी फूल भी तेरे खुशबू से जग महकायेंगे
इस जीवन की कौन घड़ी में जाने नारायण मिल जायेंगे
यह नियति भेद नहीं करती जो लेती है वापस वह देती है
जो बोओगे वह काटोगे दुनिया अपने कर्मों की खेती है
यदि कर्म तेरे हैं पावन मंगल यह भव सागर तू तर जायेगा
क्योंकि तेरी यह भक्ति निर्मल किस्मत तुझे देती मोती है
तेरा हाथ पकड़ने भेस बदल कर हरि मिलने आ जायेंगे
इस जीवन की कौन घड़ी में जाने नारायण मिल जायेंगे।

## खिड़की पर बैठा मृदु हृदय




मनीषा मंजरी
दरभंगा

खिड़की पर बैठा मृदु हृदय,
बाहर के शोर को भांप रहा,
या अवसाद के दलदल में फंसा,
अंदर के कोलाहल से भाग रहा।
आँखों की तन्मयता से ईश्वरीय
कृतियों को, विस्मृत होकर जांच रहा,
या विखंडित मन के भंवर में डूबकर,
कोरी शून्यता को ताक रहा।
शहर के झिलमिल आवरण में, ये समय असंख्य अवसरों को बाँट रहा,
या फिर स्वयं की निरंतर गति में चलकर, वो भी बस समय को काट रहा।
नयनों से झड़ते नीर की आर में, प्रेम स्वयं के अग्न को झांप रहा,
या विरह की चीखों से विचलित हो, स्थायित्व में अपने काँप रहा।
स्वतंत्र छवियों की उन्मुक्तता से, उनके मुस्कान के नभ को आंक रहा,
या स्वयं के पग की बेड़ियाँ देख, नियति के चीथड़ों को टांक रहा।
स्वप्न मिलन के सार्थक हैं पथ पर,
जो चिह्न ईर्ष्या का, इस मानस पर छाप रहा,
या सुदूर सागर में कल्पना की कश्ती में,
इच्छाओं के टुकड़े, यथार्थ फांक रहा।
चहचहाते पंछियों के हर्षित स्वर में, मन मलंग की लय पर नाच रहा,
या निःशब्दिता की गूंज में उठते तरंग पर,
मानस इस छंद को डांट रहा।
क्षणभंगुर क्षणों की जीवंतता को, अद्भुत और अनोखा ये राग रहा,
या स्मृतियों की शाश्वतता का, कोरे आँचल पर ठहरा एक दाग रहा।
खिड़की पर बैठा मृदु हृदय, बाहर के शोर को भांप रहा,
या अवसाद के दलदल में फंसा, अंदर के कोलाहल से भाग रहा।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications. Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# अंग्रेजों ने कलकत्ता से दिल्ली क्यों शिफ्ट की राजधानी

## महारानी तक से छिपाया गया प्लान नई दिल्ली बनाने में 20 साल लगे




**107 वर्ष पहले दिल्ली को राजधानी बनाने की हुई थी घोषणा आर्किटेक्ट लुटियंस को सौंपा गया था जिम्मा**

बात उन दिनों की है, जब देश की राजधानी कलकत्ता थी। 1905 में बंगाल का बंटवारा हुआ, तो अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह शुरू हो गए। अंग्रेज अफसरों पर लगातार हमले हो रहे थे। शासन चलाने के लिए कलकत्ता असुरक्षित और अस्थिर हो गई, तो अंग्रेजों ने नई राजधानी के बारे में सोचा।

इतिहासकार नारायणी गुप्ता लिखती हैं, 'अंग्रेजों को लगा दिल्ली सुंदर शहर है। इसे राजधानी बनाकर वो भी इसके इतिहास से जुड़ जाएंगे, लेकिन ये भी सच था कि दिल्ली में जो राज करता है, उसका राज्य बहुत दिनों तक टिकता नहीं।'6 साल बाद यानी 15 दिसंबर 1911। ब्रिटेन के किंग जॉर्ज पंचम के राज्याभिषेक के लिए दिल्ली दरबार सजाया गया। इसके लिए दिल्ली के बाहरी इलाके बुराड़ी में 20,000 कामगारों की मदद से किंग कैंप बनाया गया। हजारों शिविर लगाए गए। जिस शिविर में किंग और क्वीन ठहरे थे, वहां तक अलग रेलवे लाइन बिछाई गई। करीब 80 हजार लोगों के सामने किंग जॉर्ज पंचम ने ऐलान किया, 'हमें भारत की जनता को ये बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि देश को बेहतर ढंग से प्रशासित करने के लिए ब्रिटेन सरकार भारत की राजधानी कलकत्ता से दिल्ली शिफ्ट करती है।'

ये घोषणा सुनकर किंग के बगल में बैठी क्वीन मैरी भी चौंक गईं। भारत में उस वक्त के वायसराय लॉर्ड हार्डिंग को भी इसकी खबर नहीं थी। ब्रिटिश इतिहासकारों ने इसे 'बेस्ट केप्ट सीक्रेट ऑफ इंडिया' कहा था।

1608 में ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यापारियों ने गुजरात के सूरत पोर्ट पर पहला कदम रखा। शिप के कैप्टन विलियम हॉकिंस ने मुगल बादशाह जहांगीर से मुलाकात कर सूरत में एक फैक्ट्री स्थापित करने की अनुमति मांगी, लेकिन बादशाह ने मना कर दिया। अंग्रेजों ने उन राज्यों का रुख किया, जहां मुगल शासन नहीं था। 1611 में आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में पहला कारखाना लगाने की अनुमति मिली। 1615 में ब्रिटिश सरकार की तरफ से सर थॉमस रो ने जहांगीर से मुलाकात की। उनके तोहफों से जहांगीर खुश हुए और फैक्ट्री लगाने की परमिशन दे दी। इस परमिशन के बदले ईस्ट इंडिया कंपनी मुगल सरकार को टैक्स देगी।

अगले कुछ दशक में कंपनी ने मुंबई, मद्रास, पटना, अहमदाबाद और मुगल राजधानी आगरा में भी फैक्ट्री लगाई। मसालों के अलावा वे कपास, नील, सिल्क, चाय और अफीम का बिजनेस करने लगे। इन शहरों में अंग्रेजों ने किले बना लिए। 1670 में ब्रिटिश किंग चार्ल्स द्वितीय ने सरकारी नियंत्रण में ले लिया। अब कंपनी खुद की आर्मी रख सकती थी। करेंसी छाप सकती थी। 1707 आते-आते अंग्रेज पूरे भारत में मजबूत हो चुके थे।

अंग्रेजों ने 1714 से दिल्ली आना शुरू किया। वे लाल किले में पैदल जाकर, दीवाने आम, दीवाने खास में बादशाह के सामने घुटने टेककर सलामी देते थे। 1803 में पहली बार मुगल बादशाह शाह आलम ने सैन्य मदद के लिए मराठा मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय दिल्ली पर कब्जा करने आ रहे थे। अंग्रेजों ने पहली बार मुगलों की तरफ से जंग लड़ी।

11 सितंबर, 1803 को पटपड़गंज (अब पूर्वी दिल्ली में) में मुगलों के कथित अंग्रेज सैनिकों और मराठों के बीच युद्ध हुआ। अंग्रेजों ने मराठों को हरा दिया। अब बादशाह भले ही शाह आलम था, लेकिन उसके पास कोई अधिकार नहीं थे। वो अंग्रेजों की पेंशन पर जिंदा थे। यह सिलसिला बहादुर शाह जफर तक चला।

1857 की क्रांति का केंद्र दिल्ली था। क्रांतिकारियों ने 80 वर्षीय बहादुर शाह जफर को अपना नेता घोषित कर दिया था। बहादुर शाह जफर कभी इसमें शामिल नहीं होना चाहते थे, लेकिन लोगों के चाहने पर इनकार नहीं कर सके।

अंग्रेजों ने पूरा जोर लगाकर विद्रोह को कुचल दिया। 14 सितंबर 1857 को अंग्रेजों ने कश्मीरी गेट के पास से शहर पर हमला किया। दिल्ली के गलियारों में खून बहने लगा और विद्रोही एक-एक कर पीछे हटने लगे। 20 सितंबर 1857 को अंग्रेजों ने दिल्ली पर कब्जा कर लिया। बहादुर शाह जफर हार जानकर अपने परिवार के साथ हुमायूं के मकबरे में शरण लेने के लिए भाग गए।

ब्रिटिश अफसर मेजर हडसन ने उनका पता लगा लिया और गिरफ्तार कर लिया। उनके बेटों और पोतों को कैद कर लिया गया और बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। उनके कटे हुए सिर बहादुर शाह जफर के सामने पेश किए गए, ताकि उनकी इच्छाशक्ति को तोड़ा जा सके। लाल किले पर ब्रिटिश झंडा फहराने के बाद अंग्रेजों ने बहादुर शाह जफर को रंगून निर्वासित कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गई। दिल्ली पर अब सीधा अंग्रेजों का नियंत्रण था, हालांकि उन्होंने अपनी राजधानी कलकत्ता बनाई।

राजधानी को कोलकाता से दिल्ली लाए जाने के प्लान को बेहद सीक्रेट रखा गया था। इसे 'सीसेम प्रोजेक्ट' नाम दिया गया था। अंग्रेज राजशाही का अनुमान था कि अगर पहले ऐलान किया गया तो कोलकाता के प्रभावशाली लोग और व्यापारी विरोध करेंगे। जब ये फैसला लिया गया तो किंग जॉर्ज पंचम के अलावा दो दर्जन लोगों को यह जानकारी दी गई थी। दिल्ली में वायसराय लॉर्ड हार्डिंग और लंदन में भारत मामलों के सेक्रेटरी रॉबर्ट ऑफ क्रू-मिल्स को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई थी। राजधानी कोलकाता से दिल्ली शिफ्ट हो चुकी थी। अब नए शहर का निर्माण होना था।

किंग जॉर्ज पंचम ने मशहूर आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस को बुलाया। उन्होंने बताया कि इंडिया जाकर नई राजधानी बनानी है। उस समय एडविन लुटियंस ने शर्त रखी कि उनके साथ उनके पुराने दोस्त हर्बर्ट बेकर भी सलाहकार के तौर पर जाएंगे। मजदूरी के रूप में उन्हें कुल लागत का 5% देने का वादा किया गया।

15 दिसंबर 1911 को किंग ने पुरानी दिल्ली के पास ही नई दिल्ली की नींव रखी थी, लेकिन एडवर्ड लुटियंस ने नई दिल्ली बसाने के लिए रायसीना हिल को चुना। कहते हैं भारतीय ठेकेदार सोभा सिंह ने अपनी साइकिल पर नींव का पत्थर लादकर रातों-रात उसे रायसीना हिल पहुंचाया था। नई दिल्ली को बनाने का काम 1912 में शुरू होकर 1931 में खत्म हुआ। बेकर को काउंसिल हाउस यानी संसद भवन बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी।

मामला 10 जनवरी 1920 को न्यू कैपिटल कमेटी में गया। कमेटी ने फैसला लुटियंस के फेवर में सुनाया। लुटियंस ने कहा कि मैं जो चाहता था वो हो गया। मुझे मेरी बिल्डिंग मिल गई है। बेकर ने कहा कि मैं जानता हूं, मुझे बाहर कर दिया गया है। इसके बाद दोनों में कड़वाहटें और बढ़ गईं। फिर दोनों में वायसराय हाउस यानी आज के राष्ट्रपति भवन की ढलान को लेकर विवाद हो गया। बेकर का कहना था कि दूर ढलान से इमारत दिखनी चाहिए। ये बात भी कमेटी में गई और इस बार बेकर जीत गए।

लुटियंस चीफ आर्किटेक्ट थे। उनके ईगो को ज्यादा ठेस पहुंची। वे इतना नाराज हुए कि उन्होंने अपनी पत्नी को लिखा कि मुझे बेकर से प्रॉब्लम हो रही है। बेकर मुगलिया वास्तुकला के मुरीद थे, वे चाहते थे कि इमारतों में उसका उपयोग हो। जबकि लुटियंस कुछ अलग करना चाहते थे। इसे लेकर भी दोनों दोस्त कई बार भिड़े थे। दोनों ने अपने प्रोजेक्ट पूरे किए, लेकिन फिर एक-दूसरे से बात नहीं की।

23 दिसंबर 1912 को वायसराय लॉर्ड हार्डिंग और उनकी पत्नी विनिफ्रेड सेसिल ट्रेन से दिल्ली पहुंचे थे। हार्डिंग अपनी किताब 'माय इंडियन इयर्स' में लिखते हैं, 'दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पंजाब के सभी राजाओं ने स्वागत किया। हमें एक हाथी पर बैठाया गया और जुलूस शुरू हो गया। दिल्ली का मुख्य बाजार चांदनी चौक लोगों से खचाखच भरा हुआ था। हम 300 कदम ही चले होंगे कि अचानक एक जोरदार ब्लास्ट हुआ और मेरा हाथी रुक गया।'

हार्डिंग ने पीछे देखा तो छत्र पकड़े बैठा कर्मचारी हौज की रस्सी में उलझकर मृत लटक रहा है। थोड़ी देर में हार्डिंग बेहोश हो गए। होश आया तो उन्होंने खुद को एक कार में पाया। ये हमला रास बिहारी बोस ने अपने ऑफिस से एक दिन की छुट्टी लेकर किया था। हमले के बाद वे वापस देहरादून लौट गए। ब्रिटिश शासन के खिलाफ हर बड़े आंदोलन का कहीं न कहीं दिल्ली से जुड़ाव रहा। यह न केवल भौगोलिक रूप से भारत के बीच में थी, बल्कि राजनीतिक, सांस्कृतिक, और ऐतिहासिक दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण थी। ऐसी ही कुछ घटनाएं... 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी 21 साल बाद दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे। अपने गुरु गोपाल कृष्ण गोखले की सलाह पर उन्होंने भारत यात्रा शुरू की और 12 अप्रैल 1915 को पहली बार दिल्ली पहुंचे।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दिल्ली में कई अहम सत्र आयोजित किए, जैसे 1924 का अधिवेशन, जो महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुआ। इन सत्रों के जरिए स्वतंत्रता के लिए रणनीतियां बनाई गईं। 1929 में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने केंद्रीय विधान सभा में बम फेंका ताकि ब्रिटिश सरकार को संदेश दिया जा सके। दिल्ली में कई गुप्त सभाएं और योजनाएं बनाई गईं। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान दिल्ली में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ जन समर्थन जुटाने में दिल्ली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के खिलाफ दिल्ली के लालकिले में 1945 में मुकदमा चलाया गया। इसमें तीन अफसरों कर्नल प्रेम कुमार सहगल, कर्नल गुरुबख्श सिंह ढिल्लन और मेजर जनरल शाहनवाज खान पर राजद्रोह का आरोप चलाया गया था।

# महाकुंभ' : 'मौनी अमावस्या' पर होगा 'देवताओं' का 'जमघट'



सुरेश गांधी

मौनी अमावस्या का व्रत आत्मसंयम, शांति और मोक्ष की प्राप्ति के लिए अत्यंत प्रभावशाली माना गया है। यह व्रत मन और वाणी को शुद्ध करता है और आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि इस व्रत को करने से समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होती है और साधक की वाणी में मधुरता आती है। साथ ही, यह व्रत व्यक्ति के आंतरिक और बाहरी जीवन में संतुलन लाने में सहायक होता है। मतलब साफ है मौनी अमावस्या का व्रत केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह आत्म-नियंत्रण और ध्यान के माध्यम से मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करता है। खास यह है कि इस बार मकर राशि में त्रिवेणी योग बन रहा है। दरअसल, इस बार एक साथ मकर राशि में ग्रहों के राजा सूर्य, रानी चंद्रमा, राजकुमार बुध, एक साथ विराजमान होंगे। इसके साथ ही ज्ञान के कारक ग्रह गुरु तीनों ग्रहों को अपनी नवम दृष्टि से देखें जिससे गुरु के साथ इन तीनों ग्रहों का नवम पंचम योग बनेगा जिससे अबकी बार कुंभ से ज्ञान विज्ञान का नया प्रकाश समाज में फैलेगा। साथ ही यह योग कई राशियों के लिए भी लाभकारी साबित होने वाला है। मकर सहित कई राशियों को मौनी अमावस्या पर लाभ और उन्नति मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय बहुत ही उत्तम रहेगा। उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिलेगी। साथ ही आपका वैवाहिक जीवन भी पहले से काफी ज्यादा सुखद रहेगा। संतान पक्ष से आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। मान्यताओं के अनुसार मौनी अमास्या के दिन पवित्र संगम में देवताओं का निवास होता है। इसलिए इस दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन पितरों की शांति के लिए तर्पण किया जाता है। कहा जाता है कि यह दिन मुनियों के लिए अनंत पुण्यदायक है। इस दिन मौन रहने से पुण्य लोक, मुनि लोक की प्राप्ति होती है। अमावस्या के दिन काल विशेष रूप से प्रभावी रहता है। इस दिन चांद पूरी तरह अस्त रहता है। इस दिन को माघ अमावस्या और दर्श अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार हर महीने एक अमावस्या व एक पूर्णिमा तिथि आती है। अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित मानी गई है। खास यह है कि इस दिन गंगा और संगम में स्नान, दान और भगवान भास्कर की पूजा से लोगों को शनि पीड़ा से मुक्ति भी मिलेगी. लोगों के सारे बिगड़े काम भी बनने लगेंगे. मनुष्य को सारे पापों से मुक्ति मिलेगी. कहते है इसी दिन कुंभ के पहले तीर्थाकर ऋषभ देव ने अपनी लंबी तपस्या का मौन व्रत तोड़ा था और संगम के पवित्र जल में स्नान किया था। मौनी अमावस्या का बहुत पवित्र दिन होता है। इस दिन मौन व्रत धारण किया जाता है। माघ अमावस्या के दिन भगवान मनु का जन्म हुआ था। मौनी अमावस्या जैसे की नाम से ही स्पष्ट होता है, इस दिन मौन रहकर व्रत रखना चाहिए। इस दिन सूर्य नारायण को अर्घ्य देने से गरीबी और दरिद्रता दूर होती है। साथ ही सारी बीमारी और पाप दूर हो जाते हैं। मौन व्रत का मतलब सिर्फ मौन रहना नहीं है। मौन व्रत का पालन तीन तरीकों से किया जाता है। एक वाणी पर नियंत्रण रखना, मीठी वाणी बोलना, किसी से स्वार्थवश कड़वी बात ना बोलना। दूसरा कारण है कि बिना दिखावा किए लोगों की सेवा करना। सेवा करते वक्त सेवा की तारीफ या दिखावा ना करें। तीसरा कारण है मौन व्रत का सच्चे मन से ईश्वर की भक्ति में लीन रहना। इससे संतान और पति की आयु बढ़ती है और जीवन में खुशहाली आती है।

इस दिन शिव जी और विष्णु जी की पूजा एक साथ करनी चाहिए। जिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य पति का सुख और पति की दीर्घायु चाहिए और संतान की तरक्की या संतान का विवाह चाहते हैं, उन्हें यह व्रत रखना चाहिए और पवित्र जल से स्नान कर दान करना चाहिए। शुभ योग होने के चलते तीर्थराज प्रयाग में इस पर्व पर आकाशीय अमृत वर्षा करेंगे। माघमास की अमावस्या तिथि, माघ के महीने का सबसे बड़ा स्नान पर्व है। अनेक वर्षों बाद ऐसा शुभ अवसर आया है जब शनिचरी अमावस्या पर सारे ग्रह नक्षत्र कल्याणकारी भूमिका में हैं जो मानव की हर कामना को पूर्ण करेंगे। माघ मास की अमावस्या को ब्रह्मा जी और गायत्री की विशेष अर्चना के साथ-साथ देव पितृ तर्पण का विधान है। सतयुग में तपस्या को, त्रेतायुग में ज्ञान को, द्वापर में पूजन को और कलियुग में दान को उत्तम माना गया है परन्तु माघ का स्नान सभी युगों में श्रेष्ठ है। माघ मास में गोचरवश जब भगवान सूर्य, चन्द्रमा के साथ मकर राशि पर आसीन होते हैं, तो ज्योतिषशास्त्र उस काल को मौनी अमावस्या की संज्ञा देता है। सूर्य की उत्तरायण गति और उसकी प्रथम अमा के रूप में मौनी अमावस्या का स्नान एक विशेष प्रकार की जीवनदायिनी शक्ति प्रदान करता है। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करके देव ऋषि और पितृ तर्पण करके यथाशक्ति तथा शेष दान कर मौन धारण करने से अनंत ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

# सैफ पर हमले के पीछे क्या किसी अपने का हाथ ?



16 जनवरी की रात 2 बजे। सैफ अली खान के बेटे जहांगीर के कमरे में एक शख्स घुसा। देखभाल करने वाली स्टाफ नर्स ने देखा तो शोर मचा दिया। शख्स ने चुप रहने को कहा और 1 करोड़ रुपए मांगे। शोर सुनकर सैफ भी वहां पहुंचे। उन्हें देखते ही हमलावर ने अटैक कर दिया। सैफ ने उसे किसी तरह कमरे में कैद कर दिया। बाद में स्टाफ ने देखा तो वो कमरे से फरार हो चुका था। ये है दर्ज कहानी का मजमून। जिस तरह हाई सिक्योरिटी वाली सोसाइटी में हमलावर घुसा और सैफ पर जानलेवा हमला कर आसानी से फरार हो गया। इससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्राइम ब्रांच की 8 टीमें इन्वेस्टिगेट कर रही हैं कि आखिर हमलावर कैसे घुसा और उसका असली मकसद क्या था?

एफआईआर में दर्ज कहानी, पुलिस की जांच, घर में मौजूद स्टाफ के बयानों और परिस्थिति जनित साक्ष्यों के आधार पर फिलहाल 3 तरह के थ्योरीज सामने आ रही हैं। ये थ्योरीज और उन पर उठ रहे सवालों की पडताल करती रिपोर्ट। हमलावर की सैफ से कोई निजी दुश्मनी नहीं थी। वह सैफ के बेटे जहांगीर को बंधक बनाकर लूट को अंजाम देने के इरादे से घुसा होगा। ये थ्योरी एफआईआर में दर्ज कहानी से मेल खाती है। सैफ अली खान के छोटे बेटे जहांगीर की 56 साल की नैनी यानी दाई अरियामा फिलिप ने बांद्रा पुलिस स्टेशन में एफआईआरदर्ज कराई। उसके मुताबिक... सैफ का परिवार मुंबई के बांद्रा इलाके की सतगुरू शरण बिल्डिंग के 11वीं और 12वीं मंजिल के डुप्लेक्स में रहता है। 11वीं मंजिल में तीन कमरे हैं। एक कमरे में सैफ अली खान और पत्नी करीना रहते हैं। दूसरे कमरे में बेटा तैमूर और उनकी नैनी गीता रहती हैं। तीसरे में जहांगीर उर्फ जेह बाबा, नैनी फिलिप और एक अन्य नैनी जुनू रहती हैं।

फिलिप और जुनू ने जहांगीर को रात करीब 11 बजे बेड पर सुला दिया और वो दोनों बेड के नीचे सो गईं। रात करीब 2 बजे फिलिप की नींद खुली तो उसने देखा कि बाथरूम का दरवाजा खुला था और लाइट जल रही थी। फिलिप ने बताया, 'मुझे लगा कि करीना अपने बच्चे को देखने आई हैं और मैं दोबारा सो गई। लेकिन बाथरूम से दोबारा आवाज आई तो मैं उठकर बैठ गई। फिर मैंने टोपी पहने एक आदमी की परछाई देखी।'

तभी एक इंसान बाथरूम से बाहर आया और जेह बाबा के बिस्तर के पास जाने लगा। यह देखकर मैं जल्दी से उठ गई और जेह बाबा के पास गई तो उस आदमी ने अपनी उंगली उठाकर हिंदी में कहा 'कोई आवाज नहीं। उसी समय जुनू भी नींद से जाग गईं। उस इंसान ने जुनू को भी धमकाते हुए कहा, 'नो आवाज, नो आवाज।' , फिलिप ने कहा, 'जब मैं जेह बाबा को उठाने गई, तो वह अपने बाएं हाथ में लकड़ी जैसा कुछ और दाहिने हाथ में एक लंबा पतला हेक्सा ब्लेड लेकर मेरी ओर दौड़ा।

हाथापाई के दौरान उसने मुझ पर हेक्सा ब्लेड से वार करने की कोशिश की। जब मैंने हाथ आगे बढ़ाकर बचाने की कोशिश की तो मेरे दोनों हाथों की कलाई के पास और बाएं हाथ की बीच वाली उंगली पर चोट लग गई। उस वक्त मैंने उससे पूछा तुम्हें क्या चाहिए? तो उसने कहा मुझे पैसों की जरूरत है। मैंने पूछा कितने, फिर उसने अंग्रेजी में कहा 'एक करोड़।'

पुलिस की जांचः मुंबई के डीसीपी दीक्षित गेडाम ने बताया कि बीएनएस की धारा 311 (मौत या गंभीर चोट पहुंचाने की कोशिश के साथ डकैती), 312 (जानलेवा हथियार के साथ डकैती की कोशिश) और 331 (घर में सेंध लगाकर हमला करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। डकैती की धाराएं तब लगाई जाती हैं जब घटना में 5 या उससे ज्यादा लोग शामिल हों। अभी यह जानकारी सामने नहीं आई है कि पुलिस ने कितने लोगों को आरोपी बनाया है, साथ ही घटना का मुख्य आरोपी कौन है।

एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने कहा कि आरोपी ने फ्लैट में घुसने के लिए बिल्डिंग शाफ्ट का इस्तेमाल किया होगा, क्योंकि वह दोनों लिफ्टों और लॉबी में लगे कैमरों में नहीं दिखा। बिल्डिंग में दो एंट्री गेट हैं। मेन गेट पर दो सिक्योरिटी गार्ड हैं जबकि दूसरे गेट पर एक गार्ड है।

सैफ के किसी स्टाफ ने हमलावर की मदद की होगी। उसे घर में घुसने और बाहर निकलने के सभी रास्ते पता थे। उसे ये भी पता था कि वह बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी फुटेज से कैसे बच सकता है? फिलिप ने बताया... जब सैफ सर आए तो हमलावर ने उन पर ब्लेड से हमला किया और फिर गीता पर भी हमला किया जो कमरे में आई थी। सैफ और गीता ने किसी तरह हमलावर को काबू में किया और सभी कमरे से भाग गए।

हमलावर कमरे के अंदर था। हमने कमरा बाहर से बंद कर दिया और भागकर ऊपरी मंजिल पर आ गए। शोर सुनकर स्टाफ के बाकी 4 लोग भी जाग गए। जब वे उस कमरे में गए तो देखा कि दरवाजा खुला था। और हमलावर भाग गया था। एफआईआर से ऐसा लगता है कि हमलावर को पता था कि कमरे की खिड़की के रास्ते वह बाहर कैसे निकलेगा।

पुलिस की जांचः पुलिस के मुताबिक, छठी मंजिल पर फायर-एग्जिट के लिए जो सीढ़ियां बनी हैं उसके फुटेज में हमलावर को 2 बजकर 33 मिनट पर निकलते देखा गया। आरोपी कमरे की खिड़की से भागा। एक सीनियर पुलिस ऑफिसर ने कहा कि बिल्डिंग के दूसरे गेट की दीवार ऊंची नहीं है। जो जाल लगा है वह भी फटा हुआ है। यह किसी अंदरूनी आदमी का काम हो सकता है। मुंबई पुलिस ने ये भी कहा है कि, हमलावर सैफ के स्टाफ में से एक का रिश्तेदार है, जिसने उसे घर में घुसने दिया। स्टाफ से पूछताछ की जा रही है।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ एनसीपी (एसपी) नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा, 'सैफ अली खान पर हमला किसी प्लांड साजिश का हिस्सा हो सकता है। जिस तरह से सैफ को पिछले कई सालों से अपने बेटे का नाम तैमूर रखने के लिए निशाना बनाया जा रहा है, उसे देखते हुए इस बात की जांच जरूरी है कि यह हमला धार्मिक कट्टरपंथियों ने किया था या नहीं।' हमलावर ने सैफ पर 6 बार ब्लेड से वार किया। इससे यह संभावना बढ़ जाती है कि हमला सिर्फ चोरी या लूट के लिए नहीं, बल्कि मर्डर के इरादे से किया गया था। हालांकि, इस संकेत से किसी फैसले पर नहीं पहुंचा जा सकता है।

पुलिस फिलहाल इस थ्योरी से इनकार कर रही है। पुलिस का मानना है कि हमलावर चोरी या लूट के इरादे से घुसा था। उसका मकसद हत्या करना नहीं था और न ही ये प्री प्लांड है। गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने कहा कि सैफ अली खान पर चाकू से हमले के पीछे किसी अंडरवर्ल्ड गिरोह का हाथ नहीं है। हमले के सिलसिले में हिरासत में लिया गया संदिग्ध किसी गिरोह का सदस्य नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके पास आरोपी की सिर्फ तस्वीर है। पुलिस को आरोपी के बारे में कोई और जानकारी नहीं है। इसलिए अभी तक आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस की लगभग 20 टीमें मामले की जांच कर रही हैं। पुलिस ने 17 जनवरी की सुबह बांद्रा रेलवे स्टेशन से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया था। संदिग्ध का हुलिया हमलावर के हुलिए से मेल खा रहा था। कहा गया था कि संदिग्ध पर पहले से ही हाउस-ब्रेक यानी सेंधमारी के 5 केस दर्ज हैं। हालांकि दोपहर तक पूछताछ के बाद पुलिस ने कहा कि इस शख्स का सैफ अली खान के केस से कोई लेना देना नहीं है। अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। एक्टर पर हमले के पीछे किसी अंडरवर्ल्ड गैंग का हाथ नहीं है। सैफ ने कभी नहीं बताया कि उन्हें खतरा है या फिर सुरक्षा की जरूरत है।

17 जनवरी को मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल के चीफ न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे और डॉ. नीरज उत्तमानी ने बताया कि सैफ को अस्पताल के स्पेशल रूम में शिफ्ट कर दिया गया है। वे खतरे से बाहर हैं। सैफ के गले, पीठ, हाथ और सिर समेत 6 जगह ब्लेड लगा था। सैफ की रीढ़ की हड्डी में ब्लेड का ढाई इंच का टुकड़ा फंसा था और फ्लूड भी लीक हो रहा था। सर्जरी करके ब्लेड निकाला गया। डॉक्टर ने कहा कि अगर एक्टर की रीढ़ में चाकू 2 मिमी. और धंस गया होता तो रीढ़ की हड्डी को काफी नुकसान पहुंच सकता था।

पुलिस ने बताया कि सैफ की बिल्डिंग में सुरक्षा व्यवस्था सख्त नहीं है। बांद्रा में इतनी हाई-प्रोफाइल बिल्डिंग के लिए सोसाइटी में सीसीटीवी कवरेज अपर्याप्त है। बिल्डिंग के बाहर दुकानदारों ने बताया कि गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड बिना जांच किए उन्हें अपार्टमेंट में जाने की इजाजत दिया करते थे। बिल्डिंग के बगल में एक सब्जी विक्रेता ने कहा, 'अगर हमें सब्जियां या फल डिलीवर करने का ऑर्डर मिलता है, तो हम गेट पर जाकर खड़े हो जाते हैं और चौकीदार को बता देते हैं। फिर वह कार्ड का इस्तेमाल करके ऑटोमैटिक गेट खोल देता है और हम लिफ्ट से सामान पहुंचा देते हैं।'







# ऋषि, मुनि, साधु और संन्यासी में क्या होता है अंतर ? न करें इन्हें एक समझने की गलती



भारत में प्राचीन काल से ही ऋषि, मुनियों का विशेष महत्व रहा है। ऋषि, मुनि समाज के पथ प्रदर्शक माने जाते थे और वे अपने ज्ञान और साधना से हमेशा ही समाज और लोगों का कल्याण करते थे। ऋषि, मुनि, साधु या फिर संन्यासी सभी धर्म के प्रति समर्पित शख्स होते हैं जो सांसारिक मोह के बंधन से दूर जनहित कल्याण हेतु निरंतर अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं और ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति हेतु साधना, तपस्या और मनन आदि करते हैं। हालांकि ऋषि, मुनि, साधु और संन्यासी में कुछ अंतर होते हैं, आइए जानते हैं क्या?

**कौन होते हैं ऋषि?**

भारत में सदियों से ऋषि परंपरा का विशेष महत्व रहा है। आज भी हमारे समाज में किसी न किसी को ऋषि का वंशज माना जाता है। ऋषि वैदिक परंपरा से लिया गया शब्द है जिसे श्रुति ग्रंथों को दर्शन करने वाले लोगों के लिए इस्तेमाल किया गया है। दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है वह व्यक्ति जो अपने विशिष्ट, विलक्षण एकाग्रता के बल पर वैदिक परंपरा का अध्ययन, विलक्षण शब्दों के दर्शन, उनके गूढ़ अर्थों को जाना और प्राणी मात्र के कल्याण हेतु उस ज्ञान को लिखकर समाज को बताए, वे ऋषि कहलाए।

**मुनि किसे कहते हैं?**

वहीं, मुनि भी एक तरह के ऋषि ही होते थे पर उनमें राग द्वेष का अभाव होता है। भगवत गीता में मुनियों के बारे में कहा गया है जिनका चित्त दुःख से उद्विग्न नहीं होता, जो सुख की इच्छा नहीं करते और जो राग, भय और क्रोध से पर रहते हैं, ऐसे निश्चल बुद्धि वाले संत मुनि कहलाते हैं। मुनि शब्द मौनी यानी शांत या न बोलने वाले से है। ऐसे ऋषि जो एक विशेष अवधि के लिए मौन या बहुत कम बोलने का शपथ लेते थे उन्हीं मुनि कहा जाता था।

**कौन होते हैं साधु?**

किसी भक्ति विषय की साधना करने वाले शख्स को साधु कहा जाता है। प्राचीन काल में कई व्यक्ति समाज से अलग होकर या समाज में ही रहकर किसी विषय पर साधना करते थे और उस विषय में विशिष्ट ज्ञान हासिल कर लेते हैं, साधु कहलाते हैं। विषय को साधने या उसकी साधना करने के कारण ही उन्हें साधु कहा गया। इसके अलावा, साधु का अर्थ सकारात्मक साधना करने वाला व्यक्ति हमेशा सरल, सीधा और लोगों की भलाई करने वाला भी होता है। आम बोलचाल में साध का अर्थ सीधा और दुष्टता से हीन होता है। संस्कृत में साधु शब्द से तात्पर्य है सज्जन व्यक्ति।

**कौन कहलाते हैं संन्यासी?**

माना जाता है कि संन्यासी धर्म की परम्परा प्राचीन हिन्दू धर्म से जुड़ी नहीं है। वैदिक काल में किसी संन्यासी का कोई जिक्र नहीं है। संभवतः संन्यासी या संन्यास की धारणा जैन और बौद्ध धर्म के प्रचलन के बाद आई जिसमें संन्यास की अपनी अलग मान्यता है। हिन्दू धर्म में आदि शंकराचार्य को महान संन्यासी कहा गया है। संन्यासी शब्द संन्यास से निकला हुआ है जिसका अर्थ त्याग करना होता है। अतः त्याग करने वाले को ही संन्यासी कहा जाता है। संन्यासी अपनी पूरी संपत्ति, गृहस्थ जीवन का त्याग करता है या फिर अविवाहित रहने का प्रण लेता है, समाज और सांसारिक जीवन का त्याग करता है और योग ध्यान करते हुए अपने आराध्य की भक्ति में लीन रहता है।

### दूरदृष्टि रखकर लें निर्णय

**महाभारत में पांडवों का वनवास चल रहा था। उन दिनों में अर्जुन समझ गए थे कि भविष्य में कौरवों से युद्ध लड़ पड़ सकता है। इसलिए उन्होंने समय का सही इस्तेमाल करते हुए दिव्यास्त्र प्राप्त करने का निर्णय लिया। अर्जुन ने शिव जी को प्रसन्न के लिए तप किया।**

**अर्जुन के तप से शिव जी प्रसन्न हुए और वरदान के रूप में दिव्यास्त्र दिए। यही दिव्यास्त्र महाभारत युद्ध में अर्जुन के काम आए और पांडवों ने कौरवों को पराजित कर दिया।**

# 21 जनवरी को मंगल शुरू करेंगे वक्री चाल ये 3 राशियां रहें सतर्क, बढ़ेंगी परेशानियां

ग्रहों के सेनापति मंगल 21 जनवरी को कर्क राशि से उल्टी चाल चलते हुए मिथुन राशि में आ जाएंगे। मंगल की यह वक्री चाल सभी राशियों के जीवन में कुछ न कुछ प्रभाव डालेगी। नेतृत्व, ऊर्जा और साहस-पराक्रम के कारक ग्रह का वक्री होना कुछ राशियों के जीवन में नकारात्मक प्रभाव डालने वाला भी साबित हो सकता है। ये राशियां कौन सी हैं और क्या उपाय करने से इनके जीवन में सकारात्मकता आ सकती है, आइए जानते हैं।



**वृषभ 2**

मंगल ग्रह का वक्री गोचर आपकी राशि से में द्वितीय भाव में होगा। इस भाव में विराजमान मंगल आपके जीवन में परेशानियां पैदा कर सकते हैं। खासकर परिवार के लोगों के साथ मतभेद होंगे और इसके कारण आप मानसिक रूप से परेशान हो सकते हैं। इसके साथ ही आपके आर्थिक पक्ष के लिए भी मंगल की यह स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती। इस दौरान धन से जुड़े मामलों को लेकर आपको सतर्क रहना होगा। आस पड़ोस के लोगों से भी आपके मतभेद हो सकते हैं, इसलिए बातचीत के दौरान शब्दों का इस्तेमाल सोच-समझकर करें। उपाय के तौर पर इस राशि वालों को हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

**कुंभ 5**

आपकी राशि से पंचम भाव में मंगल ग्रह का वक्री गोचर होगा। आपको संतान पक्ष को लेकर इस दौरान बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है। बच्चों की तबीयत खराब हो सकती है, उनका ख्याल रखें। इस अवधि में माता के पक्ष के लोगों के साथ किसी मतभेद के चलते परिवार के बीच आपका नाम खराब हो सकता है। छाती और उदर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं भी चिंता का विषय बनेंगी। उपाय के तौर पर इस राशि के लोगों को लाल रंग की मिठाई, लाल रंग के कपड़ों का दान करना चाहिए।

**मीन 4**

चतुर्थ भाव में मंगल ग्रह का वक्री होना शुभ नहीं माना जाता। मिथुन राशि में वक्री गोचर के दौरान मंगल आपके इसी भाव में रहेंगे, इसके कारण आपको वैवाहिक और पारिवारिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। पार्टनर के साथ गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं, और टकरार होने की भी आशंका है। इस राशि के जातकों को भूमि, भवन आदि से जुड़े मुद्दों को लेकर भी सतर्कता बरतनी होगी। किसी पर भी हद से ज्यादा भरोसा करना आपके लिए घातक साबित हो सकता है। अगर आप हृदय से संबंधित स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं तो इस दौरान अपना विशेष ख्याल रखें। उपाय के तौर पर इस राशि के लोगों को हनुमान जी को सिंदूर चढ़ानी चाहिए।

# महाकुंभ में दूसरे अमृत स्नान के बाद 41 दिनों तक करें इन शिव मंत्रों में से एक का जाप



हाकुंभ अमृत स्नान और आध्यात्मिक उत्थान का पर्व है। इस दौरान शिव भगवान की पूजा आराधना करना भी बेहद शुभ माना जाता है। भगवान शिव के विष ग्रहण करने के बाद ही अमृत की बूंदें पृथ्वी पर गिरी थीं। इन बूंदों के गिरने से ही धरती पर चार स्थानों में कुंभ का मेला लगता है। ऐसे में महाकुंभ के दौरान अगर आप कुछ मंत्रों का जप करते हैं तो आपको कई सिद्धियां प्राप्त हो सकते हैं, हर प्रकार के ग्रहदोष से आपको मुक्ति मिलती है।

**दूसरे अमृत स्नान से इनमें से किसी एक मंत्र का जाप**

भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए किसी भी मंत्र के शुभ फल प्राप्त करने के लिए आपको कम से कम 41 दिन उसका पाठ करना चाहिए। इसके साथ ही मंत्र जप के बारे में किसी को भी बताने से बचें। मंत्र जप शुरू करने से पहले संकल्प लें कि एक ही समय पर प्रतिदिन 41 दिनों तक आप इसका जप करेंगे। 41 दिन तक जप करने के बाद विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करें और उन्हें भोग लगाएं। ऐसा करने से आपकी मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं।

**ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम ।
उर्वारुकमिव बन्धनानमृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥**

### ग्रहदोष से मिलेगी मुक्ति

शिवपुराण के मुताबिक, इस मंत्र के जाप से व्यक्ति की सभी बाधाएं और परेशानियां दूर हो जाती हैं। यह मंत्र इंसान को भय से मुक्ति दिलाता है, साथ ही अकाल मृत्यु को भी दूर करने में सहायक होता है।

**ॐ तत्पुरुषाय विद्महे, महादेवाय धीमहि, तन्नो रूद्र प्रचोदयात।**

यह शिवजी गायत्री मंत्र हैं। शिव के पंचाक्षरी मंत्र का जाप करने से शख्स को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके जप से व्यक्ति में साहस का संचार होता है। शिव गायत्री मंत्र का जाप करने से साधक को सुख, समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। साथ ही उसके पापों का भी नाश होता है, उसे मानसिक शांति मिलती है।

**ॐ नमः शिवाय**

इसे शिव जी की सभी विद्याओं का बीज मंत्र माना जाता है। शिव पुराण की मानें तो इसे भगवान शिव का प्रभावशाली मंत्र माना गया है। मान्यता है कि जो भी इस मंत्र का प्रतिदिन 108 बार जाप करेगा तो उसे आरोग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही भगवान शिव की कृपा भी बरसेगी।

**ॐ नमो भगवते रुद्राय नमः**


ये शिवजी का रुद्र मंत्र है। रुद्र मंत्र का जाप कई बीमारियों से छुटकारा पाने में मदद करता है। ध्यान रहे कि इस मंत्र का उचित उच्चारण के साथ जप करना चाहिए। इससे जीवन में आई बाधाएं और परेशानी को दूर हो जाएगा।

### सलाह और मार्गदर्शन लेते रहें

**महाभारत में पांडवों ने हमेशा श्रीकृष्ण से सलाह और मार्गदर्शन लिया। दूसरी ओर दुर्योधन की किसी की सलाह नहीं मानता था, सिर्फ अपनी मनमानी करता था। पांडवों ने श्रीकृष्ण की हर बात मानी, इसलिए उन्होंने कौरवों को पराजित किया। हमें भी अपने आसपास ऐसे लोगों को खोजना चाहिए, जो सही सलाह देते हैं, सही सलाह को अपनाएंगे तो सफलता मिलेगी।**

# सपने में खुद को महाकुंभ में स्नान करते देखने का क्या होता है मतलब ?

महाकुंभ का मेला 13 जनवरी से धर्म नगरी प्रयागराज में शुरू हो चुका है। 26 जनवरी को महाकुंभ मेले का समापन होगा। महाकुंभ को लेकर पूरी दुनिया में इस दौरान चर्चाएं हैं और इसकी विशालता को देखकर हर कोई हैरान है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर आप कभी सपने में खुद को महाकुंभ में स्नान करते देखते हैं, तो इसका क्या अर्थ होता है। ये सपना शुभ होता है या अशुभ आइए विस्तार से जानते हैं।



**सपने में महाकुंभ में डुबकी लगाने का मतलब**

महाकुंभ का मेला वर्षों के बाद लगता है। ये हिंदू धर्म के पवित्र पर्वों में से एक है। ऐसे में अगर आप कभी सपने में खुद को महाकुंभ में नहाते देख लेते हैं तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। स्वप्नशास्त्र में पवित्र नदियों में नहाना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं अगर आप महाकुंभ में खुद को नहाते देख लें तो समझ जाइए आपका आध्यात्मिक उत्थान होने वाला है। आप जीवन में उन्नति के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं और कई अच्छे अनुभव आपको प्राप्त हो सकते हैं। इसके साथ ही महाकुंभ में खुद को नहाते देखना इस बात का भी संकेत है कि आपका मन पवित्रता की ओर बढ़ रहा है।

**शांति और तनाव मुक्ति का संकेत**

अगर आप सपने में महाकुंभ में नहाते खुद को देखते हैं तो ये सपना आपकी मानसिक शांति को भी दर्शाता है। इसका अर्थ यह भी है कि आप जीवन में जिन बातों को लेकर तनावग्रस्त थे उनका हल आपको मिल सकता है। कई तरह के अच्छे अनुभव भी आपको ऐसा सपना आने के बाद हो सकते हैं।

**महाकुंभ के मेले को देखना**

सपने में अगर आप देखें कि आप महाकुंभ में शामिल हुए हैं, यानि आपने डुबकी नहीं लगाई लेकिन आप किसी घाट पर खड़े हैं, तो ये सपना बदलाव का संकेत देता है। इसका अर्थ होता है कि, आप जीवन में जिस मार्ग पर चल रहे हैं उससे कुछ अलग करने की आपकी इच्छा है। हालांकि यह सपना सकारात्मक बदलाव की ओर ही इशारा करता है।

**सपने में परिवार के साथ खुद को महाकुंभ में देखना**

अगर आप सपने में सपरिवार खुद को महाकुंभ में डुबकी लगाते देखते हैं, तो समझ जाइए पारिवारिक जीवन में सुख-समृद्धि आपको प्राप्त होने वाली है। आपको परिवार के किसी व्यक्ति से शुभ समाचार भी मिल सकता है। इसके साथ ही यह सपना दर्शाता है कि आपके जीवन में परिवार से जुड़ी समस्याओं का अंत जल्द ही हो सकता है।

# कुंडली में शनि बना रहा है यह योग तो व्यक्ति बन सकता है साधु-संन्यासी

महाकुंभ में बड़ी संख्या में नागा साधु और संन्यासी प्रयागराज के पवित्र घाट में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। नागा साधुओं की वेशभूषा हमेशा से आम लोगों के लिए कौतुहल का विषय है। कड़कड़ाती ठंड में भी नागा साधु बिना वस्त्र के आसानी से जीवनयापन कर लेते हैं। हालांकि, ये नागा साधु सांसारिक दुनिया को छोड़कर ही संन्यास ग्रहण करते हैं।

अपने तप से ये वो सिद्धियां हासिल कर लेते हैं कि ठंड और गर्म को सहने की क्षमता इनके शरीर में आ जाती है। ऐसे में सवाल उठता है कि कोई व्यक्ति आखिर साधु-संन्यासी बनता क्यों है?

इसके पीछे व्यक्तिगत कारण कई हो सकते हैं, लेकिन ज्योतिष शास्त्र की मानें तो व्यक्ति की कुंडली में स्थिति शनि की कुछ विशेष स्थितियां इंसान को वैराग्य की ओर ले जाती हैं। आज हम आपको बताएंगे कि कुंडली में शनि के वह कौन से योग हैं, जिन के होने से व्यक्ति के मन में विरक्ति का भाव जाग सकता है और वो संन्यासी बन सकता है।

**दुर्बल लग्न पर शनि की दृष्टि**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति की कुंडली का लग्न बेहद महत्वपूर्ण होता है। इससे उसके स्वभाव के साथ ही उसकी मानसिक स्थिति और व्यवहार का पता चलता है। अगर लग्न मजबूत है तो व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने में परेशानियां नहीं आएंगी। ऐसा व्यक्ति सांसारिक जीवन में भी सफलता पाता है। वहीं वैराग्य के कारक ग्रह शनि की दृष्टि अगर लग्न पर पड़ रही है, और लग्न कमजोर है तो व्यक्ति के में मन में वैराग्य की भावना जागती है। ऐसा व्यक्ति सांसारिक जीवन में परेशान रहता है, वहीं साधु-संन्यासी बनकर उसे शांति की प्राप्ति होती है।

**कब होता है लग्न मजबूत-** जब लग्न पर शुभ और कुंडली के मजबूत ग्रहों की दृष्टि है। लग्न का स्वामी त्रिक भाव (6,8,12) में नहीं है। लग्न का स्वामी केंद्र भाव (1,4,7,10) में शुभ स्थिति में है या फिर अपनी उच्च राशि में है।

**कब होता है लग्न कमजोर-** जब लग्न का स्वामी कुंडली के त्रिक भावों (6,8,12) में हो। जब लग्न के स्वामी पर शनि, राहु, केतु जैसे अशुभ ग्रहों की दृष्टि हो। जब लग्न का स्वामी नीच राशि में हो।




**शनि की दृष्टि लग्न के स्वामी पर हो**


लग्न यानि पहले भाव का स्वामी कुंडली में कहीं पर भी हो और उसपर शनि की दृष्टि अगर पड़ रही है, तब भी व्यक्ति के अंदर विरक्ति के भाव जाग सकते हैं। ऐसा इंसान सांसारिक जीवन में घुल मिल नहीं पाता साथ ही उसका ध्यान एकांतवास की ओर भी होता है। इस स्थिति में भी व्यक्ति संन्यासी बन सकता है।

**नवम भाव में शनि**

कुंडली के नवम भाव को धर्म का भाव भी कहा जाता है। इस भाव में शनि अगर अकेला बैठा हो और उस पर किसी भी ग्रह की दृष्टि न हो तो संन्यास के प्रबल योग बनते हैं। ऐसा जातक धर्म के प्रति रुझान रखता है, साथ ही संसार के प्रति विरक्ति का भाव ऐसे व्यक्ति में बचपन से ही देखा जा सकता है। इस भाव में बैठा शनि व्यक्ति को आध्यात्मिक क्षेत्र में बहुत आगे ले जा सकता है।

**चंद्र स्वामी पर शनि की दृष्टि**

चंद्रमा जिस राशि में कुंडली में होता है उसे चंद्र राशि कहा जाता है। अगर चंद्र राशि का स्वामी कुंडली में दुर्बल है और उस पर शनि की दृष्टि है, तो व्यक्ति मोह माया के जाल में नहीं फंसता। ऐसा जातक अध्यात्म के क्षेत्र में आगे बढ़ता है और साधु-संन्यासी बन सकता है।



# मुझे लगा संजय दत्त है

## खुली जुल्फों में नजर आए रणवीर सिंह, फैन्स को पुराने संजू बाबा याद आ गए

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण माता-पिता बनने के बाद अपनी बेटी दुआ के साथ ज्यादा से ज्यादा वक्त गुजारते हैं। हालांकि रणवीर अपने काम पर वापस लौट चुके हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग शुरू कर दी है। वहीं दीपिका ने अभी कमबैक करने का विचार नहीं बनाया है। वो अपनी बेटी को पूरा वक्त देना चाहती हैं। दीपिका बेटी दुआ को खुद पालना चाहती हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रणवीर सिंह का लुक देख लोगों को पुराने दौर के संजय दत्त याद आ गए हैं। वायरल हो रहे वीडियो में रणवीर सिंह की स्वैग वाली वॉक लोगों को काफी इंप्रेस कर रही हैं। रणवीर अपने फैन्स को अपने अंदाज से हर बार खुश कर देते हैं। एक्टर की तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। उनकी एनर्जी और यूनिक ड्रेसिंग सेंस के फैन्स दीवाने हैं। हालांकि उन्हें अपने लुक्स और ड्रेसिंग को लेकर कई दफा ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है। लेकिन इस वीडियो में रणवीर को खुली जुल्फों में देखकर हर कोई एक बार के लिए चक्मा खा गया।


**रणवीर सिंह का लुक देख संजू बाबा की आई याद**

एक्टर का हेयर स्टाइल संजू बाबा के पुराने लुक से काफी हद तक मेल खाता है। वायरल क्लिप में रणवीर सिंह कुर्ते पजामे में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक कलर के चश्में भी पहने हुए हैं। इसके अलावा उनके बालों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। लंबे बाल तो रणवीर ने कई बार रखे हैं, लेकिन इस तरह बालों को खोलकर उन्हें कम देखा गया है। गले में चैन और जुल्फें लहराते हुए रणवीर अपनी कार में बैठ जाते हैं।

# इन एक्ट्रेसेस पर चढ़ा मोहब्बत का रंग

## पब्लिकली रिश्ता नहीं करतीं कबूल

प्यार एक खूबसूरत अहसास है, जो भी इसके रंग में रंगता है, उसकी जिंदगी बदल जाती है। इन दिनों ऐसे ही बदलाव कुछ बॉलीवुड एक्ट्रेसेस की जिंदगी में भी आ रहे हैं। कुछ यंग बॉलीवुड एक्ट्रेसेस रिलेशनशिप में होने को लेकर चर्चा में हैं। ये अलग बात है कि इन एक्ट्रेसेस ने अभी तक पब्लिकली अपने रिश्ते को स्वीकार नहीं किया है।



तृप्ति डिमरी



### श्रद्धा कपूर

कुछ दिन पहले सोशल मीडिया श्रद्धा कपूर का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उनके हाथ में जो मोबाइल था, उसके वॉलपेपर पर एक तस्वीर नजर आई। जब फैंस ने उस वीडियो के स्क्रीन शॉट लेकर जूम किया तो देखा कि उसमें श्रद्धा के साथ एक शख्स नजर आ रहा है। कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि यह श्रद्धा कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की फोटो है। हाल ही में भी श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्होंने राहुल मोदी को भी टैग किया। साथ ही फोटो पर हार्ट इमोजी भी बना था। इस तरह श्रद्धा ने कहीं ना कहीं इनडायरेक्टली तो जता दिया है कि वह रिलेशनशिप में हैं लेकिन पब्लिकली इस बात को एक्सेप्ट नहीं किया।

तृप्ति डिमरी भी इंस्टाग्राम पर अपने वैकेशन के फोटो शेयर करती हैं और बिल्कुल वैसी ही तस्वीरें उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट भी इंस्टाग्राम पर शेयर करते हैं। हां, साथ में दोनों कभी फोटो नहीं डालते हैं। इस तरह तृप्ति भी रिलेशनशिप में होने के बावजूद भी अपने रिश्ते को दुनिया के सामने कबूल नहीं कर रही हैं।

### कृति सेनन

कृति सेनन भी सोशल मीडिया पर कबीर बहिया को कुछ महीनों पहले जन्मदिन की बधाई दे चुकी हैं। साथ ही कृति ने कबीर के लिए मैसेज भी लिखा था। कृति लिखती हैं-'जन्मदिन मुबारक हो कबीर। आपकी मासूम मुस्कान हमेशा कायम रहे।' इसके अलावा उन्होंने रेड हार्ट वाला इमोजी भी अपने मैसेज के साथ लगाया। क्रिसमस पर भी कबीर के साथ कुछ फोटो अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में लगाई। इस तरह कृति भी प्यार में होने के बावजूद, उसे दुनिया के सामने स्वीकार नहीं कर रही हैं।



सुहाना खान

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तय नंदा के बीच एक नया रिश्ता बन रहा है। लंबे समय से यह अफवाह सुनने में आ रही है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन इस बारे में दोनों ने अभी तक खुलकर कुछ नहीं कहा है। हाल ही में उन्हें साथ देखा गया, दोनों एक पब्लिक प्लेस पर नजर आए।

### दिशा पटानी



दिशा पटानी तो लंबे समय से रूमर्ड बॉयफ्रेंड एलेक्सजेंडर के साथ पार्टी, वैकेशन में दिखती हैं। लेकिन दिशा ने भी अब तक अपने रिश्ते को मीडिया या फैंस के सामने एक्सेप्ट नहीं किया है।


## उर्वशी रौतेला की हुई थू-थू तो सैफ अली खान से मांगी माफी

# 'मैं बेहद शर्मिंदा हूं, मुझे माफ कर दीजिए'

सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद जहां सेलेब्स से लेकर राजनेता तक हैरान हैं। बॉलीवुड से लेकर साउथ स्टार्स के बीच इस मामले को लेकर हलचल मची हुई है। वहीं, उर्वशी रौतेला से इस बारे में सवाल किया गया तो एक्ट्रेस कुछ ऐसा कर बैठीं कि वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं। सोशल मीडिया पर जमकर उर्वशी की किरकिरी हुई तो अब उन्होंने अपनी गलती को मानते हुए मांगी माग ली है। हालांकि, माफीनामा जानने के बाद एक बार फिर वो लोगों को निशाने पर आ गए हैं।

दरअसल, सैफ पर हुए हमले के बाद उन्होंने एएनआई के साथ बातचीत की। इस इंटरव्यू के दौरान जब उर्वशी रौतेला से सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर सवाल किया गया तो पहले तो उन्होंने सैफ की सेहत को लेकर चिंता व्यक्त की और फिर अचानक वह अपनी लग्जरी वॉच को फ्लॉन्ट करने लगी, ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसको बाद वह ट्रोल्स के निशाने पर आ गईं।

**ट्रोल्स के निशाने पर आईं तो मांगी माफी**



सैफ को लेकप उर्वशी से हुए सवाल पर एक्ट्रेस ने जवाब दिया, 'मैंने अभी पढ़ा कि वह फाइनली ठीक हो गए हैं। लेकिन, ये बहुत ही दुखद है। कितनी देखभाल करनी पड़ती है। आप खुद ही सोचिए ना 'डाकू महराज' की सक्सेस पर मेरी मां ने मुझे ये डायमंड स्टडेड रोलेक्स वॉच गिफ्ट की और मेरे पापा ने ये मिनी वॉच गिफ्ट की। लेकिन, हम बाहर ये पहनने में कॉन्फिडेंट फील नहीं करेंगे। ये पहनकर निकलने में कितना डर लगता है।' अब सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें ऐसी हरकत के लिए घेरा तो उन्होंने माफीनामा जारी किया है।

# जावेद अख्तर के बाद शाहिद कपूर की एनिमल पर पूजा हेगड़े ने कसा तंज ?



**'अल्फा मेल' किरदार को लेकर बोलीं 'अब फीमेल देखने का समय है'**

बीते दिन शाहिद कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'देवा' का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इसके लिए मुंबई में एक इवेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें एक्ट्रेस पूजा हेगड़े भी अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंची थीं। बता दें कि पूजा फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर के साथ लीड रोल निभाती नजर आएंगी। इस मूवी के प्रमोशन के दौरान उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी राय रखी और वहीं उन्होंने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' पर भी तंज कसा। बता दें कि रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'एनिमल' साल 2023 में रिलीज हुई थी, इस मूवी में एक्टर को अल्फा-मेल किरदार में दिखाया गया था। हालांकि मूवी में रणबीर के किरदार को लेकर उन्हें काफी ट्रोल भी किया गया था।

**पूजा हेगड़े ने रणबीर कपूर की मूवी पर कसा तंज**

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने देवा के ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि अब यह अल्फा मेल नहीं अल्फा फीमेल देखने का समय है। एक्ट्रेस के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि उन्होंने कहीं ना कहीं संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' पर निशाना साधा है। बता दें कि शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है।



# अमिताभ बच्चन और ऐश्वर्या से किया गया कंपेयर

## तो अभिषेक बच्चन ने कहा- ये आसान होने वाला नहीं





अभिषेक बच्चन बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर्स में शामिल हैं, उन्होंने अभी तक के करियर में कई सारी फिल्में दी हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में उनका करियर 25 साल पहले शुरू हुआ था। अभिषेक ने जेपी दत्ता के डायरेक्शन में बनी फिल्म रिफ्यूजी से अपने करियर की शुरुआत की थी। मेगास्टार के बेटे होने की वजह से अक्सर ही उनकी तुलना अमिताभ बच्चन से किया जाता है। इसके साथ ही उनको उनकी पत्नी ऐश्वर्या के साथ भी कंपेयर किया जाता है। हाल ही में एक्टर ने बार-बार पूछ जाने वाले इस सवाल पर अपना रिएक्शन दिया है। अभिषेक बच्चन हाल ही में 'आई वॉन्ट टू टॉक' में नजर आए थे। हाल ही में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में अपनी फैमिली से खुद को कंपेयर करने के सवाल पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि ये बिल्कुल भी आसान होने वाला नहीं है, क्यों 25 साल से मुझसे एक ही सवाल पूछा गया है, जिससे अब मैं पूरी तरह से फ्री हो चुका हूं। एक्टर ने कहा कि अगल आप मेरा कंपेयर मेरे पिता के साथ करते हैं, तो आप मेरा कंपेयर बेस्ट के साथ कर रहे हैं। मुझे ऐसा लगता है कि कहीं न कहीं मैं इन बड़े एक्टर्स के नामों के साथ गिने जाने के लायक हूं।

**अमिताभ बच्चन के डेडिकेशन पर की बात**

आगे एक्टर ने कहा कि मेरे माता-पिता मेरे माता-पिता हैं, मेरी फैमिली मेरी फैमिली है और मेरी पत्नी मेरी पत्नी है। मुझे उन पर और उनके अचीवमेंट पर और उनके किए जा रहे कामों पर बहुत गर्व है। अपने पिता के बारे में बात करते हुए अभिषेक बच्चन ने कहा कि मैं उनके डेडिकेशन की तारीफ करता हूं। उन्होंने कहा, मेरा मतलब है, यहां हम मुंबई में एक शानदार एसी वाले कमरे में बैठे हैं और ये इंटरव्यू कर रहे हैं, जिसके साथ एक बढ़िया कप कॉफी पी रहे हैं। वहीं वो 82 साल की उम्र में सुबह 7 बजे से 'केबीसी' की शूटिंग कर रहे हैं और एक एक्जाम्पल सेट कर रहे हैं।

## 21 साल की नीसा देवगन का लड़खड़ाने का वीडियो वायरल तो लोगों ने की रवीना की बेटी से तुलना, कहा- राशा बेस्ट हैं



इन दिनों चारों तरफ राशा थडानी ही छाई हुई हैं। उनकी फिल्म 'आजाद' रिलीज हो चुकी है लेकिन उससे भी ज्यादा चर्चा में है रवीना टंडन की बेटी का 'उई अम्मा' गाना, जिसमें वह कमाल की लग रही हैं। हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। इन सबके बीच काजोल की बेटी ने भी ध्यान खींचा है। उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह एथनिक आउटफिट में दिखाई दे रही हैं और उनके साथ ओरी हैं। हालांकि इस दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद लोगों ने उनकी आलोचना करनी शुरू कर गी। दरअसल, नीसा देवगन को ओरी को किसी इवेंट या फंक्शन से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। काजोल और अजय देवगन की बेटी फिल्मों से तो दूर हैं हीं। सोशल मीडिया पर भी अकाउंट प्राइवेट किया है। विदेश में रहकर पढ़ाई कर रही हैं। छुट्टियों में वह शायद भारत आई हैं।

अब उनका जो वीडियो है, उसमें वह थोड़ा लड़खड़ाती दिख रही हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। कुछ वीडियो पहले भी आए हैं, जिसमें वह थोड़ी गिरती-पड़ती दिखीं। अब नीसा कई बार लड़खड़ाती हैं। एक बार तो सहारा लेने के लिए उन्हें खंभे का सहारा भी लेना पड़ता है। पैप्स उनका नाम पुकारते रहते हैं लेकिन वह बिना कोई एक्सप्रेशन्स के सीधे कार में बैठ जाती हैं। अब ये देख लोगों ने दावा किया कि वह नशे में हैं। उन्होंने ड्रिंक किया है इसलिए वह लड़खड़ा रही हैं। यही बात कमेंटसेक्शन में भी लिखी।

## 1 गलत जवाब ने बना दिया था आलिया भट्ट को ग्लोबल सेंसेशन



आलिया भट्ट को उनकी शानदार एक्टिंग और चार्म के लिए जाना जाता है। उनका करियर कई उतार-चढ़ावों से भरा रहा है। लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब उन्होंने अपनी एक गलती से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं। यह किस्सा तब का है जब आलिया ने 'कॉफी विद करण' में एक सवाल का गलत जवाब देकर खुद को मजाक का पात्र बना लिया था। आलिया भट्ट ने 2013 में करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' में हिस्सा लिया था। शो के रैपिड फायर राउंड में करण ने उनसे पूछा, 'भारत के राष्ट्रपति कौन हैं?' आलिया ने जवाब में एक्साइटमेंट से चिल्लाते हुए पृथ्वीराज चौहान का नाम लिया। उस समय राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी थे। आलिया का यह जवाब सुनकर शो में मौजूद करण और सिद्धार्थ मल्होत्रा हंसते-हंसते लोटपोट हो गए। आलिया के इस जवाब पर सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई। लोग उनकी तुलना 'डम्ब ब्लॉण्ड' स्टीरियोटाइप से करने लगे। उनके मजाक उड़ाते हुए ढेरों पोस्ट, वीडियोज और चुटकुले बनाए गए। आलिया से जुड़ा एक और दिलचस्प किस्सा तब हुआ, जब वे सिंगापुर एयरपोर्ट पर थीं। वहां कुछ विदेशी लोगों ने उन्हें घेर लिया। आलिया को लगा कि वे उनके फैन्स हैं, लेकिन बाद में पता चला कि वे केवल मीम्स की वजह से उन्हें देखने आए थे। आलिया पर बने जोक्स ने उन्हें ग्लोबल सेंसेशन बना दिया था।

## हिना खान ने कैंसर से ठीक होने की छोड़ी आस! आंखों में आंसू

हिना खान इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह लगातार अपनी वेब सीरीज का प्रमोशन कर रही हैं। जिस वजह से उनके फैंस काफी परेशान हो रहे हैं, उनका कहना है कि वह अपनी सेहत का भी ध्यान रखें। हिना खान का अब एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वह रोती हुई नजर आ रही हैं और उन्होंने बताया कि अब दवाइयों का भी कोई असर नहीं हो रहा है। इसे देख उनके फैंस को भी काफी दुख हो रहा है। उनका कहना है कि हिना धीरे-धीरे कैंसर के आगे घुटने टेक रही हैं। वह स्टेज 3 के ब्रेस्ट कैंसर के चलते जिंदगी की आस छोड़ रही है।

इस वीडियो को देख उनके फैंस भी भावुक हो गए हैं। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी हालत देखा चिंता में आ गया है। हिना खान अक्सर अपनी सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो शेयर करती रहती हैं। इन दिनों वह लगातार अपनी बॉसी लुक में फोटो डाल रही हैं। वहीं, थोड़े समय पहले हिना खान टीवी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर में पहुंची थी, जहां उन्होंने अपनी कैंसर से जंग की स्टोरी फैंस के आगे शेयर की थी। उनकी आंखों में पानी देख फैंस हैरान थे। अब एक बार फिर हिना खान का एक और वीडियो वायरल हो रहा है।

# जब रेखा को 5 मिनट तक जबरदस्ती किस करता रहा ये एक्टर

## शूटिंग के दौरान रोती रहीं एक्ट्रेस



बॉलीवुड इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में देने वाली वेटरन एक्ट्रेस रेखा हमेशा चर्चा में रही हैं। वह कभी अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर तो कभी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आती रहती हैं।

रेखा अपना एक्टिंग करियर काफी कम उम्र में शुरू कर दिया था और लोगों का ध्यान खींचा था। उन्हें करियर में नेशनल अवॉर्ड से लेकर तमाम पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। रेखा के करियर से जुड़ा एक किस्सा काफी चर्चाओं में रहा है। दरअसल, एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके को-एक्टर ने उन्हें 5 मिनट तक जबरदस्ती किस किया था। यहां तक कि वह शूटिंग के दौरान रोने लगी थीं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का जादू दिखाने वाली एक्ट्रेस रेखा अपनी खूबसूरती के लिए भी मशहूर रही हैं। रेखा ने फिल्म 'दो शिकारी' में काम किया था। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ जबरदस्त की गई। दरअसल, रेखा फिल्म 'दो शिकारी' के दौरान काफी छोटी थीं। साल 1979 में रिलीज हुई इस फिल्म की शूटिंग के दौरान रेखा के साथ ऐसी घटना हुई कि वह सेट पर रोने लगीं। फिल्म 'दो शिकारी' की शूटिंग के दौरान रेखा के साथ जबरदस्ती किस गया था। यासेर उस्मान ने अपनी किताब 'रेखाः द अनटोल्ड स्टोरी' में लिखा है कि रेखा किस सीन को फिल्माने के लिए तैयार नहीं थीं। रेखा के साथ हुई इस घटना को लेकर कहा जाता है कि फिल्म 'दो शिकारी' के डायरेक्टर ने ये सीन रेखा को बिना बताए रखा था। इस सीन को लेकर सेट पर तैयारी कर ली गई थी।

फिल्म की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर ने एक्शन बोला तो विश्वजीत चटर्जी ने रेखा को किस करना शुरू कर दिया और 5 मिनट तक करते रहे। इस दौरान रेखा ने अपनी आंखें बंद कर ली थीं। फिल्म की शूटिंग के दौरान बिना रेखा की सहमति के उनसे उम्र में काफी बड़े एक्टर विश्वजीत चटर्जी को जबरदस्ती किस किया था। इस घटना के बाद रेखा इतना सिहर गई थीं कि काफी समय तक रोती रहीं। फिल्म 'दो शिकारी' के सेट पर हुई इस घटना को लेकर काफी बवाल हुआ था। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय मैगजीन 'लाइफ मैगजीरन' ने रेखा के साथ हुई इस घटना को कवर स्टोरी पर जगह दी थी।



# आम आदमी से लेकर व्यापारी तक: नए इनकम टैक्स कानून के आने से किसके लिए क्या-क्या बदलेगा?



नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। भारत में इनकम टैक्स कानून में बदलाव की तैयारी चल रही है, जिसमें सरकार 63 साल पुराने इनकम टैक्स अधिनियम को बदलने के लिए एक नया बिल पेश टैक्सने जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट सत्र 2025 में इस नए प्रत्यक्ष टैक्स कानून को पेश टैक्स सकती है। यह नया कानून न केवल मौजूदा नियमों को सरल बनाएगा, बल्कि इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव भी शामिल होंगे। आइए, जानते हैं कि इन बदलावों का आम नागरिकों, व्यापारियों और उनके व्यवसायों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

**आम आदमी के लिए क्या-क्या बदल सकता है?**

सूत्रों के अनुसार, नया इनकम टैक्स कानून मौजूदा जटिलताओं को दूर करने पर केंद्रित होगा। मौजूदा समय में, इनकम टैक्स अधिनियम में कई ऐसे प्रावधान हैं जो आम जनता के लिए समझना कठिन हैं। नए कानून के तहत, इन जटिलताओं को कम किया जाएगा और भाषा को सरल बनाया जाएगा ताकि आम नागरिक भी आसानी से समझ सकें कि उन्हें क्या करना है। इसके अलावा नए कानून में टैक्स स्लैब को भी संशोधित किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार मध्यम वर्ग को राहत देने की योजना बना रही है, जिसमें 15 लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों के लिए टैक्स कटौती की संभावना है। इससे मध्यम वर्ग को वित्तीय राहत मिलेगी और उनकी खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी।

**कानून सरल होगा**

नए कानून में टैक्स कटौतियों का ढांचा भी बदल सकता है। मौजूदा समय में, कई प्रकार की कटौतियां हैं, जैसे कि धारा 80सी, 80डी आदि। लेकिन, नए कानून में कुछ कटौतियों को समाप्त किया जा सकता है या उनमें संशोधन किया जा सकता है, जिससे टैक्स देने वालों को अपनी टैक्स योजना बनाने में आसानी होगी।

**डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखा जा सकता है**

नया इनकम टैक्स कानून डिजिटल इंडिया को ध्यान में रखते हुए डिजिटली टैक्सेशन पर जोर दे सकता है। टैक्सपेयर्स के लिए ऑनलाइन फाइलिंग प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जाएगा। इसके साथ ही, टैक्सदाता अपने डॉक्यूमेंट्स और जानकारी को ऑनलाइन सुरक्षित रूप से अपलोड कर सकेंगे।

# डोनाल्ड ट्रंप की मीम कॉइन ने तहलका मचाया, लॉन्च होते ही 8000% उछली, लोगों को लगा मजाक



नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक नया क्रिप्टो टोकन $ट्रम्प लॉन्च किया। लॉन्च होते ही इसने क्रिप्टो मार्केट में धूम मचा दी। कुछ ही घंटे में इसमें करीब 8000 फीसदी तेजी आई और देखते ही देखते इसका मार्केट कैप 15 अरब डॉलर के पार पहुंच गया। जब इसका मार्केट कैप 10 अरब डॉलर पहुंचा तो इसने एसएंडपी के पिछले 40 साल के रिटर्न को पीछे छोड़ दिया। इसका मार्केट कैप जिस तेजी से उछल रहा था, उससे लोगों को यह संदेह होने लगा कि कहीं ट्रंप के अकाउंट को किसी ने हैक तो नहीं कर लिया है। लॉन्च पर इसकी कीमत $0.18 थी जो कुछ ही घंटे में 7,790 फीसदी तेजी के साथ 15.13 डॉलर पहुंच गई। लॉन्च के बाद पहले दो घंटे में इसमें 4,200 फीसदी तेजी आई। सोलाना बेस्ड इस मीम कॉइन की शुरुआत ट्रंप के सोशल मीडिया अकाउंट्स ट्रुथ सोशल और एक्स पर पोस्ट के साथ हुई। इसके लॉन्च होते ही तहलका मच गया। कई यूजर्स इस भ्रम में थे कि कहीं ट्रंप का सोशल मीडिया अकाउंट हैक तो नहीं हो गया है। लेकिन मीम कॉइन में तेजी बनी रही। लॉन्च के तीन घंटे में ही $ट्रम्प का मार्केट कैप $8 अरब तक बढ़ गया। ट्रेडिंग वॉल्यूम $1 अरब के करीब पहुंच गया। एक ट्रेडर ने एक घंटे से भी कम समय में $20 मिलियन का मुनाफा कमा लिया। यह कॉइन ट्रंप की थीम 'फाइट, फाइट, फाइट' से प्रेरित है। इस मीम कॉइन को 200 मिलियन कॉइन के साथ लॉन्च किया गया। अगले तीन साल में कुल 1 अरब की सप्लाई होगी।

# 70 घंटे काम की नसीहत देने वाले नारायण मूर्ति परिवार की 24 घंटे में ही कम हुई 1900 करोड़ की संपत्ति




नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। 'वर्क लाइफ बैलेंस' पर इन दिनों भारी वाद-विवाद हो रहा है। यह वाद-विवाद इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति के उस बयान से शुरू हुआ था, जिसमें उन्होंने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की नसीहत दी थी। इन्हीं नारायण मूर्ति परिवार की संपत्ति में 24 घंटे के दौरान ही करीब 1,900 करोड़ रुपये घटी है। दरअसल, शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। इस दौरान इंफोसिस के शेयरों में भारी गिरावट आई। इस वजह से कंपनी का मार्केट कैप या बाजार पूंजीकरण भी घटा है।

**क्या कहा था नारायण मूर्ति ने**

आईटी कंपनी इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने कहा था कि भारतीयों को वर्क लाइफ बैलेंस के बजाय काम पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सप्ताह में छह दिन के बदले पांच दिन ही काम करने की परंपरा पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की वकालत की थी। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर भारी वाद-विवाद दिख रहा है। इसमें बड़े-बड़े दिग्गज कूद गए हैं।

**इंफोसिस के शेयरों में गिरावट**

शुक्रवार को बीएसई पर इंफोसिस के शेयरों में 5.8% की भारी गिरावट आई। यह शेयर शाम को 1,815.10 रुपये पर बंद हुआ। इस तरह मूर्ति परिवार की संपत्ति में भारी गिरावट आई और उनकी संयुक्त संपत्ति में से करीब 1,900 करोड़ रुपये की कमी आई। इंफोसिस में कुल 4.02% हिस्सेदारी रखने वाले परिवार की हिस्सेदारी शेयरों की बिक्री के बाद घटकर 30,292 करोड़ रुपये रह गई। इस तरह इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण घटकर 7.53 लाख करोड़ रुपये रह गया।

**परिवार के पास कितनी हिस्सेदारी**

बीते साल सितंबर में समाप्त तिमाही तक इंफोसिस के को-फाउंडर और प्रवर्तक एन.आर. नारायण मूर्ति के पास इस आईटी प्रमुख कंपनी में 0.40% हिस्सेदारी थी, जबकि उनकी पत्नी सुधा एन मूर्ति के पास 0.92% हिस्सेदारी थी। उनके बेटे रोहन मूर्ति के पास कंपनी में 1.62% हिस्सेदारी थी, जबकि उनकी बेटी अक्षता मूर्ति, जो ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पत्नी हैं, के पास 1.04% हिस्सेदारी थी। नारायण मूर्ति के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति के पास सितंबर तिमाही तक इंफोसिस में मामूली 0.04% हिस्सेदारी थी।

# आलू, टमाटर और प्याज की कीमतें एक माह में 31 फीसदी तक घटीं

## आरबीआई रेपो दर घटाने पर भी कर सकता है विचार



नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। खाद्य पदार्थों खासकर सब्जियों और दालों की कीमतों में पिछले एक महीने में अच्छी खासी गिरावट आई है। इस दौरान आलू, प्याज और टमाटर के दाम 31 फीसदी तक घट गए हैं। इससे जनवरी के महंगाई के आंकड़ों में जहां कमी आने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर फरवरी में आरबीआई रेपो दर को भी घटाने पर फैसला कर सकता है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, खुदरा बाजार में आलू का दाम एक महीने पहले 37 रुपये प्रति किलो था, जो शुक्रवार को 25 फीसदी घटकर 30 रुपये आ गया। प्याज की कीमत 30 फीसदी गिरकर 51 से 39 रुपये आ गई है। सबसे ज्यादा 31 फीसदी की गिरावट टमाटर की कीमत में आई है जो 45 रुपये से कम होकर 31 रुपये पर आ गई है। चावल के दाम एक महीने में 43.35 रुपये से घटकर 42.78 रुपये किलो आ गया है, जबकि चना दाल 94.16 से घटकर 92.63 रुपये पर आ गई है। अरहर दाल की कीमत 158.60 रुपये से घटकर 152.64 रुपये, उड़द दाल 124.07 से घटकर 123.28 रुपये किलो, मूंग दाल 114.30 रुपये से घटकर 113.18 रुपये प्रति किलो पर आ गई है।

**दस रुपये किलो तक गोभी**

खुदरा बाजार में हरी सब्जियां भी सस्ती होने लगी हैं। गोभी जहां 10 रुपये किलो आ गई है, वहीं पालक 15 रुपये किलो, हरी मटर 50 रुपये किलो पर आ गई हैं। इनके अलावा गाजर और मूली के साथ हरी सरसो और मेथी भी 15 से 25 रुपये किलो बिक रही हैं।

**सरकार रख रही है कीमतों पर निगरानी**

खाद्य मंत्रालय ने कहा, वह स्थिर मूल्य व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों और उपलब्धता की बारीकी से निगरानी कर रही है। इसके लिए घरेलू उत्पादन व आयात और निर्यात नीतियों को प्रोत्साहित करने जैसे कदम उठाए जा रहे हैं।

**तेलों के दाम स्थिर**

सब्जियों और दालों के विपरीत खाने वाले तेल के दाम स्थिर हैं। सरसो तेल का दाम एक महीने पहले 168.78 रुपये पर जहां स्थिर है वहीं, सोया तेल 143 रुपये पर स्थिर है। सूरजमुखी तेल 154 रुपये लीटर पर तो पाम तेल की कीमत 134 रुपये प्रति लीटर पर बनी हुई है।

**जनवरी के महंगाई आंकड़े में आएगी कमी**

खाद्य पदार्थों और सब्जियों की कीमतें घटने से फरवरी में जब जनवरी के खुदरा महंगाई के आंकड़े आएंगे तो उस पर इसका असर दिखेगा। दिसंबर में खुदरा महंगाई मामूली घटकर 5.22 फीसदी पर आ गई थी। हालांकि, यह अभी भी आरबीआई के न्यूनतम स्तर चार फीसदी से ज्यादा है। महंगाई में कमी आने से आरबीआई फरवरी के दूसरे हफ्ते में होने वाली अपनी मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर को घटाने का फैसला कर सकता है। रेपो दर दो वर्षों से 6.5 फीसदी पर स्थिर बनी हुई है। अगर रेपो दर घटती है तो इससे कर्ज की ऊंची ब्याज दरें कम होंगी।

# ऑटो एक्सपो के बीच आनंद महिंद्रा को मोटा नुकसान, पहले दिन डूबे 7,815 करोड़

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। ऑटो एक्सपो 2025 गाड़ियों के किसी महाकुंभ से कम नहीं है। जिसका आयोजन देश में हर दो साल के बाद किया जाता है। इस महाकुंभ में देश की हर छोटी बड़ी ऑटो कंपनी आती है और चाहती है कि देश का कंज्यूमर उन्हें अपना आशीर्वाद दे। वैसे देश की बड़ी ऑटो कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के लिए ऑटो एक्सपो का पहला दिन कुछ खास नहीं रहा। ऑटो एक्सपो के पहले ही दिन शेयर बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली और 7815 करोड़ रुपए का नुकसान एक झटके में हो गया। वैसे कंपनी के शेयर इस महीने की 3 तारीख को 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गए थे। तब से अब तक यानी दो हफ्तों में 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर आनंद महिंद्रा की कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों के आंकड़े किस तरह के देखने को मिल रहे हैं।सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। इस गिरावट को इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑटो एक्सपो का पहला दिन था। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.12 फीसदी की गिरावट के साथ 2,917.95 रुपए पर बंद हुए हैं। कारोबारी सत्र के दौरान सेंसेक्स 2,902.80 रुपए के साथ दिन के लोअर लेवल पर भी पहुंच गया था। वैसे



शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2,980.80 रुपए पर बंद हुए थे और शुक्रवार को 2,979.85 के साथ सपाट लेवल पर ओपन हुए थे।

**दो हफ्तों में 10 फीसदी की गिरावट**

बीते दो हफ्तों में आनंद महिंद्रा के शेयरों में करीब 10 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। 3 जनवरी को कंपनी के शेयर 3,237 रुपए के साथ 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गए थे। उसके बाद से महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर में 319.05 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। इसका मतलब ये हुआ कि निवेशकों को हर एक शेयर पर 9.85 फीसदी का नुकसान हो चुका है। जिसे एक बड़ी गिरावट कहा जा सकता है। अब देखने को बात होगी कि ऑटो एक्सपो के बाकी बचे दिनों महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में गिरावट देखने को मिलती है या फिर तेजी आती है।ऑटो एक्सपो के पहले दिन के कंपनी के शयरों में गिरावट आने की वजह से कंपनी के मार्केट कैप को भी मोटा नुकसान हुआ है।

# शेयरों में खेल करने वाली सात कंपनियों पर बैन, आठ माह में पूंजी 40 करोड़ से बढ़कर 4000 करोड़

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। शेयरों में खेल करने वाली सात कंपनियों को सेबी ने बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इसमें पाचेली इंडसट्रियल फाइनेंस, अभिजीत ट्रेडिंग, कैलिक्स सिक्योरिटीज, हिबिस्कस होल्डिंग्स, अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज शामिल हैं। सेबी ने कहा, पाचेली इंडसट्रियल ने गैर-प्रवर्तकों के रूप में वर्गीकृत छह संस्थाओं से 1,000 करोड़ कर्ज लिया, जिसे तरजीही आवंटन के जरिये इक्विटी में बदल दिया। लेकिन, कर्ज और पैसा सिर्फ कागजों में घुमाया गया। जो लोग कर्ज देने का नाटक कर रहे थे, उन्हें कंपनी के 99.28% शेयर मिल गए। यानी पूरी कंपनी उन्हीं के हाथ में चली गई। 0.72 फीसदी शेयरों में ही ट्रेडिंग हो रही थी। इस तरह, शेयर की कीमत मनमाने तरीके से बढ़ाया गया। इससे कंपनी की पूंजी आठ माह में 40 करोड़ से बढ़कर 4,000 करोड़ पहुंच गई। 2 दिसंबर, 2024 से 16 जनवरी, 2025 के बीच कंपनी के शेयर की कीमत 372 फीसदी बढ़ गई। पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन के 8 पूर्व व वर्तमान अधिकारियों ने 3.32 करोड़ भरकर सेबी के साथ मामला निपटा लिया है।

इसमें अमित खेरा, अशित लिलानी, नीरज अरोरा, पल्लवी श्राफ व अन्य हैं। कंपनी के एमडी विजय शर्मा व उनके रिश्तेदारों को दिए गए वेतन संबंधित नियमों का उल्लंघन किया था।

# विप्रो 10 से 12 हजार फ्रेशर्स करेगी भर्ती

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। देश की चौथी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो को अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 10,000-12,000 छात्रों की भर्ती की उम्मीद है। विप्रो ने शुक्रवार को अपने दिसंबर तिमाही के आंकड़ों की घोषणा के बाद ये एलान किया है।

कंपनी ने अमेरिका में एच-1बी वीजा व्यवस्था में होने वाले बदलावों के बारे में किसी भी चिंता को कम करने की कोशिश करते हुए कहा कि उसके कर्मचारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में स्थानीय है। विप्रो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सौरभ गोविल ने कंपनी के तिमाही आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा, "हम बड़ी संख्या में लोगों को नियुक्त कर रहे हैं।


# नितिन गडकरी ने कर दी भविष्यवाणी, इस इंडस्ट्री में भारत होगा नंबर वन, 5 साल में लहराएगा परचम

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री अगले पांच वर्षों में दुनिया में नंबर वन होगी। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री ने अब तक 4.5 करोड़ जॉब पैदा की हैं, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। उन्होंने यह बात फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल प्रोडक्ट की मांग दुनिया में सबसे ज्यादा है। अमेरिकी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 78 लाख करोड़ रुपये है। इसमें यह पहले स्थान पर है। अमेरिका के बाद चीन का नंबर आता है। 47 लाख करोड़ रुपये की इंडस्ट्री के साथ चीन दूसरे स्थान पर है। देश की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पिछले 10 साल में तीन गुनी हो गई है। गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपये था। आज इसका आकार करीब तीन गुना बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है।गडकरी ने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री ने अब तक 4.5 करोड़ जॉब पैदा की हैं जो देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी के हिस्से के रूप में सबसे ज्यादा रेवेन्यू दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में बने सभी दोपहिया मोटरसाइकिलों में से 50 फीसदी का निर्यात किया जाता है।भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की थोक बिक्री साल 2024 में सालाना आधार पर बढ़ गई है। साल 2024 में इसमें सालाना आधार पर 11.6 फीसदी की तेजी आई है। इस तेजी के साथ साल 2024 में यूनिट्स की संख्या बढ़कर 2.5 करोड़ हो गई। पिछले साल यह आंकड़ा 2.3 करोड़ यूनिट्स था।

# ज़ोमैटो के मालिक ने मांगी वेजिटेरियन से माफी

## कहा- 'हमारी तरफ से जो हुआ वह मूर्खता है'

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी ज़ोमैटो हाल ही में अपने मालिक और सीईओ दीपिंदर गोयल के द्वारा अपने एक ग्राहक से माफी मांगे जाने की वजह से चर्चा में है। दरअसल, कंपनी के सीईओ दीपिंदर गोयल ने अपने ग्राहकों से माफी मांगी है, क्योंकि जोमैटो ने वेजिटेरियन फूड पर अतिरिक्त चार्ज लगाने का विवादास्पद फैसला लिया था। यह मामला तब सामने आया जब एक ग्राहक ने जोमैटो के बिल में वेजिटेरियन हैंडलिंग चार्ज 'वेज मोड सक्षमता शुल्क' की जानकारी देते हुए इसके बारे में



सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। 17 जनवरी 2025 को जोमैटो के एक कस्टमर ने अपने फूड बिल की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें वेजिटेरियन फूड के लिए अतिरिक्त चार्ज का जिक्र था। इस पोस्ट में रोहित रंजन नाम के ग्राहक ने लिखा, भारत में वेजिटेरियन होना एक अभिशाप बन गया है। हम ग्रीन एंड हेल्दी से अब ग्रीन एंड प्राइसी हो गए हैं। देखते ही देखते यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गया और कई लोगों ने इस पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। विवाद के बढ़ने पर, जोमैटो के मालिक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और सोशल मीडिया पर माफी मांगी। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से जो हुआ वह मूर्खता है। हम इस मुद्दे को गंभीरता से ले रहे हैं और इसे तुरंत खत्म कर रहे हैं। गोयल ने यह भी कहा कि कंपनी अपने ग्राहकों की भावनाओं का सम्मान करती है और भविष्य में इस तरह की गलतियों को रोकने के लिए कदम उठाएगी।

# सरकार ने आरआईएनएल के रिवाइवल प्लान पर लगाई मुहर, कंपनी के लिए 11,440 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

नई दिल्ली,18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्ज के बोझ से दबी राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के लिए 11,440 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आरआईएनएल के लिए 11,440 करोड़ रुपये की पुनरुद्धार योजना को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस पुनरुद्धार पैकेज से आरआईएनएल की कई पुरानी समस्याएं हल हो जाएंगी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस निवेश में आरआईएनएल में शेयर पूंजी के रूप में 10,300 करोड़ रुपये और 1,140 करोड़ रुपये के वर्किंग कैपिटल लोन को सात प्रतिशत गैर-संचयी तरजीही शेयर पूंजी के रूप में परिवर्तित करना शामिल है। इसे 10 सालों के बाद भुनाया जा सकेगा, ताकि आरआईएनएल को चालू हालत में रखा जा सके। बयान में ये भी कहा गया कि आरआईएनएल में 10,300 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी निवेश से उसे कार्यशील पूंजी जुटाने से संबंधित परिचालन संबंधी समस्याओं को दूर करने और सबसे अधिक उत्पादक तरीके से ब्लास्ट फर्नेस परिचालन शुरू करने में मदद मिलेगी। रिवाइवल पैकेज से कंपनी धीरे-धीरे अपनी पूर्ण उत्पादन क्षमता तक पहुंच सकेगी, जो महत्वपूर्ण है।

# दैनिक पंचांग

## ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-53
सूर्यास्त. -18-00
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल - पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- पंचमी . 07-30 तक उपरान्त षष्ठी
मास - माघ कृष्ण, रविवार 19 January
नक्षत्र - उ.फाल्गुनी 17-30 तक उपरान्त हस्त
योग - अतिगण्ड 01-57 तक उप. सुकर्मा
करण- तैतिल 07-30 तक उप गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - सर्वार्थ सिद्ध अमृत सिद्धि योग

| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | मकर | मे | मकर... | 06-33 | बजे |
| चंद्र- | कन्या | मे | कुंभ... | 08-24 | बजे |
| मंगल | कर्क | मे | मीन... | 10-02 | बजे |
| बुध- | धनु | मे | मेष... | 11-38 | बजे |
| गुरु- | वृष | मे | वृष... | 13-23 | बजे |
| शुक्र- | कुंभ | मे | मिथुन | 15-24 | बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | कर्क.. | 17-35 | बजे |
| राहु- | मीन | मे | सिंह... | 19-48 | बजे |
| केतु- | कन्या | मे | कन्या... | 21-56 | बजे |
| | | | तुला.... | 00-00 | बजे |
| | | | वृश्चिक.. | 02-09 | बजे |
| | | | धनु...... | 04-23 | बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:39 से 18:03 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:53 - 08:15 | अशुभ | शुभ. | 18:00 - 19:39 | शुभ |
| चंचल | 08:15 - 09:39 | शुभ | अमृत | 19:39 - 21:15 | शुभ |
| लाभ | 09:39 - 11:03 | शुभ | चंचल | 21:15 - 22:51 | शुभ |
| अमृत | 11:03 - 12:27 | शुभ | रोग | . 22:51 - 00:27 | अशुभ |
| काल. | 12:27 - 13:51 | अशुभ | काल. | 00:27 - 02:03 | अशुभ |
| शुभ | 13:51 - 15:15 | शुभ | लाभ. | 02:03 - 03:39 | शुभ |
| रोग | 15:15 - 16:39 | अशुभ | उत्पात | 03:39 - 05:15 | अशुभ |
| उत्पात | 16:39 - 18:00 | अशुभ | शुभ | 05:15 - 06:53 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,
आज का दिन विपणन के लिए बहुत ही कारगर साबित हो सकता है जो की आपके व्यसाय को आगे की और ले जा सकता है। ये जरुरी है की आप विपणन नीतिया बनाते हुए न्यायसंगत निर्णय ले ताकि आप बेहतर नीतिया बना सके। अगर आज आपने कोई कार्यशाला या सार्वजनिक समारोह अपने व्यसाय को आगे ले जाने के लिए रखा हुआ है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
एक दोस्त या एक गाइड के माध्यम से छात्रों को एक नया करियर विकल्प मिल सकता है और आप अपने करियर के रूप में इसे चुन सकते हैं पर आपको एक गहन अनुसंधान की सलाह दी जाती है। आज पेशेवरो में नयी उर्जा का संचार हो सकता है। यह किसी भी परियोजना को शुरू करने के लिए एक अच्छा दिन है। सहकर्मी आपके मददगार साबित होंगे और आप एक टीम के नेता की भूमिका अच्छी तरह से निभाएंगे।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आप अपनी नौकरी से संबंधित अच्छी खबर प्राप्त कर सकते है। यह एक पदोन्नति, वेतन वृद्धि, एक नई जिम्मेदारी, एक नया इच्छित स्थान, एक अलग कंपनी से नौकरी या प्रस्ताव का परिवर्तन हो सकता है। आप कम समय में अपने आप को तैयार रखे। । यह टेलीफोन पर या सन्देश के माध्यम से भी किया जा सकता है। अपनी सक्रिय रुख के बारे में अपने नए नियोक्ता या सहकर्मी को अवगत कराइए।

**कर्क** ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,
आज के दिन आप अपने आप को प्रौद्योगिकी में पिछड़ा हुआ सा महसूस करेंगे। आपको अपने सहकर्मियों से आगे निकलने के लिए कुछ नयी प्रौद्योगिकी एवं कौशल सीखना होगा। आज आप एक योजनाकार और आत्मा मंथन मुद्रा में रहेंगे। अपने वरिष्ठ सहकर्मियों से मदद लें।

**सिंह** मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,
भौतिक सुविधाओं की ओर ध्यान देने के लिए यह काफी अच्छा समय है। अपने सामाजिक जीवन का आनंद उठायें और ऐसे दोस्तों और परिचितों से भी बात करें जिनके सम्पर्क में आप लम्बे समय से नही रहे हैं।आज अपने जाग्रति स्तर में भी बदलाव महसूस करेंगे, जो आपको अचानक ही अनुभव होगा। इस समय अपने मन की बात सुनना ही उचित होगा।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
किसी पुराने दोस्त या परिवार के साथ बाहर घुमने जाने या बातचीत का आनंद लें। आपको अपने काम के लिए उन्ही तरीकों पर भरोसा करना चाहिए जो आपके लिए पिछले समय में लाभकारी रहें हैं। आज कोई नया प्रयोग शुरू करना ठीक नही होगा। अगर आप कोई नौकरी या कोई परियोजना हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं तपो पारम्परिक तरीकों से ही कोशिश करें।

**तुला** रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,
आज दिनभर आपका मूड बदलता रहेगा लेकिन आपका भाग्य आपके साथ है, इसका एक नुक्सान यह है कि आप भाग्य के भरोसे पर अधिक रह सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि इसके कारण परियोजनाओं की तैयारी में कोई कमी ना रहे। वित्तीय फायदे तो होंगे किन्तु अनावश्यक खर्च ना करें। वित्तीय लाभ का यह सिलसिला अधिक समय तक नही चलेगा।

**वृश्चिक** तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,
आज सब कुछ आपके मनचाहे तरीके से होगा और आपको अपने प्रयासों में सफलता मिलेगी। आप पुराने नुक्सान की भरपाई भी कर लेंगे। इसके परिणामस्वरूप आप अपनी संभावनाओं के प्रति अधिक आशावादी भी हो सकते हैं, किसी भी अवसर के बारे में गहरे से सोचे बिना जोखिम ना उठायें। असावधान रहेंगे तो किसी से मुठभेड़ हो सकती है।

**धनु** ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे
आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे। अपना भला चाहने वाले लोगों से उन चीजों के बारे में भी खुलकर बात करें, जो आपको परेशान कर रही हैं। अनिश्चितत्ता के बादल एक सप्ताह में छंट जायेंगे। किसी परिजन या अन्तरंग दोस्त का साथ मिलेगा। बोलते हुए सावधान रहें। किसी की आपके शब्दों से ग़लतफ़हमी हो सकती है। कार्यस्थल पर स्थायित्व बना रहेगा।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आप बदली हुई भूमिका में हैं, आप बेहतर वक्ता तो हमेशा से रहे ही हैं, अब आप बेहतर श्रोता भी बन गये हैं। अब सबको यह पता चल जाएगा कि आप आत्म केन्द्रित नहीं हैं और दूसरों की भलाई के लिए भी काम करने की इच्छा रखते हैं। एक चालीस वर्षीय महिला आपकी बहुत मदद करेगी। देखा जाए तो आपको अपने दिमाग को लचीली स्थिति में रखना चाहिए।

**कुंभ** गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां हल होंगीं लेकिन तब तक आपको बोलने, लिखने और काम में भी आक्रामक नही होना है। निजी जीवन से सम्बंधित परेशानियां झेल रहे लोगों को अपनों के लिए समय निकालना चाहिए। आप लम्बे समय से स्वस्थ्य की उपेक्षा क्र रहे हैं, इस पर ध्यान दें। आपको अपने भोजन की योजना इस प्रकार बनानी होगी कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी और सुधार हो।

**मीन** दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची
अपने जैसी रुचियों और सत्तासीन व्यक्तियों से साझेदारी बनाने की कोशिश करें। कुछ आदमी आपको झूठी आशाएं देने की कोशिशें कर रहे हैं लेकिन आपको उनकी बातों पर ध्यान नही देना है। अपने आप से फैसले लें और उनपर जमे रहें। आप काफी समय से घर खरीदने की सोच रहें हैं, अब आप ऐसा कर सकते हैं।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# बर्खास्त बी.एड सहायक शिक्षकों ने मंत्री चौधरी का बंगला घेरा

## प्रदर्शनकारी गिरफ्तार, पुलिस की गाड़ी में खिड़की के बाहर आधी लटकती दिखी महिला शिक्षक



रायपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बर्खास्त बी.ईडी सहायक शिक्षकों ने शनिवार सुबह मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव कर दिया। समायोजन की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठे शिक्षकों ने अचानक सुबह 5 बजे मंत्री के बंगले पहुंचकर नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस भी वित्तमंत्री के बंगले के बाहर पहुंचककर प्रदर्शनकारियों को हटाने में लग गई। काफी देर तक समझाइश के बाद जब प्रदर्शनकारी नहीं उठे, तो पुलिस ने जबरदस्ती उन्हें हटाना शुरू किया। पुलिस ने जल्दबाजी कुछ ऐसी दिखाई दी कि, पुलिस की गाड़ी में एक महिला शिक्षक खिड़की से बाहर लटकती दिखाई दी। इसके बावजूद गाड़ी नहीं रोकी गई। फिलहाल, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया है। बर्खास्त बी.ईडी सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर चल रहा है। नौकरी से निकाले गए इन शिक्षकों के समर्थन में अलग-अलग कर्मचारी संगठनों के अलावा कांग्रेस नेता भी पहुंच रहे हैं।शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू भी मौजूद रहे। इस दौरान महिला सहायक शिक्षकों ने बैज को राखी बांधी। दीपक बैज ने कहा कि, कांग्रेस सहायक शिक्षकों की मांगों का पूरा समर्थन करती है। सरकार का दायित्व है कि सेवाएं सुरक्षित रखी जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार चाहे तो रास्ता निकाल सकती है। नौकरी से सीधे हटा देना पूरी तरह गलत है। राज्य में शिक्षकों के हजारों पद खाली हैं, फिर भी सहायक शिक्षकों को बाहर करना गलत है। 2 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी धरना स्थल पहुंचे थे। बीजेपी कार्यालय घेरने गए 30 सहायक शिक्षकों की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए। उन्होंने कहा था कि जो 30 सहायक शिक्षक जेल में हैं, उनके साथ के लिए हम सब जेल जाएंगे।

# 8 किलो गांजा के साथ बस कंडक्टर गिरफ्तार

### ओडिशा से बंगाल सप्लाई करने जा रहा था, डेढ़ लाख का माल जब्त

जमशेदपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बस कंडक्टर को गिरफ्तार किया है। बरसोल पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में जयंत दास नामक व्यक्ति के पास से लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत का 8 किलो गांजा बरामद किया गया। आरोपी बस की आड़ में गांजे को ओडिशा से पश्चिम बंगाल ले जा रहा था।

ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बरसोल इलाके में की गई छापेमारी में आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी गांजे को दूर-दराज के इलाकों में सप्लाई करने की योजना बना रहा था। पुलिस अब इस मामले से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है और यह भी जांच कर रही है कि इस तस्करी के पीछे कौन-कौन से बड़े गिरोह सक्रिय हैं।

# आरक्षकों ने गांजा बेचकर खरीदे घर और कार-बाइक

## जीआरपी कॉन्स्टेबल की 1.50 करोड़ की संपत्ति जब्त, रिश्तेदारों के नाम पर प्रॉपर्टी






बिलासपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में गांजे का कारोबार करने वाले जीआरपी (गवर्नमेंट रेलवे पुलिस) के 3 बर्खास्त आरक्षकों की डेढ़ करोड़ की संपत्ति को पुलिस ने फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के बाद जब्त किया है। इनके नाम पर लग्जरी मकान, कार और महंगी बाइक मिले हैं। पुलिस ने इनकी संपत्ति जब्त कर केस को मुंबई सफेमा कोर्ट भेजा है।

एसपी रजनेश सिंह ने शुक्रवार की शाम बिलासागुड़ी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरक्षकों की संपत्ति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, जीआरपी में पदस्थ लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, मन्नू प्रजापति और सौरभ नागवंशी गांजे का कारोबार करते थे। चारों अभी जेल में बंद है।

23 अक्टूबर को उनके साथी योगेश सोंधिया और रोहित द्विवेदी से 20 किलो गांजा जब्त किया था। दोनों के खिलाफ जीआरपी थाने में केस दर्ज किया गया। जांच में पाया गया कि, चारों आरक्षक अवैध कारोबार में शामिल है। वे ट्रेन में गांजा पकड़कर अपने सहयोगी योगेश उर्फ गुड्डू सोंधिया और श्यामधर उर्फ छोटू चौधरी को देते थे।

दोनों ट्रेन में ही पहले से बुलाए गए लोगों को गांजे की सप्लाई करते थे। जांच के बाद उनके खिलाफ चालान एनडीपीएस कोर्ट में पेश किया गया है। फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन में उनके खिलाफ जांच के बाद जमीन, मकान और महंगी गाड़ियां मिली हैं। इसे जब्त कर सीज करने सफेमा कोर्ट मुंबई को प्रकरण भेजा गया है।

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि, आरक्षकों ने सीधे खातों में पैसे लेने के साथ ही यूपीआई से भी रुपए लिए हैं। आरक्षकों ने अपने और घर परिवार वालों के नाम से कई यूपीआई अकाउंट बना रखे थे। सभी यूपीआई नंबर पर सीधे लाखों रुपए का लेनदेन करते थे।

आरक्षक मन्नू प्रजापति अपने साले के बैंक खाते में रुपए जमा कराता था। उसके खाते में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन मिले हैं। बाकी आरक्षकों ने कोरबा में करोड़ों की संपत्ति बनाई थी। पूरे मामले में पुलिस ने अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी अभी जेल में बंद है।

आरक्षकों की टीम नियमित रूप से दुर्ग, गोंदिया, रायपुर, चांपा, सक्ती, रायगढ़, रूट पर नियमित गश्त करती थी। उनके साथ बाहर के युवक भी रहते थे। गांजा पकड़ने के बाद उसे जब्त करने के बजाय दूसरे आरोपियों को सौंप दिया जाता था। वे छत्तीसगढ़ के कई जिलों के साथ देश के कई राज्यों के तस्करों को गांजा बेचते थे। इसके एवज में खरीदार सीधे खाते में उन्हें पैसे भेजता था।

# देवघर के मीना बाजार में आग 25 दुकानें जल कर राख

## करोड़ों की संपत्ति का हुआ नुकसान 4 दिन पहले भी मंडी में लगी थी आग

देवघर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। देवघर शहर के बीचो-बीच स्थित मीना बाजार सब्जी मंडी में शुक्रवार की आधी रात एक बार फिर आग लग गई। बीती रात आग लगने की घटना तब हुई जब दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर जा चुके थे। आग इतनी भयंकर थी कि काफी दूर से ही लपटे साफ दिख रही थी। इस आगजनी में सब्जी मंडी मीना बाजार की 20 से 25 दुकानें जलकर राख हो चुकी हैं। इससे पहले 13-14 जनवरी की रात भी आग लगी थी। दुकानदारों को आग लगने की सूचना देर रात 12 बजे के आसपास मिली। आग लगने की खबर फैलते ही इलाके में दहशत फैल गई। देर रात सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। हालांकि बीच में ही दोनों दमकल गाड़ियों का पानी खत्म हो गया। इसके बाद तीसरी गाड़ी बुलाई गई। एम्स देवपुर से आई इस दमकल की गाड़ी ने भी आग पर काबू नहीं पा सकी। इसके बाद दमकल की चौथी गाड़ी भी मंगाई गई। आज की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंडी में प्रवेश करने की भी किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी। आग फैलने की आशंका से डरे लोग घरों में पानी की व्यवस्था कर रहे थे। जब दमकल की गाड़ियां आग के सामने बेबस नजर आईं तो दुकानदार और स्थानीय लोग ऑटो पर टंकी रखकर पाइप से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# झारखंड में बर्फीली हवाओं का असर जारी

### 21 जनवरी से फिर हाड़ कंपाने वाली ठंड, फरवरी के पहले हफ्ते में मिलेगी राहत

रांची, 18 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर भारत में बर्फबारी अभी जारी है। जिसका असर राज्य पर अब भी पड़ रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश के उत्तर पश्चिम इलाके में पहुंचे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का आंशिक असर झारखंड पर पड़ रहा है। यही वजह है कि दिन में आकाश में बादल छाने और गुलाबी धूप होने से हल्की राहत मिल रही है। जबकि राज्य के अधिकांश हिस्सों में सुबह और शाम कनकनी, धुंध और कोहरा रह रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज भी राज्य के कई हिस्सों में सुबह-सुबह कोहरे का असर दिखा। मौसम विभाग के अनुसार 21 जनवरी से मौसम में ठंडी हवाओं को असर देखने को मिलेगा।

# भालू ने पिता-बेटे को मार डाला

## शव लेने पहुंची वन-विभाग की टीम पर भी हमला, 2 गंभीर, लकड़ी लेने गए थे जंगल



कांकेर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भालू के हमले से बाप बेटे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल है। तीन ग्रामीण लकड़ी लेने जंगल गए थे तभी अचानक भालू ने उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है भालू अभी भी आक्रामक है जिससे दोनों के शव को जंगल से नहीं लाया गया है। घटना भानुप्रतापपुर क्षेत्र के डोंगरकट्टा गांव के पास जंगल की है। जब वन विभाग की टीम मृतकों का शव लेने पहुंची, तब भालू ने दोबारा हमला कर दिया। इस दूसरे हमले में डिप्टी रेंजर नारायण यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। भालू का हमला इतना भयानक था कि शंकरलाल दर्रो और उनके पुत्र सुकलाल दर्रो को बचने का मौका भी नहीं मिला। इस हमले में अज्जू कुमार कोरेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी विकास कुमार, जो घटना के समय मुनारा के पास थे, उन्होंने बताया कि वे भी भालू के हमले का शिकार हो सकते थे। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र की निगरानी कर रही है ताकि ऐसी कोई और घटना न हो।

# बॉयफ्रेंड के लिए लड़कियों में गैंगवार

## एक-दूसरे पर बरसाए थप्पड़, बिलासपुर में सरेराह जमीन पर पटका, फिर चलाए लात-घूंसे, चौक के पास सिगरेट पी रही थीं

बिलासपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दबंग लड़कियों ने एक लड़की की पिटाई कर दी। लड़कियों ने पहले तो उस पर थप्पड़ों की बारिश कर दी फिर उसे खींचकर जमीन पर गिरा दिया। फिर लात-घूंसों से पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान पीड़ित लड़की चीख-चीखकर रोती रही, लेकिन उसे बचाने कोई नहीं आया। लड़कियों की सरेराह गुंडागर्दी का यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

मामला पुराना बस स्टैंड से टेलीफोन एक्सचेंज रोड के बीच का है। शुक्रवार शाम सड़क किनारे चार लड़कियां सिगरेट पीते हुए खड़ी थीं। इस दौरान लड़कियां आपस में बातचीत कर रही थीं। जिसके बाद अचानक एक लड़की को पकड़ कर थप्पड़ मारने लगी। लड़कियों के इस हाईवोल्टेज ड्रामा को देखकर लोगों की भीड़ जुट गई। ये लड़कियां चिंकी और रिया गैंग की बताई जा रही हैं। इनमें से दो लड़कियों के बीच बॉयफ्रेंड को लेकर विवाद था।

बताया जा रहा है कि लड़कियों के बीच प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद हुआ है। दबंगई दिखाने वाली लड़कियां कपड़े की दुकान में काम करती हैं। जिस लड़की की पिटाई की गई, वो भी प्राइवेट जॉब करती है। लड़की उस लड़के से बातचीत करती थी, जिसे दूसरी लड़की पसंद करती थी। इसी विवाद के चलते उन्होंने मिलकर लड़की की जमकर पिटाई कर दी।

लड़कियों की दबंगई को देखकर सड़क के दूसरी ओर खड़े लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बना लिया। इसमें लड़कियां मिलकर एक लड़की को थप्पड़ मारती दिख रही है, जिसके बाद लड़कियों ने युवती को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और फिर लात-घूंसों से उसकी पिटाई करने लगे। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

इधर, सोशल मीडिया में लड़कियों के वायरल वीडियो पर सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने कहा कि थाने में किसी युवती ने मारपीट की शिकायत नहीं की है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। इसके आधार पर युवतियों की पहचान कर जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तीन महीने में एटीएम बदल 14 लोगों से ठगी

## शहर के सात एटीएम सबसे खतरनाक, 22 लाख की हो चुकी ठगी, टारगेट पर महिला व बुजुर्ग




रांची, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बिरसा चौक स्थित कटहल कोचा गली निवासी राम बाबू सिंह से 69 हजार की ठगी कर ली गई। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी को बिरसा चौक के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसा निकालने पहुंचे थे। मशीन में कार्ड फंस गया। पीछे एक युवक खड़ा था। उसने सामने लिखे नंबर पर फोन करने को कहा। हिनू चौक बुलाया, बाद में एटीएम पहुंचे तो कार्ड गायब था।

पंडरा निवासी शशि कुमार ने कहा कि 24 अक्टूबर को तेल मिल गली स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसा निकालने पहुंचा था। मशीन में कार्ड डालते ही फंस गया। सामने लिखे नंबर पर कॉल किया। एक गार्ड का नाम बताते हुए नजदीकी ब्रांच में जाने को कहा। एटीएम के सामने स्थित ब्रांच पहुंचकर जब पता किया तो उस नाम का कोई गार्ड नहीं था। इसके बाद तुरंत कार्ड ब्लॉक कराया। इससे पैसे बच गए।

राजधानी में बीते 3 माह से एटीएम बदलकर खाते से पैसे गायब करने वाला गिरोह सक्रिय है। इनकी ऐसे एटीएम पर नजर होती है, जो सुनसान जगहों पर हैं या बिना सिक्योरिटी गार्ड के हैं। इन जगहों पर लगे एटीएम के कियोस्क में गिरोह के सदस्य अपना मोबाइल नंबर लिखते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति वहां पैसे निकालने जाता है, उसका कार्ड फंस जाता है। वो घबराकर कियोस्क में लिखे नंबरों पर फोन करता है। इसी वजह से वे इन साइबर ठगों के चक्कर में फंस जाता है। गिरोह के सदस्य एटीएम के बाहर ही रहते हैं। कार्ड फंसने पर मदद करने की बात कह आम लोगों को झांसे में लेता है। फिर पलक झपकते ही उस व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदल लेता है और इधर-उधर की बातें करते हुए निकल जाता है। जब तक व्यक्ति को पता चलता है, उसके खाते से पैसे निकल गए होते हैं। साइबर अपराधियों ने पिछले 3 महीने में 14 लोगों का एटीएम बदलकर 22 लाख से अधिक की निकासी या सामानों की खरीदारी की है। इन घटनाओं को लेकर अलग-अलग थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कुछ मामलों में जांच के दौरान बदले गए एटीएम से खरीदारी या निकासी का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। बावजूद पुलिस उन तक नहीं पहुंच पा रही है।

15 जनवरी को आईजी अखिलेश झा ने एटीएम बदलकर ठगी करने वाले लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एटीएम से पैसा निकालने के लिए पहुंचने वाली महिला या बुजुर्ग को साइबर अपराधी सबसे ज्यादा निशाना बनाते हैं। कई बार साइबर फ्रॉड खाताधारक को पैसा निकलवाने के बाद कार्ड बदल देता है। पैसा लेकर जब चले जाते हैं तो थोड़ी देर बाद अन्य ट्रांजैक्शन की जानकारी मिलती है।

# भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह की पत्नी पहुंचीं पलामू

## कहा- बजरंगबली का दर्शन कर धन्य हो गई, बिहार में लड़ेंगी विधानसभा चुनाव



पलामू, 18 जनवरी (एजेंसियां)। भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ बाराही धाम (पलामू) पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इस मौके पर 105 फीट की दक्षिणायन हनुमान जी की प्रतिमा का दर्शनकर मंत्रमुग्ध हो गई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर बाराही धाम की चर्चा जोरों पर देखने को मिल रही थी, लेकिन मंदिर प्रांगण में पहुंचकर दर्शन करने के बाद धन्य हो गई।

इधर, शुक्रवार को ही ज्योति सिंह ने सासाराम के काराकाट पहुंची और यहां विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इससे पहले पलामू में उन्होंने कहा कि हनुमान जी की भव्य व अनूठी प्रतिमा यहां स्थापित की गई। इसकी चर्चा चहुंओर है।

ज्योति सिंह ने कहा कि शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक रणधीर सिंह ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्व प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण कराने का लक्ष्य भी जल्द ही पूरा होगा। दुर्गामंदिर का 351 फीट का मंदिर निर्माण करना है। इसकी तैयारी लगभग पूर्ण कर ली गई है। दस एकड़ जमीन भी उपलब्ध हो गई है।

ज्योति सिंह ने कहा कि दुर्गा मंदिर का निर्माण अगर हो गया तो बराही धाम विश्व पटल पर दिखेगा। जहां विदेश से भी श्रद्धालु पहुंचकर माता का दर्शन करेंगे। ज्योति सिंह के आगमन के बाद हुसैनाबाद मध्य जिला परिषद सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह सहित शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। आलोक सिंह ने कहा कि सुपर स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह का बराही धाम में आना क्षेत्र वासियों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि अब भोजपुरी स्टार पवन सिंह का भी आगमन बाराही धाम में होगा। मालूम हो कि 2018 में पवन सिंह ने ज्योति सिंह से दूसरी शादी की थी। कुछ दिनों बाद उनकी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह ने उन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी भी दाखिल की, लेकिन कोर्ट में काउंसिलिंग के दौरान दोनों एक साथ रहने को सहमत हो गए। इसके बाद साथ में कई तस्वीरें पवन सिंह और ज्योति सिंह की सामने आई।

इधर, शुक्रवार को पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति सिंह ने विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया। वो काराकाट लोकसभा क्षेत्र के डेहरी पहुंची थीं। जहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए ये बातें कहीं। माना जा रहा है कि ज्योति सिंह काराकाट लोकसभा क्षेत्र के नवीनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक यह नहीं बताया कि वह किस सीट से चुनाव लड़ेंगी।

# रायपुर कोर्ट में युवक को वकीलों ने पीटा

रायपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। रायपुर कोर्ट में वकीलों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी है। युवक पर एक वकील को जान से मारने की कोशिश का आरोप था। जिसके बाद पुलिस उसे अदालत लेकर पहुंची थी। जहां पर वकीलों ने झूमाझटकी करते हुए बाल खींचकर युवक को पीटना शुरू कर दिया।

इस घटना का वीडियो भी सामने आया, जिसमें दिख रहा है कि आरोपी को पुलिस सुरक्षा घेरे में ला रही है। इसी दौरान हंगामा हो गया। बताया जा रहा है कि इस हंगामे में आईपीएस समेत कई पुलिस वालों के साथ भी जमकर धक्का-मुक्की हुई है। जिसमें चोटें भी आई है। मारपीट में कोर्ट परिसर की रेलिंग भी टूट गई।

मनोज कुमार सिंह ने खमतराई थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। उसने बताया कि अजय सिंह उनका साढ़ू भाई है। जिसके साथ पुराना विवाद चल रहा है। 16 जनवरी को सुबह साढ़े 7 बजे के करीब वह अपने परिचित वकील दीर्घेश कुमार शर्मा के साथ खड़ा था। दोनों वहां महादेव के मंदिर में पूजा-पाठ कर रहे थे। तभी अजय सिंह आ पहुंचा। उसने वकील दीर्घेश से कहा कि, तुम ही मेरे खिलाफ मनोज का केस लड़ते हो। इतना कहते हुए उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद अजय सिंह ने वकील दीर्घेश शर्मा को थप्पड़ भी जड़ दिया।

अजय ने मारपीट करते हुए पत्थर से भी हमला कर दिया। जिससे दीर्घेश शर्मा घायल हो गया और खून निकलने लगा।

# आरटीओ एसआई की भतीजी को ट्रक ने कुचला

## एक दिन पहले लगी थी ट्रैफिक-अवेयरनेस में नौकरी, भिलाई में 3 सड़क-हादसे में 2 लोगों की मौत

भिलाई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में 3 अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। शनिवार सुबह जिम जाते समय आरटीओ उप निरीक्षक की भतीजी को ट्रक ने कुचल दिया। एक दिन पहले ही उसकी ट्रैफिक अवेयरनेस की कंपनी में नौकरी लगी थी। घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है।

वहीं, कुम्हारी थाना इलाके में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार-शनिवार देर रात एक ट्रक ने युवक को रौंद दिया। इधर, भिलाई स्टील प्लांट और एयरफोर्स से रिटायर दीपक कुमार नायक (55) भी सड़क हादसे का शिकार हो गए। जानकारी के मुताबिक, भिलाई-3 में शनिवार सुबह आरटीओ उप निरीक्षक की भतीजी सौम्या तिवारी (23) जिम जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने उसे कुचल दिया। सौम्या हर दिन अपनी मां के साथ पास स्थित जिम में एक्सरसाइज करने जाती थी। लेकिन आज (शनिवार) को वो अकेली जा रही थी। सुबह 5.30 बजे अपने घर से जिम जाने के लिए निकली। इसी दौरान भिलाई-रायपुर हाईवे से उतरकर एक ट्रक ने सर्विस लेन पर चल रही सौम्या को टक्कर मारी और वापस हाईवे पर चला गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर रायपुर की ओर फरार हो गया। हादसे में युवती की मौके पर ही मौत हो गई। पुरानी भिलाई पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला के मॉर्चुरी में भेज दिया है। परिजनों का कहना है कि, घटना के कई घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस गाड़ी का पता नहीं लगा सकी है। उनका कहना है कि, यह हादसा नहीं हत्या है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज खंगालना चाहिए कि, हाईवे से उतरकर सर्विस लेन में खड़ी युवती को उसने टक्कर कैसे मार दिया। भिलाई-3 में नेशनल हाइवे पर शुक्रवार-शनिवार की देर रात ट्रक ने एक युवक को रौंद दिया। उसके ऊपर से ट्रक गुजर गई। जिससे उसकी जान चली गई। कुम्हारी पुलिस ने उसके शव को सुपेला अस्पताल स्थित मॉर्चुरी में रखा है। युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव

## कुत्ते छोड़े, चार होमगार्ड घायल अधिकारियों ने किसी तरह बचाई जान

जमशेदपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। जमशेदपुर के सोनारी थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस एरिया में अतिक्रमण हटाने गई टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट की टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव कर दिया। विरोध के बीच टीम ने बस्ती वासियों पर लाठी चलाई। इससे अंकित नामक बच्चे के हाथ में चोट आने के बाद लोग उग्र हो गए और पूरी टीम को घेर लिया। लोगों ने टीम पर पालतू कुत्ते भी छोड़ दिए। इस हमले में होमगार्ड के चार जवान घायल हो गए।

घायल पिंटू कुमार, रोहन कुमार, श्रवण कुमार व गुलशन कुमार भट्ट का इलाज टाटा मेन हॉस्पिटल में किया गया। टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट के अधिकारी व टीम के अन्य सदस्यों ने किसी तरह जान बचाई। घटना शुक्रवार की है। सूचना मिलने पर लैंड डिपार्टमेंट के अन्य अधिकारी और होमगार्ड यूनियन के नेता टीएमएच पहुंचे। हालांकि इस संबंध में सोनारी थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई।

घायल होमगार्ड जवान श्रवण कुमार ने बताया- टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट के अधिकारी अपनी टीम के साथ और चार होमगार्ड जवान शाम 4.30 बजे न्यू सोनारी सर्किट हाउस एरिया में अतिक्रमण हटाने गए थे। न्यू सर्किट हाउस में एक घर की बाउंड्री के लिए लगाई गई ग्रिल और दूसरे घर में लगाए गए टिन शेड को तोड़ा गया। इसके बाद झाबरी बस्ती में भीम यादव के घर के बाहर कार के लिए बनाए शेड को तोड़ा गया।

वहां से टीम जब सर्किट हाउस मेन रोड पर पहुंची तो बस्ती के लोगों ने पथराव कर दिया। फिर लाठी-डंडा से हमला किया। 2-3 लेब्राडोर कुत्तों को छोड़ दिया। पथराव में उसे (श्रवण) सीने में चोट आई। गुलशन और रोहन को कुत्ते ने नोंच दिया। पिंटू को भी पीठ में चोट आई। किसी तरह से वे जान बचाकर निकले। हमला के दौरान लैंड डिपार्टमेंट के अधिकारी भी वहां नजर नहीं आए। उधर, सोनारी थाना प्रभारी सरयू आनंद ने कहा कि सोनारी में टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट की टीम अतिक्रमण हटाने गई थी। इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई। इसकी शिकायत किसी भी पक्ष ने नहीं की है। भीम यादव ने बताया- उन्होंने घर के सामने कार खड़ी करने के लिए शेड बनाया था।


# ट्रम्प का शपथग्रहण खुले में नहीं होगा

## 40 साल में पहली बार इनडोर सेरेमनी बर्फीले तूफान के चलते बदली जाएगी जगह

वॉशिंगटन, 18 जनवरी (एजेंसियां)। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, यानी 20 जनवरी को भीषण ठंड की वजह से खुले में न होकर यूएस कैपिटल हिल (संसद) के अंदर होगा। रॉयटर्स के मुताबिक, 40 साल में यह पहली बार होगा जब अमेरिकी राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह संसद के भीतर किया जाएगा। ट्रम्प के शपथ ग्रहण के दौरान तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने सोशल प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, 'देश में आर्कटिक (नॉर्थ पोल के पास) का बर्फीला तूफान चल रहा है। मैं नहीं चाहता कि लोग किसी भी तरह से घायल हों। इसलिए मैंने प्रार्थना और अन्य भाषणों के अलावा उद्घाटन भाषण भी कैपिटल रोटुंडा (कैपिटल हिल इमारत के अंदर बना गोलाकार कमरा) में दिए जाने का आदेश दिया है।'

अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लॉकवाइज (घड़ी की उल्टी दिशा) बहती हैं। पोलर वोर्टेक्स भौगोलिक संरचना के कारण आमतौर पर नॉर्थ पोल के चारों ओर घूमता है, लेकिन जब यह दक्षिण की तरफ बढ़ता है तो अमेरिका, यूरोप और एशिया में भारी ठंड लाता है। जब पोलर वोर्टेक्स चल रही हों, तब घर से बाहर निकलना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। इस वक्त बिना विंटर किट के बाहर निकलने पर 5 से 7 मिनट में दिल का दौरा पड़ सकता है। इसके अलावा स्किन जम सकती है। ऐसे मौसम में गाड़ी भी स्टार्ट नहीं होती हैं। इससे बचने का सिर्फ एक ही उपाय है कि जब ध्रुवीय हवाएं चल रही हों, तब घर के भीतर ही रहें। कुछ रिसर्च से पता चला है कि बीते कुछ सालों में आर्कटिक तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे पोलर वोर्टेक्स दक्षिण की तरफ शिफ्ट हो



रहा है। ट्रम्प के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम बिल्डिंग के अंदर कराए जाने को लेकर लॉ इन्फोर्समेंट अधिकारियों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्यों को भी इस बारे में जानकारी दे दी गई है।

ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले वे 2017 से 2021 के बीच 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर चुके हैं। ट्रम्प के शपथ ग्रहण में भारत से विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा कुआड देशों के विदेश मंत्री भी मौजूद रहेंगे। अमेरिकी उद्योगपतियों में इलॉन मस्क के अलावा, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग और सैम ऑल्टमैन मौजूद रह सकते हैं। इसके अलावा उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी भी अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने जाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए ट्रम्प की टीम को रिकॉर्ड चंदा मिला है। ट्रम्प से बेहतर रिश्ता बनाने के लिए उद्योगपति जमकर फंडिंग कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अभी तक 170 मिलियन डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपए) आ चुके हैं। यह आंकड़ा 200 मिलियन डॉलर (करीब 1700 करोड़ रुपए) तक भी पहुंच सकता है।

पिछली बार बाइडेन के शपथ ग्रहण समारोह में 62 मिलियन डॉलर (536 करोड़ रुपए) का चंदा इकट्ठा हुआ था। वहीं ट्रम्प के 2017 के शपथ ग्रहण समारोह में 107 मिलियन डॉलर (925 करोड़ रुपए) इकट्ठा हुए थे।

# महिलाओं के साथ 24 लाख 80 हजार की ठगी

### औरंगाबाद में दो महिला के खिलाफ एफआईआर, मामले की जांच में जुटी पुलिस

औरंगाबाद, 18 जनवरी (एजेंसियां)। औरंगाबाद के रफीगंज के बालीगांव में जीविका समूह के 24 लाख 80 हजार 735 रुपए गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में दो महिलाओं के खिलाफ रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। रफीगंज प्रखंड के बालीगांव गांव निवासी बृजेश प्रसाद की पत्नी सीमा देवी (36) और अकौनी गांव निवासी सुरेंद्र ठाकुर की पत्नी सुनीता देवी (40) पर ठगी का आरोप है। बालीगांव गांव की जीविका की सदस्य मिथिलेश प्रसाद की पत्नी सविता कुमारी सहित अन्य महिलाओं ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें जीविका के समूह की ओर से लिए गए लोन के ईएमआई नहीं भरने और समुह से 24 लाख 80735 रुपए निकाल कर गबन करने की बात कही गई है। दर्ज प्राथमिकी में महिलाओं ने बताया कि सीमा देवी बैंक मित्रा सुनीता देवी जीविका दीदीयों से ईएमआई भरने के लिए दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक भदवा में पैसा लिया करती थी।

# हसीना बोलीं- 20-25 मिनट के अंतर से मेरी जान बची

## विरोधियों ने मुझे मारने की साजिश रची, लेकिन अल्लाह ने मुझे बचाया

ढाका, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर उन्हें मारने की साजिश का आरोप लगाया है। हसीना ने ऑडियो क्लिप में बताया कि कैसे वो और उनकी बहन पिछले साल अगस्त में जान बचाकर देश से भागीं थी। अवामी लीग पार्टी की तरफ से जारी एक वॉयस नोट में उन्होंने कहा कि हम सिर्फ 20-25 मिनट के अंतर से मौत से बच गए।

साल 2000 में शेख हसीना को बांग्लादेश के कोटालीपारा में एक कॉलेज प्रोग्राम में जाना था, लेकिन यहां उनके पहुंचने से पहले 76 किलो का बम मिला था। इसी तरह 21 अगस्त 2004 को ढाका में उन पर ग्रैनेड से हमला किया था, इस हमले में 24 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं पिछले साल 5 अगस्त को हिंसक क्रांति के बाद उनका तख्तापलट कर दिया गया था, जिसके बाद हसीना अपनी बहन के साथ भारत आ गईं थीं।

बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर



हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं। बांग्लादेश सरकार जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।

पिछले साल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हसीना की सरकार ने जैसे ही यह आरक्षण खत्म किया तो इसके बाद छात्रों उनके इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई। शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं को बल मिला है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी के कई नेता लगाता भारत विरोधी बयान दे रहे हैं।

# इजराइल कैबिनेट ने हमास से सीजफायर को मंजूरी दी

## रविवार से शुरू होगा युद्ध विराम, पहले फेज में हमास 33 बंधक रिहा करेगा

तेल अवीव, 18 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइल की कैबिनेट ने शनिवार, यानी आज हमास के साथ सीजफायर डील को मंजूरी दे दी है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक यह युद्ध विराम रविवार, यानी कल से लागू होगा। इजराइली मंत्रियों ने समझौते के पक्ष में 24-8 मतों से मतदान किया। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऑफिस ने शनिवार सुबह बयान जारी कर कहा सरकार ने बंधक वापसी की योजना को मंजूरी दे दी है। ये डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल में न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें रविवार को रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद सदस्य भी शामिल हैं।

बता दें कि हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके कुछ घंटे बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था। 15 जनवरी को जो बाइडेन ने कहा कि यह डील 19 जनवरी, यानी रविवार से तीन फेज में शुरू होगी।

# नाइजीरिया को मिला ब्रिक्स पार्टनर देश का दर्जा

## ब्राजील ने किया ऐलान, अब तक 9 देश बन चुके हैं ऑफिशियल ब्रिक्स पार्टनर

ब्राजिलिया, 18 जनवरी (एजेंसियां)। अफ्रीका महाद्वीप का देश नाइजीरिया शुक्रवार को औपचारिक रूप से ब्रिक्स का पार्टनर सदस्य बन गया है। रूस की न्यूज एजेंसी आरटी के मुताबिक ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान के साथ नाइजीरिया 9वां ऑफिशियल ब्रिक्स पार्टनर बन गया है।

पिछले साल रूस के कजान शहर में आयोजित ब्रिक्स समिट में 13 देशों को पार्टनर देश का दर्जा दिया गया था। इनमें से अब तक 9 देश औपचारिक तौर पर इसके पार्टनर देश बन गए हैं।

नाइजीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। नाइजीरिया की आबादी 22 करोड़ है। यह देश सबसे तेजी से आबादी बढ़ने वाले देशों में शामिल है। नाइजीरिया में तेल और गैस के विशाल भंडार हैं, लेकिन आपसी संघर्ष की वजह से यहां लगातार राजनीतिक उथल पुथल मची रहती है। बीबीसी के मुताबिक नाइजीरिया दो भागों में बंटा हुआ है। उत्तरी हिस्सा जहां मुसलमान बहुसंख्यक हैं वहां गरीबी ज्यादा है। दक्षिणी और पूर्वी नाइजीरिया में ईसाई आबादी ज्यादा है। ये इलाका ज्यादा संपन्न है।

7 जनवरी को दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया ब्रिक्स का स्थायी सदस्य बन था। इंडोनेशिया ब्रिक्स में शामिल होने वाला 10वां स्थायी सदस्य देश है। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने साल 2023 में ईरान, यूएई, इजिप्ट और इथोपिया के साथ सऊदी अरब के शामिल होने की घोषणा की थी। सऊदी अरब के ब्रिक्स में शामिल होने की प्रक्रिया फरवरी 2024 में शुरू होने वाली थी लेकिन आखिरी वक्त में सऊदी अरब ने कहा था कि वह फिलहाल ब्रिक्स में शामिल नहीं हो रहा है।

2009 में ब्रिक देशों की पहली समिट हुई थी। इसका आयोजन रूस में हुआ था। इसके बाद 2010 में साउथ अफ्रीका के शामिल होने के बाद इसका नाम बदलकर ब्रिक्स हो गया। अब तक 16 बार ब्रिक्स समिट हो चुकी है। पिछले साल इसकी 16वीं समिट रूस के कजान शहर में हुई थी। राइजिंग इकोनॉमी के कॉन्सेप्ट पर बना ब्रिक्स दुनिया का तीसरा सबसे ताकतवर आर्थिक संगठन बन चुका है। दुनिया की 46% से ज्यादा जनसंख्या ब्रिक्स देशों में रहती है, जबकि वैश्विक जीडीपी में इसका हिस्सा 37% से ज्यादा है।

# भारत ने ऐसा क्या किया जिससे खुश हो गया दुश्मन चीन

## भारतीय उपलब्धि पर जमकर की तारीफ, दी बधाई



बीजिंग, 18 जनवरी (एजेंसियां)। भारत ने अंतरिक्ष में ऐसा कारनामा कर दिखाया है कि चीन भी उसकी तारीफ करने लगा है। चीन ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अंतरिक्ष में अपने सैटेलाइट की सफल डॉकिंग के लिए बधाई दी है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक दो उपग्रहों की डॉकिंग की थी। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। भारत से पहले अमेरिका, रूस और चीन ने ही अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष में अपने उपग्रहों को सफलतापूर्वक डॉक किया था।

भारत में चीनी दूतावास की प्रवक्ता यू जिंग ने कहा, 'स्पेडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की सफल डॉकिंग के लिए भारत #इसरो को बधाई।' हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब चीन ने भारत की तारीफ की है।

सितम्बर 2014 में भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन (मोम) मंगलयान ने मंगल की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश किया था। उस समय भी चीन ने तत्काल भारत के सफल मंगल मिशन के लिए बधाई दी थी।

मंगलयान के लिए बधाई देते हुए चीन ने कहा था कि यह न केवल भारत और एशिया के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मानव जाति के बाहरी अंतरिक्ष की खोज में एक 'ऐतिहासिक प्रगति' भी है। मंगलयान की सफलता ने भारत को मंगल की कक्षा में पहुंचने वाले पहला देश बना दिया था। इतना ही नहीं, वह पहले प्रयास में ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया। चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग के लिए भी चीन ने ग्लोबल टाइम्स में एक लेख के जरिए भारत की तारीफ की थी।

# अमेरिका के निचले सदन में ताइवान के साथ दोहरे कर से राहत देने वाला विधेयक पारित

वॉशिंगटन, 18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 15 जनवरी को एक विधेयक पारित किया। इसका उद्देश्य टैक्स (कर) भुगतान को कम करना, डबल टैक्सेशन (दोहरे कर) से बचना और ताइवान के व्यवसायों, निवासियों तथा कर्मचारियों के लिए कर में छूट देना है।

बता दें, इस विधेयक को यूएस-ताइवान एक्सपेडाइटेड डबल-टैक्स रिलीफ एक्ट कहा गया है। यह सदन में 423-1 मतों से पारित हुआ। अब इसे अमेरिकी सीनेट में भेजा जाएगा। अगर इसे मंजूरी मिल जाती है तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति के पास जाएगा, जिनके हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा। विधेयक का मुख्य उद्देश्य अमेरिका और ताइवान के बीच दोहरे कर को रोकना है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह अमेरिका में रहने वाले पात्र ताइवानी निवासियों को कर छूट प्रदान करने के लिए वर्तमान



अमेरिकी कर कानूनों में संशोधन करना चाहता है और अमेरिका में लाभांश और ब्याज जैसे विशिष्ट स्रोतों से आय पर रोक लगाने वाले कर की दरों को कम करना चाहता है। इस विधेयक के तहत, एक महत्वपूर्ण कदम यह होगा कि यूएस-ताइवान टैक्स एग्रीमेंट ऑथराइजेशन एक्ट को लागू किया जाएगा, जिसके तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को ताइवान के साथ कर समझौते पर बातचीत करने और उसे लागू करने का अधिकार मिलेगा। प्रतिनिधि जूडी ने कहा कि वर्तमान कानूनों के तहत ताइवान में व्यापार करने वाले अमेरिकियों को दोनों देशों में एक ही आय पर कर देना पड़ता है, जिससे हर तरह के व्यापार को नुकसान होता है। इसी तरह ताइवानी लोगों को भी दोहरा कर देना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका के शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में सिर्फ ताइवान के पास दोहरे कर समझौते का अभाव है। ताइवान में अमेरिकी इंस्टीट्यूट द्वारा कराए गए एक सर्वे का हवाला देते हुए जूडी ने कहा कि 79 प्रतिशत ताइवान कंपनियों ने बताया कि आय पर दोहरे कर का नियम एक महत्वपूर्ण कारण है, जो उन्हें अमेरिका में अधिक निवेश करने से रोकता है।

# जिस कैपिटल हिल में किया दंगा, अब उसी जगह ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे आरोपी

## जज ने दी अनुमति

वॉशिंगटन, 18 जनवरी (एजेंसियां)। छह जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद में दंगे की तस्वीरों ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। अब हैरानी इस बात की है कि जिन लोगों पर दंगे के आरोप लगे, अब वे ही डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहे हैं। दरअसल कई आरोपियों ने अदालत में अपील कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति देने की मांग की थी। अदालत ने भी इसकी मंजूरी दे दी है ताकि वे ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापस लौटने का जश्न मना सकें। अमेरिकी न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया, लेकिन जज ने इसे खारिज कर दिया।

**करीब 20 आरोपियों ने मांगी थी अनुमति**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कैपिटल हिल दंगे के आरोपियों में से 20 ने संघीय न्यायाधीश से, ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अनुमति मांगी। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इनमें से अधिकांश को अनुमति मिल सकती है। सिर्फ कुछ आरोपियों को ही अनुमति नहीं दी गई है। न्याय विभाग के अभियोजकों ने इसका विरोध किया है और कहा कि कैपिटल हिल के दंगाइयों को अदालत की निगरानी में अपराध स्थल पर वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि जज ने कहा कि अब आरोपी दंगे के लिए नहीं बल्कि जश्न मनाने के लिए जा रहे हैं।

11 आरोपियों को अनुमति मिल गई है। सात आरोपियों की अपील खारिज कर दी गई है। साथ ही जो लोग दंगा मामले में अपनी सजा पूरी कर चुके हैं, वे भी जाने के लिए स्वतंत्र हैं। आमतौर पर, जो लोग गिरफ्तारी, परिवीक्षा की सजा या जेल से रिहाई के बाद अदालत की निगरानी में रहते हैं, उन्हें अपने गृह जिले से बाहर यात्रा करने के लिए न्यायाधीश की स्वीकृति लेनी होती है।

# फ्रांस के नौसैनिक विमान पर रूस ने तान दी एस-400 मिसाइल

## बाल्टिक सागर में मचा बवाल, नाटो देश से बढ़ा तनाव

पेरिस, 18 जनवरी (एजेंसियां)। रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच नाटो देश फ्रांस से मास्को का तनाव भड़क उठा है। फ्रांसीसी नौसेना का गश्ती विमान अटलांटिक 2 बाल्टिक सागर में उड़ान भर रहा था। इसी दौरान रूसी एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने उसे अपने निशाने पर ले लिया। एस-400 ने अपने रेडॉर से इस फ्रांसीसी विमान को 'लॉक' किया। वश्लेषकों का कहना है कि यह रूसी एयर डिफेंस सिस्टम के 'जैमिंग' का प्रयास हो सकता है। रूस ने अपने अपने फायर कंट्रोल रेडार की मदद से ऐसा किया। इससे पहले रूस की गलती की वजह से प्लेन क्रैश हो गया था और कई लोग मारे गए थे। बताया जा रहा है कि यह फ्रांसीसी विमान करीब 5 घंटे के निगरानी उड़ान पर था। फ्रांसीसी विमान स्वीडन समेत बाल्टिक देशों के आसपास समुद्र में




नौसैनिक निगरानी कर रहा था। इस मिशन के दौरान फ्रांसीसी वमिान ने 200 जहाजों का सर्वेक्षण किया लेकिन उसे कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं मिली। यह जांच हाल ही में सबमरीन टेलिकम्यूनिकेशन और पावर केबल को आए नुकसान की जांच के लिए की गई थी। बताया जा रहा है कि जब यह विमान उड़ान भर रहा था, उस पर एएफपी का एक पत्रकार भी मौजूद था। इसी दौरान रूसी एयर डिफेंस सिस्टम से उसे जाम करने की कोशिश की गई। फ्रांसीसी सेना ने खुलासा किया है कि इस मिशन के दौरान जाम करने की कोशिश की गई। जाम करने का सैन्य भाषा में मतलब यह है कि किसी ऑब्जेक्ट को निशाना लगाने के लिए रेडॉर का इस्तेमाल करना है। फ्रांसीसी सेना के प्रवक्ता कर्नल वेरनेट ने रूस के इस ऐक्शन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे रूस की ओर से की गई आक्रामक कार्रवाई करार दिया है।

# आज से परिचालन होगा बंद

## अमेरिका में प्रतिबंध लगने की खबरों के बीच टिकटॉक ने जारी किया बयान

वॉशिंगटन, 18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में प्रतिबंध की बढ़ती संभावनाओं से पहले टिकटॉक ने शनिवार को एक बयान जारी किया। अपने बयान में टिकटॉक ने बताया कि व्हाइट हाउस और न्याय विभाग सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। टिकटॉक ने कहा कि जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद कर देगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए टिकटॉक ने कहा, व्हाइट हाउस और न्याय विभाग सर्विस प्रोवाइडर्स को आवश्यक स्पष्टता और आश्वासन प्रदान करने में विफल रहे। जब तक बाइडन प्रशासन द्वारा गैर-प्रवर्तन का आश्वासन देने वाला एक निश्चित बयान प्रदान नहीं किया जाता है, तब तक टिकटॉक 19 जनवरी से अमेरिका में अपना परिचालन बंद करने के लिए मजबूर होगा। अमेरिका में सुरक्षा चिंताओं के कारण टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। टिकटॉक की यह टिप्पणी अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पृष्ठभूमि के बीच आई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने इस बात पर जोर दिया कि कानून को लागू करने की जिम्मेदारी अब आने वाले प्रशासन पर है। शुक्रवार को अपने बयान में जीन पियरे ने कहा, प्रशासन, देश के बाकी हिस्सों की तरह टिकटॉक मामले में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहा है। टिकटॉक पर बाइडन की स्थिति कई महीनों से स्पष्ट है।

सांसदों ने एक विधेयक राष्ट्रपति के पास भेज दिया है। बयान में आगे कहा गया कि यह प्रशासन मानता है कि कानून को लागू करने की कार्रवाई अगले प्रशासन पर निर्भर होनी चाहिए।

# लेबनान के पुनर्निर्माण में अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का वादा

बेरूत, 18 जनवरी (एजेंसियां)। इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम लागू होने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय लेबनान का समर्थन करेगा 'क्योंकि हमारा मानना है कि यह देश तेजी से सुधार करेगा और इसे फिर से मध्य पूर्व का केंद्र बना देगा'। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने लेबनान के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति जोसेफ औन के साथ बेरूत में एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। पिछले हफ्ते जोसेफ औन के चुनाव के बाद सरकार बनाने के लिए एक नए प्रधान मंत्री का भी नाम घोषित किया गया। लेबनान 26 महीनों से राष्ट्रपति के बिना था, जो इस छोटे से देश में आंतरिक विभाजन का हिस्सा था।

# 2025 में भारत की ग्रोथ रेट सबसे ज्यादा 6.5% रहेगी

## आईएमएफ का पाकिस्तान के लिए 3% का अनुमान, दुनिया की विकास दर 3 .3% रहेगी

वॉशिंगटन, 18 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने साल 2025 और 2026 में दुनिया भर के देशों की विकास दर को लेकर अपना पूर्वानुमान पेश किया है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 और 2026 में दुनिया की ग्रोथ रेट 3.3% रहेगी। बड़े देशों में भारत 6.5% की ग्रोथ रेट के साथ सबसे तेजी से विकास करेगा।

पाकिस्तान विकास दर 2025 में 3% और 2026 में 4% रहने का अनुमान है, जबकि 2024 में यह 3.2% थी। आईएमएफ की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने सोशल मीडिया X पर वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक ग्रोथ का अनुमान पोस्ट किया।

अपस्टॉक्स के मुताबिक आईएमएफ का कहना है कि भारत में इंडसट्रियल एक्टिविटी में उम्मीद से ज्यादा गिरावट देखी गई है। इस वजह से 2023 के मुकाबले ग्रोथ रेट भी उम्मीद से ज्यादा धीमी रही। 2023 में भारत की ग्रोथ रेट 8.2% थी, जो 2024 में घटकर 6.5% रह गई। इसके 2025 और 2026 में भी इतना ही रहने का अनुमान है।

अनुमान के मुताबिक अमेरिका की विकास दर 2024 के मुकाबले मामूली तौर पर 0.1% घटकर 2025 में 2.7% रहेगी, जबकि 2026 में यह 2.1% पर पहुंच जाएगी। आईएमएफ का कहना है कि अमेरिका के घरेलू मार्केट में मांग बनी हुई है, क्योंकि यूएस फेडरल रिजर्व (केंद्रीय बैंक) ने मौद्रिक नीति में ब्याज दरों को घटाया है। इससे लोगों को लोन मिलने में आसानी हुई है।

चीन की विकास दर 2025 में 4.6% और 2026 में 4.5% रहने का अनुमान है। 2024 में चीन की ग्रोथ रेट 4.8% रही थी। आईएमएफ के मुताबिक चीन को अपनी विकास रफ्तार बढ़ाने के लिए घरेलू मार्केट में मांग पैदा करनी होगी।

आईएमएफ के अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गौरिंचस ने कहा दुनिया में महंगाई दर 2025 में 4.2% और 2026 में 3.5% रहेगी। जबकि 2024 में यह 5.9% थी। गौरिंचस के मुताबिक ग्लोबल महंगाई दर के घटने से हाल के सालों में हुई वैश्विक उथल पुथल (कोरोना की महामारी और यूक्रेन युद्ध) को कम करने में मदद मिलेगी।



## गजेंद्र सिंह शेखावत ने साधा निशाना
# कहा- ग्रंथ लिखे जा सकते हैं
## कैसे कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की



जोधपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के जोधपुर में कांग्रेस पर पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि 1954 का कुंभ एकमात्र उदाहरण नहीं है, वहां से लेकर इमरजेंसी और 2014 तक, ग्रंथ लिखे जा सकते हैं कि किस तरह से कांग्रेस ने लोकतंत्र और लोकतंत्र के सारे स्तंभों का गला घोंटने की कोशिश की।

केंद्रीय मंत्री शनिवार सुबह दिल्ली से गृह जनपद पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि गांधी परिवार की राजनीति और कांग्रेस पार्टी का वर्तमान नेतृत्व देश-दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। उनका चेहरा सबके सामने उजागर हो चुका है। उन्होंने कहा कि हिंदी में एक कहावत है, हाथी के दांत दिखाने के कुछ और, खाने के कुछ और होते हैं, मुझे लगता है कि उनका चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने उजागर हो चुका है। महाकुंभ के प्रबंधन पर शेखावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से प्रबंधन किया है, वो निश्चित रूप से अनूठा है, क्योंकि इससे पहले स्मरण कीजिए, कुंभ जब कभी भी देश में होते थे, 2013 के कुंभ में किस तरह से भगदड़ मची, उस समय सरकार ने किस तरह असंवदेनशीलता के साथ व्यवहार किया था।

शेखावत ने कहा कि 1954 में जब देश की आजादी के बाद में पहला कुंभ हुआ था, उस समय कुंभ की व्यवस्थाओं को देखिए, सरकार किस तरह से इन विषयों को लेकर उदासीन थी। पूर्व पीएम नेहरू के कुंभ में जाने के कारण से, ऐसी लिखित रूप से लोगों ने स्टोरी की हैं, 1000 से ज्यादा लोग भगदड़ मचने के कारण दिवंगत हुए थे। शेखावत ने कहा कि अब विरासत का संरक्षण और विरासत का सम्मान करने वाली सरकार है। इस बार महाकुंभ की व्यवस्थाएं पहले से बहुत बेहतर हैं। इंडी गठबंधन के कुंभ को लेकर कुछ न बोलने के सवाल पर शेखावत ने कहा कि वो अवसरवादियों का संगठन है। लोकसभा चुनाव से पहले ऐसे सारे लोग, जो जेल यात्रा करके आए थे, वो एकसाथ एकत्रित हुए थे। मुझे नहीं लगता कि ऐसा आचरण और व्यवहार करने वाले लोगों, जिन्होंने पहले कुंभ को उदासीनता और संवेदनशीलता के साथ में देखा है, वो कुंभ की महत्ता और आस्था को समझते होंगे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि महाकुंभ विश्व के लिए अनूठा उत्सव है। जहां स्वतःस्फूर्त भाव से देश-दुनिया से करोड़ों लोग श्रद्धा और उत्सुकता को लेकर आ रहे हैं। कौतूहलवश दुनियाभर से लोग यह जानने के लिए आ रहे हैं कि इतना बड़ा आयोजन, कैसे किसी देश में एक स्थान पर हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन में सरकार का जिस तरह से प्रबंधन है, वो केस स्टडी है। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान पर 5 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया। आने वाली मौनी अमावस्या के दिन यह संख्या और भी बढ़ेगी।

## सरकारी स्कूलों को बंद करने पर भड़की कांग्रेस
# भजनलाल सरकार पर बोला तीखा हमला



बीकानेर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने 260 स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्कूलों में समाहित करने के आदेश दिए हैं। इनमें कम नामांकन वाले 14 स्कूलों को निकट के स्कूलों में समाहित किया है। इनमें जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, पाली, अजमेर, ब्यावर जिले के 2- 2 और हनुमानगढ़ व उदयपुर का 1-1 विद्यालय शामिल है।

प्रारंभिक शिक्षा के ऐसे 9 स्कूलों को उनके निकट के उच्च माध्यमिक स्कूलों में समन्वित किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा के 190 स्कूलों को मिला कर इस माह अब तक 450 स्कूलों को मर्ज किया जा चुका है।

**कांग्रेस का सरकार पर तीखा हमला**

प्रदेश में स्कूलों को मर्ज करने के सरकारी फैसले की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने निंदा की है। डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा प्रणाली में सुधार एवं विस्तार करने की जगह स्कूल बंद करने का काम करती है।

**आखिर 'कब तक सहेगा राजस्थान'**

डोटासरा ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार की नाकामी से प्रदेश की जनता में भय का वातावरण और अपराधियों का तांडव जारी है। जयपुर में उप मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में महिला की दिनदहाड़े हत्या और लूट की वारदात शर्मनाक एवं कमजोर कानून व्यवस्था का प्रमाण है।

**स्कूल बंद करना निंदनीयः टीकाराम**

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों को सबसे नुकसान होगा। स्कूलों को बंद करना निंदनीय है। सरकार को चाहिए कि वह स्कूलों को बंद करने की जगह इनमें सुधार और विस्तार पर ध्यान दें।

# जेल में बंद नरेश मीणा के लिए आंदोलन तेज
## कांग्रेस नेता गुंजल बोले 'न्याय नहीं तो रण होगा'




जयपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने एलान किया कि सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है, यदि इन सात दिनों में सरकार समरावता प्रकरण की न्यायिक जांच नहीं करवाती है तो 24 जनवरी को एक बड़ी बैठक होगी, जिसमें आर-पार की लड़ाई का एलान होगा।

प्रहलाद गुंजल ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने निर्दोष लोगों को फंसाया है और खुद ही गाड़ियों-घरों को जलाकर आम युवाओं को आरोपी बनाया है, जो गलत है। ऐसे में यदि निर्दोष लोगों को नहीं छोड़ा गया तो आने वाले 24 जनवरी को विधानसभा कूच और जयपुर घेराव का एलान करेंगे और इसकी तारीख उसी दिन घोषित करें और इसके बाद पीछे नहीं हटेंगे।

बता दें कि कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल पार्टी लाइन से हटकर नरेश मीणा का साथ दे रहे है। नरेश के साथ जेल में बंद निर्दोष लोगों के लिए आंदोलन का नेतृत्व भी वो खुद कर रहे है। पहले नगर फोर्ट महापंचायत की और अब विधानसभा घेराव की रणनीति बनाई गई है।

इसको लेकर प्रहलाद गुंजल ने कहा कि नरेश मीणा के साथ मैं कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं और जब तक नरेश की रिहाई नहीं होगी युवाओं के साथ तानाशाही सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। सिर्फ नरेश मीणा ही नहीं, बल्कि समरावता के हर एक उस व्यक्ति के साथ हूं, जिन्होंने इस पीड़ा को झेला है।

उनका आरोप है कि कुछ पुलिसकर्मियों ने खुद वाहनों और घरों को जलाया, लेकिन इसका दोष निर्दोष लोगों पर मंड दिया। यही नहीं सरकार के मंत्री भी वहां घटनास्थल पर गए और उन्होंने भी न्यायिक जांच की बात कही, लेकिन अभी तक न्यायिक जांच नहीं हुई। क्योंकि यदि न्यायिक जांच होगी तो कईयों के राज बेपर्दा हो जाएंगे और असली दोषी सामने आ गया तो सरकार की किरकिरी हो जाएगी।

इसलिए न्यायिक जांच का सरकार को डर मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच संभागीय आयुक्त से करवाई जा रही है, जबकि वो जांच नहीं बल्कि पूरे मामले पर पर्दा डालने का काम करेंगे। ऐसे में हम चुप नहीं बैठने वाले और हर मोर्चे की लड़ाई लड़ सरकार का चेहरा बेनक़ाब करेंगे।

## ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करेगा राजस्थान : ओम बिरला



जयपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत को ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' का विजन रखा है। उसे साकार करने में राजस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण है। आने वाले समय में राजस्थान क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश का नेतृत्व करेगा।

बिरला ने राजस्थान के जयपुर के जेईसीसी में राजस्थान सोलर एसोसिएशन की ओर आयोजित तीन दिवसीय भारत सोलर एक्सपो का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट समिट में 28 लाख करोड़ के एमओयू केवल सौर ऊर्जा के क्षेत्र में हुए हैं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि प्रदेश में स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 31 गीगावाट से अधिक हो गई है।

राजस्थान सोलर एसोसिएशन के सीईओ नितिन अग्रवाल और अध्यक्ष सुनील बंसल ने एक्सपो की जानकारी दी। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर की संभावना के बारे में बताया। सहकारिता मंत्री गौतम दक भी मौजूद रहे।

एक्सपो में अत्याधुनिक सौर पैनल, इन्वर्टर, ऊर्जा भंडारण प्रणाली और हाइब्रिड से जुड़े उत्पादन प्रदर्शित किए गए। आकर्षण 'सोलर फ्यूचर इंडिया 2030' रोडमैप रहा। इस दौरान राजस्थान सोलर एसोसिएशन और प्रमुख शैक्षिक संस्थानों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

# 3 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी
## मध्यप्रदेश से लाकर कोटा में देने जा रहे थे नशे की खेप



झालावाड़, 18 जनवरी (एजेंसियां)। डग के बागरी मोहल्ला गणेश मंदिर निवासी मोहन पुत्र अमरलाल, भावसार मोहल्ला निवासी दिलीप सिंह से पूछताछ की तो वे संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने दोनों को डिटेन कर ऑटो की तलाशी ली तो ड्राइवर सीट के पीछे 706 ग्राम एमडीएमए (मैथीलीन डाईऑक्सी मैथेम्फेटामाइन) बरामद किया। मामले की जांच मिश्रोली थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान तीन करोड़ रुपए मूल्य का 706 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं तस्करी में प्रयुक्त एक लोडिंग ऑटो को भी जब्त किया है।

भवानीमंडी थाने के सीआई रमेश मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार चौधरी के सुपरविजन में अवैध मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम ने गुरुवार को जुल्मी तिराहा मौजा पिपलिया पर नाकाबंदी की। इस दौरान लोडिंग ऑटो को रुकवाया। इसमें सवार डग के बागरी मोहल्ला गणेश मंदिर निवासी मोहन पुत्र अमरलाल, भावसार मोहल्ला निवासी दिलीप सिंह से पूछताछ की तो वे संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने दोनों को डिटेन कर ऑटो की तलाशी ली तो ड्राइवर सीट के पीछे 706 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। मामले की जांच मिश्रोली थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह कर रहे हैं।

**तस्करी में लिप्त रहे हैं आरोपी**

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि एमडीएमए पाउडर डग थाना क्षेत्र के घाटाखेड़ी निवासी नौशेर खान उर्फ नौशाद लाला एवं मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के सुरजनी निवासी फिरोज पठान से लेकर आए थे। जिसे वे कोटा देने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि फिरोज पठान के खिलाफ कुल 17 प्रकरण दर्ज है।

जिसमें से 5 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के हैं। फिरोज पठान सीतामऊ थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में भी वांछित है। वहीं मुलजिम नौशेर खान के खिलाफ 1 प्रकरण दर्ज है। वांछित आरोपी राजस्थान व मध्यप्रदेश की सीमा पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं।

# सरकारी योजनाओं का फ्लैक्स होर्डिंग बना जानलेवा, करंट आने से महिला की मौत

केकड़ी, 18 जनवरी (एजेंसियां)। यह हादसा केकड़ी क्षेत्र में सावर थाना क्षेत्र के गांव आलोली में हुआ। यहां ग्राम पंचायत भवन की चारदीवारी पर मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के प्रचार का एक बड़ा फ्लैक्स लगाया हुआ है। इसी के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। शनिवार को सुबह गांव की एक महिला ग्राम पंचायत भवन के बाहर दीवार पर लगी मनरेगा लिस्ट में अपना नाम देख रही थी, तभी यह हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम आलोली निवासी चंता देवी (35) पत्नी बाबूलाल मीणा शनिवार सुबह करीब 9 बजे अपने घर के सामने स्थित ग्राम पंचायत भवन की दीवार पर लगी मनरेगा लिस्ट में अपना नाम देखने गई थीं। इस दौरान महिला ग्राम पंचायत भवन के बाहर लगे मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के फ्लेक्स बैनर से टच हो गई। बैनर के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसके चलते बैनर की फ्रेम में करंट दौड़ गया। बैनर के संपर्क में आते ही महिला करंट की चपेट में आ गई और लोहे की फ्रेम से चिपक गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे से मौके पर अफरातफरी मच गई। पहले तो ग्रामीण कुछ समझ नहीं पाए, फिर माजरा समझ में आते ही मौके पर मौजूद एक ग्रामीण ने बांस की सहायता से महिला को फ्रेम से दूर किया। इसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद विद्युत लाइन को बंद किया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने शव को उठाने से इनकार कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सूचना मिलने पर सावर थाना प्रभारी बनवारी लाल मय पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। इसी दौरान मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के जेईएन सुभाष ने लिखित में मुआवजे देने का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीण शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को अपनी कस्टडी में लिया। जिसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सावर अस्पताल भेजा गया।

# पुलिस ने सात करोड़ के साइबर फ्रॉड का किया खुलासा
## 11 लड़कियों सहित 15 लोग गिरफ्तार

जोधपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। जोधपुर पुलिस की साइबर सेल ने साइबर शील्ड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सात करोड़ के साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। इसके साथ ही दो कॉल सेंटर से 11 युवतियों के साथ 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक मामले में बुजुर्गों को महिलाओं से मित्रता करवाने और ब्लैकमेल करने के मामले में दो आरोपियों को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। वहीं, एक आरोपी इन्वेस्टमेंट करवा ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देने के मामले में गिरफ्तार किया है।

बासनी थाना क्षेत्र के न्यू पावर हाउस रोड निवासी पुखराज ने जिंदगी से तनाव दूर करने के लिए ऑनलाइन फ्रेंड्स फॉर एवर नाम के क्लब को ज्वाइन किया। इसके लिए उसने 1950 रुपये फिक्स डिपॉजिट के नाम पर जमा भी करवाए। फ्रेंड्स फॉर एवर नाम के क्लब में कम उम्र की महिलाओं से मित्रता करवाने के नाम पर क्लब का कार्ड जारी करने और क्लब की गतिविधियों के लिए अन्य शुल्क के नाम पर 57 वर्षीय पुखराज से लाखों रुपये की मांग की गई। इसके बाद पुखराज से लगातार क्लब के नाम पर पैसे लूटने का सिलसिला शुरू हो गया। सिर्फ दो महीने के अंदर ही पुखराज से ब्लैकमेलिंग कर 42,23,141 रुपये हड़प कर लिए गए।

नवंबर 2024 से लेकर 10 जनवरी तक वह रुपये जमा करवाते रहा। आखिरकार, बाद में परेशान होकर उसने जोधपुर के साइबर थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और तकनीकी सहायता लेते हुए आरोपियों की पहचान कर ठगी के गिरोह को चिन्हित और नामजद किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल से मुख्य आरोपी अजय ओझा और अश्वनी ओझा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो एस क्रेडिट कार्ड 12 डेबिट कार्ड 11 मोबाइल 20 सिम कार्ड एक आई-20 कार बरामद की है। वहीं, दूसरे दो प्रकरण में पुलिस ने दो कॉल सेंटर पर कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपी के साथ 11 युवतियों को गिरफ्तार किया है। ब्रेक डाउन सर्विस देने के नाम पर धोखाधड़ी और ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

जोधपुर की कुड़ी थाना क्षेत्र में पावर ब्रेक डाउन सर्विस इंडिया और सॉल्यूशन सर्विस ऑफ इंडिया के नाम से फर्जी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। यह कॉल सेंटर गौरव पंजाबी अमित सिंह और हनी सिंह द्वारा संचालित किया जाता था। इस कॉल सेंटर के माध्यम से चौपहिया वाहन चालकों को कॉल कार रोड साइड अस्सिटेंस के नाम पर वहां के रास्ते में खराब होने, पंचर होने, ब्रेकडाउन होने पर पांच वर्ष की सर्विस देने और उनके नाम का कार्ड इशू करने के नाम पर पैसा लिया जाता। पैसे लेने के बाद में ग्राहक को सुविधा नहीं दी जाती थी। कार्ड पर फर्जी नंबर दिए जाते और सारे पैसे ऐंठ लिए जाते थे। यह कॉल सेंटर पिछले दो वर्ष से संचालित किया जा रहा था।

वहीं, भगत की कोठी थाना क्षेत्र में नॉटिनल ब्रेक डाउन सर्विस तो इंडिया के नाम से कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था, जिसमें भी रोड साइड असिस्टेंस के नाम पर ग्राहकों से ठगी की जाती। इस में ग्राहकों को कॉल करने के लिए 5 से 7 युवतियों को रख उनसे कॉल करवा कर कंपनी के लुभावने ऑफर दिए जाते थे। ताकि वाहन चालक झांसे में आ जाए और उनकी स्कीम ले ले। एक बार सर्विस बेच देने के बाद सर्विस नहीं दी जाती थी। यह लोग पकड़े न जाए, इसके लिए कॉल सेंटर को कुछ समय के बाद नए नाम से दूसरी जगह शुरू कर देते थे। 3500 रुपये की सर्विस बेचकर उसमें से महिलाओं को 700 रुपये, कुरियर वाले को 100 से 150 रुपये जिस कंपनी से प्राइवेट डेटा पांच रुपये प्रति कस्टमर दिया जाता था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुमेरचंद (25) जगदीश (30) के साथ 10 युवतियों को गिरफ्तार किया है।

## नाबालिग से गलत काम करने वाले को मिली 20 साल की सजा

राजसमंद, 18 जनवरी (एजेंसियां)। नाबालिग से बलात्कार करने व उसके अश्लील फोटो खींचकर वायरल करने वाले आरोपी आकाश को पोस्को कोर्ट राजसमंद की न्यायाधीश पूर्णिमा गौड़ ने 20 वर्ष के कठोर कारावास व 28 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दण्डित किया।विशिष्ट लोक अभियोजक राजेश पालीवाल ने बताया कि 4 जुलाई 2021 को पीड़िता ने कांकरोली थानाधिकरी को रिपोर्ट में बताया कि आकाश नाम के लडके से मोबाइल फोन से जान पहचान हुई। करीब 6 दिन पूर्व आकाश ने उसे मिलने के लिए बुलाया। वह उसे एक होटल में ले गया जहां उसने नशीला पेय पिलाकर उसके साथ बलात्कार किया। किशोरी के विरोध करने पर आकाश ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और अश्लील फोटो खींचकर वायरल कर दी। उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना कांकरोली ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आवश्यक अनुसंधान पूर्णकर पोक्सो न्यायालय अभियुक्त आकाश दमामी के विरूद्ध आरोप पत्र पेश किया।

## स्टूडेंट ने की खुदकुशी, नानी के घर कर रहा था इंजीनियरिंग की तैयारी

कोटा, 18 जनवरी (एजेंसियां)। देश में कोचिंग हब के रूप में प्रसिद्ध राजस्थान के कोटा में तमाम प्रयासों के बावजूद भी स्टूडेंट्स सुसाइड के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। कोटा में एक और कोचिंग स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। बता दें कि कोटा में इस साल कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड का यह चौथा मामला है।

जवाहर नगर थाना क्षेत्र में एक कोचिंग छात्र ने घर पर ही आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मनन जैन पुत्र मनीष जैन आयु 20 साल कोटा में जवाहर नगर पेट्रोल पंप के सामने प्रथम गली मकान नंबर एल-8 में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था।

वह बूंदी के इंद्रगढ़ का रहने वाला था और कोटा में अपनी नानी के घर पर रहता था। जहां उसने घर पर ही देर रात खिड़की की ग्रिल से लटककर फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही ड्यूटी ऑफिसर जवाहर नगर तत्काल मौके पर पहुंचे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**एक दिन पहले ही कोचिंग छात्र ने की थी खुदकुशी**

बता दें कि इससे पहले विज्ञान नगर थाना क्षेत्र की आम्बेडकर कॉलोनी में रहकर जेईई की तैयारी कर रहे कोचिंग छात्र ने पीजी में आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के मुताबिक ओडिशा निवासी अभिजीत गिरी (18) कोटा में आम्बेडकर कॉलोनी के एक पीजी में रहकर कोचिंग संस्थान से जेईई की तैयारी कर रहा था। उसने गुरुवार रात कमरे में आत्महत्या कर ली थी। कोटा में सुसाइड का पहला मामला 7 जनवरी को सामने आया था। हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी नीरज जाट ने हॉस्टल में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। वह कोटा में जेईई की तैयारी कर रहा था। मध्य प्रदेश के गुना निवासी अभिषेक ने 8 जनवरी को पंखे से लटककर खुदकुशी की थी। वह भी कोटा में जेईई की तैयारी कर रहा था।

## घने कोहरे में ट्रक और जीप की टक्कर से दो लोगों की मौत

हनुमानगढ़, 18 जनवरी (एजेंसियां)। हनुमानगढ़ के फेफाना थाना क्षेत्र में घने कोहरे के बीच एक भीषण सड़क हादसा हुआ। नोहर-भादरा मार्ग पर ट्रक और जीप की आमने-सामने की टक्कर में जसाना गांव के दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

फेफना थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि नोहर-भादरा मार्ग पर रात के 10 से 11 बजे के बीच में ट्रक और जीप की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में जसाना गांव के जीप सवार मनोज (29) पुत्र भूराराम और सुरेंद्र (32) पुत्र जीराज भाट की मौके पर मौत हो गई। वहीं, शंकरलाल (पुत्र ओमप्रकाश जाट) और शंकरलाल (पुत्र राजाराम) घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को पहले नोहर के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया, फिर गंभीर हालत के चलते सिरसा के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया।

# बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 21 किमी लंबी सुरंग का निर्माण

## > रेल मंत्री ने भूमिगत स्टेशन का निरीक्षण किया

नई दिल्ली/ हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मुंबई बुलेट ट्रेन भूमिगत स्टेशन बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और महाराष्ट्र में शिल्पाता के बीच 21 किमी लंबी भारत की पहली भूमिगत/अंडरसी सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भूमिगत स्टेशन का निरीक्षण किया। 21 किमी सुरंग निर्माण कार्य में से 16 किमी सुरंग बोरिंग मशीनों के माध्यम से और शेष 5 किमी एनएटीएम के माध्यम से है। इसमें ठाणे क्रीक में 7 किमी अंडरसी सुरंग भी शामिल है।

दमरे के अनुसार अतिरिक्त रूप से संचालित मध्यवर्ती सुरंग पोर्टल : 394 मीटर लंबी एडीआईटी सुरंग मई 2024 (रिकॉर्ड समय 6 महीने) में पूरी हो चुकी है। इससे शिल्पाता के अलावा खुदाई कार्य के लिए दो अतिरिक्त एनएटीएम फेस की सुविधा मिली है। इस अतिरिक्त पहुंच के कारण, 1,111 मीटर सुरंग निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। एडीआईटी निर्माण और संचालन के दौरान मुख्य सुरंग तक सीधे वाहनों की पहुंच प्रदान करेगा और आपातकालीन स्थिति में निकासी प्रक्रिया के उद्देश्य से भी इसका उपयोग किया जा सकता है। मुंबई एचएसआर स्टेशन निर्माण स्थल पर शाफ्ट पर शाफ्ट की गहराई 36 मीटर है, खुदाई का काम अभी चल रहा है। विक्रोली में शाफ्ट 2 : शाफ्ट की गहराई 56 मीटर पूरी हो चुकी है। इस शाफ्ट का इस्तेमाल दो अलग-अलग दिशाओं में दो टनल बोरिंग मशीनों को नीचे उतारने के लिए किया जाएगा, एक बीकेसी की ओर और दूसरी अहमदाबाद की ओर। सावली (घनसोली के पास) में शाफ्ट 3 : शाफ्ट की गहराई 39 मीटर पूरी हो चुकी है। सुरंग के अंदर पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे सुरंग स्थलों के अंदर सुरक्षित और हवादार कार्यबल सुनिश्चित हो सके। सभी उत्खनन सामग्री का निपटान राज्य सरकार के निर्देशानुसार किया जा रहा है। सुरंग



स्थलों के आसपास की संरचना/इमारतों की लगातार निगरानी की जा रही है। झुकाव, निपटान, कंपन, दरारें और विरूपण की निगरानी के लिए निर्माण स्थलों पर और उसके आसपास विभिन्न प्रकार के भू-तकनीकी उपकरण जैसे इनक्लिनोमीटर, कंपन मॉनिटर, ग्राउंड सेटलमेंट मार्कर, टिल्ट मीटर आदि लगाए गए हैं। ये उपकरण यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं कि न तो खुदाई और सुरंग बनाने जैसे चल रहे भूमिगत कार्यों और न ही साइट के आसपास की संरचनाओं को कोई खतरा हो। 16 किमी टीबीएम हिस्से के लिए सुरंग लाइनिंग कास्टिंग के लिए एक समर्पित कास्टिंग यार्ड पहले से ही महापे में चालू है। 7,700 रिंग बनाने के लिए 77,000 सेगमेंट कास्ट किए जाएंगे। सुरंग की लाइनिंग के लिए विशेष रिंग सेगमेंट कास्ट किए जा रहे हैं, प्रत्येक रिंग में नौ घुमावदार सेगमेंट और एक मुख्य सेगमेंट शामिल है, जिसमें प्रत्येक सेगमेंट 2 मीटर चौड़ा और 0.5 मीटर (500 मिमी) मोटा है। उच्च-शक्ति वाले एम 70 ग्रेड कंक्रीट का उपयोग बेहतर संरचनात्मक अखंडता और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। कास्टिंग और स्टैकिंग यार्ड, महाराष्ट्र के ठाणे जिले के महापे में 11.17 हेक्टेयर के क्षेत्र को कवर करता है।

यार्ड में नौ सेट के सांचे होंगे, जिनमें से प्रत्येक में दस टुकड़े होंगे। यार्ड में अत्याधुनिक क्यूए-क्यूसी लैब है जिसमें स्थायित्व पैरामीटर की जांच करने की सुविधा है। यार्ड कास्टिंग संचालन को स्वचालित और मशीनीकृत करने के लिए विभिन्न क्रेन, गैंट्री और मशीनों से सुसज्जित है, जो खंडों की कास्टिंग और स्टैकिंग के दौरान उच्च गुणवत्ता का आश्वासन सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, सुविधा में कास्टिंग शेड, एक स्टैकिंग क्षेत्र, एक बैचिंग प्लांट और एक स्टीम क्योरिंग क्षेत्र शामिल होगा।

## माधवी लता ने जेसी की टिप्पणियों के खिलाफ एमएए में शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अभिनेत्री माधवी लता ने अनंतपुर जिले में ताड़ीपत्री नगर पालिका के अध्यक्ष जेसी प्रभाकर रेड्डी के खिलाफ 'एमएए (मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन)' और तेलुगु फिल्म चैंबर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि वह मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन से शिकायत कर रही हैं क्योंकि फिल्म उद्योग ने उनके बारे में प्रभाकर रेड्डी की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

उन्होंने कहा, प्रभाकर रेड्डी ने मेरे बारे में बुरा-भला कहा। मेरे खिलाफ आरोप लगाना उनके लिए ठीक नहीं है। उनके लिए माफी मांगना ही काफी नहीं है। मैं प्रभाकर रेड्डी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ूंगी। फिल्म उद्योग ने मेरे खिलाफ की गई उनकी टिप्पणियों की निंदा नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने रेड्डी के खिलाफ एचआरसी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, फिल्म उद्योग ने जेसी की टिप्पणियों की निंदा नहीं की है। इसलिए मैंने मूवी आर्टिस्ट एसोसिएशन में शिकायत दर्ज कराई है। 'मां' के कोषाध्यक्ष शिवबालाजी ने मेरे फोन कॉल का जवाब दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी शिकायत एमएए अध्यक्ष मंचू विष्णु के संज्ञान में ले गई है। माधवी लता ने कहा कि जेसी का फिल्म जगत से जुड़े लोगों पर आरोप लगाना ठीक नहीं है और उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व को बदनाम करना नृशंस है। शिकायत दर्ज कराने से पहले माधवि लाता ने अपने इंस्टा पर 'न्याय के लिए मेरी लड़ाई' लिखा। माधवी लता की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए मैंने कहा, मैं न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ रही हूं। 31 दिसंबर को ताड़ीपटरी के जेसी पार्क में आयोजित नए साल के जश्न पर लता और भाजपा नेता सादिनेनी यामिनी के खिलाफ प्रभाकर रेड्डी ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# बैंक अधिकारियों की प्रताड़ना से किसान ने बैंक में ही पी कीटनाशक

कुमरभीम आसिफाबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक किसान ने बैंक से लिया गया ऋण चुकाने के लिए अधिकारियों द्वारा दबाव डाले जाने पर अपमानित महसूस किया, इसलिए वह कीटनाशक की डिब्बी लेकर बैंक में गया, अधिकारियों के सामने कीटनाशक पी लिया और उसकी मृत्यु हो गई। आदिलाबाद जिला में बेला मंडल के सैदुपुर के जादव नागोराव नामक किसान ने 5 एकड़ जमीन गिरवी रखकर आईसीआईसीआई बैंक,



आदिलाबाद से 3.50 लाख रुपये का व्यक्तिगत ऋण लिया। प्रत्येक छः माह में एक बार रु. 25,000 रुपये की किस्त का भुगतान होना बाकी है, लेकिन पिछले दो महीनों से भुगतान नहीं किया गया है। इससे बैंक अधिकारियों पर दबाव बढ़ गया और जब उन्होंने किसान को परेशान करना शुरू किया तो नागराव शनिवार को कीटनाशक की कैन लेकर बैंक पहुंचा और अधिकारियों के सामने ही कीटनाशक पी लिया। उन्हें इलाज के लिए रिम्स ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया कि उनकी पहले ही मौत हो चुकी है। एहतियात के तौर पर पुलिस ने बैंक के सामने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी है। किसी भी अशांति से बचने के लिए बैंक में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

## फंदे से लटका मिला किसान का शव

खम्मम, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के कुसुमांची मंडल के लोकया थांडा में एक किसान, जिसका गुरुवार से कोई अता-पता नहीं था, फांसी पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि कर्ज के बोझ से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। मृतक वी नवीन कुमार (33) के पास आधा एकड़ जमीन थी और वह दूसरों के खेतों में भी काम करता था। बताया जा रहा है कि वह 10 दिन पहले काम के लिए घर से निकला था।

हालांकि, गुरुवार से उसका मोबाइल फोन बंद था। इसके बाद परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की और शुक्रवार को उसे मृत पाया। उसने कथित तौर पर अपने खेत में एक पेड़ से फांसी लगा ली।

# प्रत्येक लाभार्थी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : दीपक तिवारी

कुमरमभीम आसिफाबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। शनिवार को इंदिराम्मा आवासों सुपर चेक सकाडा गांव में शौचालय परिसर को चिह्नित करने, किसान आश्वासन और राशन कार्ड के लिए क्षेत्रीय निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रक्रिया की जांच की गई।

इस अवसर पर जिला अपर कलेक्टर ने कहा कि लोक प्रशासन कार्यक्रम के तहत इंदिराम्मा आवासों के लिए प्राप्त आवेदनों की मैदानी स्तर पर जांच की जाएगी। संबंधित आवेदकों का विवरण एकत्र किया जाएगा तथा पात्र लाभार्थियों को इंदिराम्मा आवास उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी शौचालय परिसर का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने पर



विशेष ध्यान दें। अधिकारियों को रैतु भरोसा और राशन कार्ड कार्यक्रमों की गहन जांच करने और बिना किसी गलती या अनियमितता के सूची तैयार करने की सलाह दी गई।उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से जिले में प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए कदम उठाए जाएं तथा पात्र आवेदकों के चयन के लिए क्षेत्र स्तर पर जांच कर सूची तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि कृषि अधिकारियों द्वारा तैयार की गई सूची की गहन जांच की जाए। योजनावार अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने गोयागाम गांव में जिला परिषद हाई स्कूल का दौरा किया और स्कूल के परिवेश, कक्षाओं, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर और रजिस्टरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार अम्मा आदर्श स्कूल समिति के तत्वावधान में सभी सरकारी स्कूलों में छात्रों को पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि 10वीं कक्षा के विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं में अच्छा परिणाम लाकर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को इस तरह पढ़ाना चाहिए कि छात्र समझ सकें तथा उन्हें उन छात्रों की पहचान करनी चाहिए और उन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो कक्षा में पिछड़ रहे हैं।

संबंधित अधिकारियों को सलाह दी गई कि वे नए मेनू के अनुसार छात्रों को समय पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाएं। अवसर पर पाठ्यक्रम के संबंध में छात्रों की शहरी क्षमताओं का परीक्षण स्वयं छात्रों द्वारा कक्षा में किया गया। इस कार्यक्रम में तहसीलदार, मंडल परिषद विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी, पंचायत सचिव, राजस्व कर्मचारी, संबंधित अधिकारी व अन्य लोगों ने भाग लिया।

## ड्रोन से टीबी मरीजों के पहुंचाए गए नमूने

अड़ागुदुर, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले के अडागुदुर मंडल में चिकित्सा अधिकारी मरीजों को समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग कर रहे हैं।

अधिकारियों ने शुक्रवार को गट्टूसिंगाराम मंडल में टीबी रोगियों से एकत्र नमूनों को रमन्नापेट सरकारी अस्पताल में भेजने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। मंडल चिकित्सा अधिकारी भरत कुमार ने कहा कि अड्डागुदुर से रमन्नापेट की दूरी 53 किमी है और अगर वाहन से भेजा जाता तो एक घंटा 20 मिनट का समय लगता लेकिन ड्रोन से केवल 30 मिनट का समय लगा। उन्होंने बताया कि गांव से 11 सैंपल एकत्र कर भेजे गए हैं। ड्रोन सेवाओं का उपयोग दूरदराज के क्षेत्रों में मरीजों और संदिग्धों से रक्त के नमूने एकत्र करने और उन्हें प्रयोगशालाओं में भेजने के लिए किया जा रहा है ताकि मरीज को समय पर उपचार मिल सके।

# ग्रामीण विकास, पंचायती राज और कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक दिवसीय कार्यशाला

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) ने "ग्रामीण विकास, पंचायती राज और कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)" पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का उद्देश्य कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने में एआई के अनुप्रयोगों का पता लगाना था।

कार्यक्रम की शुरूआत एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ.जी नरेंद्र कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों और एआई में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के विजन को रेखांकित किया। एआई में सीओई के ओएसडी-सह-अंतरिम समन्वयक जे.आर.के. राव, आईएएस (सेवानिवृत्त) ने कार्यशाला से अपेक्षाओं और ग्रामीण शासन में एआई एकीकरण के रोडमैप के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन भाषण एन.एन. सिन्हा, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव, ग्रामीण विकास, भारत सरकार द्वारा दिया गया। उन्होंने ग्रामीण आजीविका और शासन को बढ़ाने में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला, जटिल चुनौतियों का समाधान करने की इसकी क्षमता को रेखांकित किया। तकनीकी सत्रों में एनआईआरडीपीआर के महानिदेशक डॉ.जी. नरेंद्र कुमार, आईएएस द्वारा एआई में सीओई की स्थापना पर एक प्रस्तुति शामिल थी, इसके बाद प्रो. (डॉ.) शिवेंदु, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा, यूएसए द्वारा विकास के लिए एआई टूल्स पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने पांच विषयगत क्षेत्रों- कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और एसएचजी में प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की। तेलंगाना सरकार के कृषि सचिव एम. रघुनाथन राव सहित आरडी एंड पीआर के सचिव/प्रमुख सचिव/निदेशक के संवर्ग में विभिन्न राज्यों के लगभग 12 राज्यों के प्रतिनिधियों ने विशिष्ट समस्या विवरण प्रस्तुत किए, जिन्हें एआई समाधानों के माध्यम से संबोधित किया जा सकता है।

कार्यशाला का समापन उपसमितियों के गठन, राज्य की भागीदारी बढ़ाने और सीओई के लिए रणनीतिक रोडमैप बनाने पर चर्चा के साथ हुआ। अपने समापन भाषण में डॉ.जी. नरेंद्र कुमार, आईएएस ने एआई-आधारित ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला का समापन डॉ.एम. वी. रविबाबू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसने सतत ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी एकीकरण के एक नए युग की शुरूआत की।

## अलग-अलग मामलों में गांजा तस्करी के आरोप में 5 लोग गिरफ्तार

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग की टीमों ने अलग-अलग मामलों में गांजा तस्करी के आरोप में 5 लोगों को पकड़ा और उनके पास से 3.6 किलोग्राम प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया। पहले मामले में अधिकारियों ने मध्य प्रदेश की एक लड़की समेत 2 लोगों को पकड़ा, जो कोंडापुर के एक लॉज में रह रहे थे। दोनों (देवदुला राजू और संजना) कथित तौर पर अलग-अलग जगहों से गांजा खरीदकर हाईटेक सिटी और कोंडापुर में स्थानीय ग्राहकों को बेचते थे। पुलिस ने उनके पास से 1.2 किलो गांजा जब्त किया।

धूलपेट में एक अन्य मामले में टीम ने हनुमान मंदिर क्षेत्र की निवासी राखी बाई नामक महिला को पकड़ा और उसके पास से 1.2 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

# बेमिसाल : धड़कते दिल को लेकर दौड़ी हैदराबाद मेट्रो

## 13 मिनट से भी कम समय में पूरा किया 13 किलोमीटर का सफर

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रो ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। मेट्रो न सिर्फ यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचा रही, बल्कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अहम योगदान निभा रही है। हैदराबाद मेट्रो ने 13 किलोमीटर की दूरी को सिर्फ 13 मिनट में पूरा किया और हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए दिल पहुंचाया। इसे लेकर एक वीडियो भी सामने आया है।

**13 मिनट, 13 स्टेशन और 13 किलोमीटर....**

हैदराबाद की मेट्रो ने हार्ट ट्रांसप्लांट के लिए ग्रीन कॉरिडोर की सुविधा प्रदान की। इस कॉरिडोर ने एलबी नगर के कामिनेनी अस्पताल से लकड़ी के पुल इलाके के ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक हृदय (हार्ट) को पहुंचाया। मेट्रो ने 13 स्टेशनों से गुजरते हुए 13 किलोमीटर की दूरी 13 मिनट में तय की, जिससे इस जीवन रक्षक मिशन में महत्वपूर्ण समय की बचत हुई।

**17 जनवरी का मामला :**

यह ग्रीन कॉरीडोर 17 जनवरी को रात साढ़े नौ बजे बनाया गया था। कामिनेनी अस्पताल की टीम ने मेडिकल बॉक्स में डोनर हार्ट रखा और उसे मेट्रो के जरिए ग्लेनीगल्स ग्लोबल अस्पताल तक पहुंचाया, जहां हार्ट ट्रांसप्लांट होना है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में मेट्रो में सफर करते अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी नजर आ रहे हैं।

**समाज के कल्याण में योगदान देने का संकल्प :**

यह प्रयास हैदराबाद मेट्रो रेल, चिकित्सा पेशेवरों और अस्पताल अधिकारियों के बीच सावधानीपूर्वक योजना और सहयोग के माध्यम से संभव हुआ है, जो सभी उपस्थित डॉक्टरों की देखरेख में किया गया। एलएंडटी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड (एलएंडटीएमआरएचएल) ने आपातकालीन सेवाओं का समर्थन करने और अपने विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर समाज के कल्याण में योगदान देनेका संकल्प लिया है।

# मल्लन्ना सागर, रंगनायक सागर से छोड़ा गया पानी

सिद्दीपेट, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बंदोबस्ती और वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने शनिवार को थोगुटा में परियोजना के तहत अयाकट के किसानों की सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए मल्लन्ना सागर की मुख्य नहर में पानी छोड़ा।

बाद में, मंत्री ने चिन्ना कोडुर मंडल के चंदलापुर में रंगनायक सागर की नहरों में भी पानी छोड़ा। मल्लन्ना सागर से पानी छोड़े जाने के तुरंत बाद थोगुटा में बोलते हुए, दुब्बाक के विधायक कोठा प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने, जिन्होंने कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (केएलआईएस) को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया था, नहरों में पानी छोड़ दिया है। दुब्बाक



विधायक ने कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव द्वारा अपने 10 साल के शासन के दौरान किए गए काम की मान्यता है। रेड्डी ने कहा कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उनकी सरकार को चंद्रशेखर राव का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने ऐसी परियोजनाओं के निर्माण से उनका काम आसान बना दिया। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पानी छोड़ने का निर्णय इसलिए लिया क्योंकि पूर्व मंत्री टी हरीश राव और उन्होंने स्वयं मल्लान्ना सागर और रंगनायक सागर दोनों से पानी छोड़ने की बार-बार मांग की थी। उन्होंने सरकार से परियोजना के तहत पूरे अयाकट की जरूरतों को पूरा करने के लिए मल्लान्ना सागर से रामायमपेट, चिन्ना शंकरमपेट नहरों और कुदावेल्ली वागु में पानी छोड़ने की भी मांग की।

उन्होंने आगे कहा कि सिंचाई अधिकारी अब मल्लन्ना सागर नहर से पानी छोड़ कर सिद्दीपेट और दुब्बाक निर्वाचन क्षेत्रों में 80 झीलों को बंद कर देंगे। दुब्बाक विधायक ने सरकार पर निशाना साधा क्योंकि वे बार-बार अपील के बावजूद मल्लन्ना सागर के तहत नहरों के निर्माण में देरी कर रहे हैं।

# हिमाचल प्रदेश के मंत्री धर्माणी ने जेएनटीयू-हैदराबाद का किया दौरा

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी और उनकी टीम ने परीक्षा शाखा, जे-हब और इनक्यूबेशन सेंटर सहित प्रमुख क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की प्रगति को समझने के लिए अध्ययन दौरे पर जेएनटीयू-हैदराबाद का दौरा किया। शनिवार को कुलपति प्रोफेसर वी बालकिशन रेड्डी, रेक्टर डॉ.के विजय कुमार रेड्डी और रजिस्ट्रार डॉ.के वेंकटेश्वर राव के साथ बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा प्रक्रिया सुधारों पर गहन चर्चा की।

स्वचालित प्रश्नपत्र निर्माण, उन्नत मूल्यांकन तकनीक, रिकॉर्ड डिजिटलीकरण और परीक्षा सामग्री के सुरक्षित संचालन जैसे विषयों पर चर्चा की गई। विश्वविद्यालय की व्यापक परीक्षा-पूर्व और परीक्षा-पश्चात गतिविधियों को भी दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल के साथ साझा किया गया। जे-हब और इनक्यूबेशन सेंटर में, प्रतिनिधिमंडल को छात्रों और शिक्षकों के बीच नवाचार, उद्यमशीलता और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जानकारी दी।

## व्यक्ति ने अपने भाई को बिजली का झटका देकर मार डाला

मेदक, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। एक व्यक्ति ने शनिवार तड़के शिववमपेट मंडल के नानू थांडा में सोते समय अपने भाई की बिजली का झटका देकर हत्या कर दी। शुक्रवार रात को गोपाल और शंकर (28) एक ही कमरे में सोए थे। सुबह जब शंकर चिल्लाया तो परिवार के अन्य सदस्य कमरे में पहुंचे और गोपाल को घर से बाहर भागते हुए देखा। उन्होंने पाया कि शंकर मृत अवस्था में था और उसका पैर बिजली के तार से बंधा हुआ था।

## अफ्रीकी व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नकली भारतीय मुद्रा की कर रहा था आपूर्ति**

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हयातनगर पुलिस ने शनिवार को एक अफ्रीकी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जो जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) की आपूर्ति के नाम पर लोगों को ठग रहा था। पुलिस के अनुसार, कैमरून काउंटी के मूल निवासी और बेंगलुरू निवासी जैक्स देवलोइस किट (42) ने लोगों से संपर्क किया और असली करेंसी नोटों के बदले बड़ी संख्या में एफआईसीएन उपलब्ध कराने का वादा किया। हयातनगर इंस्पेक्टर पी नागराजू गौड़ ने बताया कि जैक्स पहले असली नोट देकर कहता था कि यह नकली नोट है और फिर व्यक्ति को बाजार से कुछ खरीदने के लिए कहता था। पीड़ित का विश्वास जीतने के बाद वह व्यक्ति को नकली नोटों के बंडल सौंपने के बहाने किसी जगह पर बुलाता था। जैक्स फिर असली नोट लेकर वहां से भाग जाता था।

# कांग्रेस ने सिर्फ वादे किए काम नहीं : हरीश राव

## पूर्व मंत्री ने की सरकार की आलोचना



हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सरकार पर उसके वादों और उनकी पूर्ति के बीच भारी अंतर के लिए कड़ा प्रहार करते हुए बीआरएस नेता और पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के प्रति उसके दृष्टिकोण की आलोचना की। तेलंगाना भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने रेवंत रेड्डी सरकार पर गरीबों की मदद करने के बजाय लाभ में कटौती करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जिन्होंने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे, अब उन्हें तोड़ने और लोगों को धोखा देने में व्यस्त हैं।

उन्होंने बताया कि पहली गारंटी, महा लक्ष्मी, का क्रियान्वयन नहीं किया गया तथा अंतिम गारंटी, चेयुथा पर भी कोई प्रगति नहीं हुई। बाकी छह गारंटियों की भी यही स्थिति है, हर जगह कटौती और प्रतिबंध हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर गणतंत्र दिवस की घोषणाओं का इस्तेमाल जनता को गुमराह करने के लिए करने का आरोप लगाया और इसे शर्मनाक बताया। मुख्यमंत्री को संबोधित एक खुले पत्र में उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अपनाए गए मानदंडों के कारण लाखों लोग अपने लाभ से वंचित हो रहे हैं और लोग इससे नाराज हैं।

## ट्रांसजेंडर की पीट-पीटकर हत्या

निर्मल, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। निर्मल मंडल के चित्याला गांव के बाहरी इलाके में शुक्रवार देर रात कुछ अज्ञात लोगों ने एक चौदह वर्षीय ट्रांसजेंडर की हत्या कर दी। घटना शनिवार को प्रकाश में आई। पुलिस ने बताया कि गांव के ही एक ट्रांसजेंडर शशांक की उसी गांव के दूसरे ट्रांसजेंडर ने पीट-पीटकर हत्या कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में अन्य ट्रांसजेंडरों की भूमिका भी संदिग्ध है। सूचना मिलने पर निर्मल पुलिस अधीक्षक डॉ. जानकी शर्मिला और एएसपी राजेश मीना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होगा, जो 9 मार्च तक खेली जाएगी. इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया के स्क्वॉड का ऐलान हो गया है. इस टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके किया. वहीं, कप्तान रोहित शर्मा भी इस समय उनके साथ मौजूद रहे.

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का ऐलान



चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया की कमान रोहित शर्मा के हाथों में ही होगी. वहीं, शुभमन गिल को टीम का उपकप्तान बनाया गया है. विराट कोहली, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर भी इस टीम का हिस्सा हैं. यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को भी टीम में चुना गया है. लेकिन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस टीम का हिस्सा नहीं हैं.

चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 8 टीमें खेलेंगी, जिन्हें 2 ग्रुप में बांटा गया है. टीम इंडिया ग्रुप ए में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के साथ है. वह ग्रुप स्टेज में इन तीनों टीमों के खिलाफ एक-एक मैच खेलेगी. टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में अपनी शुरुआत 20 फरवरी से करेगी, इस मैच में उसका सामना बांग्लादेश से होगा. फिर टीम इंडिया अपना दूसरा मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी. ये मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा. इसके बाद ग्रुप के अपने आखिरी मैच में वह 2 मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी. इसके बाद सेमीफाइनल और फिर फाइनल खेला जाएगा.

साल 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत हुई थी. भारत ने अभी तक 2 बार इस टूर्नामेंट में खिताब अपने नाम किया है.

साल 2002 में टीम इंडिया और श्रीलंका इस टूर्नामेंट की संयुक्त विजेता रही थीं. तब फाइनल मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था. वहीं, साल 2013 में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को फाइनल में हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया था.

दूसरी ओर, इस टूर्नामेंट की आठ साल बाद वापसी होने जा रही है. आखिरी बार ये टूर्नामेंट साल 2017 में हुआ था. तब पाकिस्तान ने फाइनल में टीम इंडिया को हराया था.

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का स्क्वॉड**

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप कप्तान), विराट कोहली, हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव, केएल राहुल, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत.

# विराट कोहली और केएल राहुल नहीं खेलेंगे रणजी मैच

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बीसीसीआई ने हाल ही में भारतीय टीम के खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य किया था, जिसके बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी टीम की तरफ से रणजी ट्रॉफी खेलने को लेकर अपनी उपलब्धता बताई थी। अब विराट और केएल राहुल के रणजी क्रिकेट खेलने को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है, जहां बताया गया है कि ये दोनों ही क्रिकेटर चोट की वजह से अगले राउंड के मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

**इस वजह से नहीं खेल पाएंगे विराट**

'ईएसपीएन क्रिकइंफो' की रिपोर्ट के मुताबिक, विराट की गर्दन में दर्द है, जिसका वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज से ही सामना कर रहे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के बाद गर्दन में दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद 8 जनवरी को उन्होंने इंजेक्शन लिया था। कोहली अभी भी इससे उबर नहीं पाए हैं और उन्होंने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को इसकी जानकारी दे दी है।



**पंजाब के खिलाफ नहीं खेलेंगे राहुल**

दूसरी ओर राहुल को इस समय कोहनी में चोट है और वो इसकी वजह से वो पंजाब के खिलाफ होने वाले मैच में अपनी घरेलू टीम कर्नाटक की ओर से हिस्सा नहीं ले पाएंगे। रणजी ट्रॉफी का अगला राउंड 30 जनवरी से शुरू होने जा रहा है।

**रोहित-यशस्वी को लेकर सस्पेंस बरकरार**

इसके साथ मुंबई के लिए यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा पर सस्पेंस बना हुआ है। वहीं शुभमन गिल पंजाब के लिए, ऋषभ पंत दिल्ली के लिए और रवींद्र जडेजा सौराष्ट्र के लिए टूर्नामेंट के अगले राउंड में खेलने के लिए तैयार हैं।

**शनिवार को होगा टीम का ऐलान**

बीसीसीआई शनिवार 18 जनवरी को भारत की चैंपियंस ट्रॉफी टीम की घोषणा करने वाला है, जिसमें चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। कुछ खिलाड़ियों पर सस्पेंस बना हुआ है। भारत इस मेगा इवेंट से पहले इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलने वाला है।

# सपा सांसद प्रिया और क्रिकेटर रिंकू सिंह का रिश्ता पक्का

## पिता तूफानी सरोज बोले- सगाई की बात चल रही; अलीगढ़ में परिवार से मुलाकात की

जौनपुर, 18 जनवरी (एजेंसियां)। क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। उनकी दुल्हनिया उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी की युवा सांसद हैं। सोशल मीडिया पर उड़ी अफवाहों के बीच सांसद के पिता और सपा के विधायक तूफानी सरोज ने इस बात को सिरे से नकार दिया। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि रिंकू और उनकी बेटी के रिश्ते को लेकर बात हुई। लेकिन हम इस रिश्ते पर विचार कर रहे हैं। यह शादी का मामला है, इसलिए बहुत कुछ सोच समझकर ही निर्णय लिया जाएगा।

समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी। लखनऊ में ही सगाई होगी। प्रिया के पिता और जौनपुर की केराकत विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक तूफानी सरोज ने बताया कि शादी के सिलसिले में रिंकू के पिता से बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में बात हुई है।




**दोनों के परिवार के बीच हुई बातचीत**

मछलीशहर लोकसभा सीट से सपा सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई की चर्चा खूब रही। सोशल मीडिया पर अलग-अलग बातें लिखी जा रही थीं। इस सिलसिले में सांसद के पिता तूफानी सरोज ने बताया कि दोनों की सगाई अभी नहीं हुई है। रिंकू के परिजनों से बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में मुलाकात हुई थी। शादी पर सार्थक बातचीत हुई है।

**संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी**

संसद का सत्र 30-31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय की जाएगी। उधर, क्रिकेटर रिंकू सिंह 22 जनवरी से टी-20 मैच खेलने इंग्लैंड जा रहे हैं। इसके बाद आईपीएल भी खेलेंगे। शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनके साथ 13 करोड़ में अनुबंध किया है। शादी और सगाई की तारीख तय करने में रिंकू की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। देखा जाएगा कि उनके खेल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े।

**प्रिया की सहेली के पिता के जरिये हुई जान-पहचान**

तूफानी सरोज ने बताया कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिये ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। अब परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई है।

# महिला अंडर 19 वर्ल्ड कप: स्कॉटलैंड 48 रनों पर ढेर

## 3 बल्लेबाज 0 पर आउट, पहले ही मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बुरी तरह रौंदा

खेल डेस्क, 18 जनवरी (एजेंसियां)। मलेशिया की धरती पर महिला अंडर 19 टी-20 वर्ल्ड कप खेला जा रहा है. 18 जनवरी से इसकी शुरुआत हो चुकी है. मलेशिया के चार स्टेडियमों में सभी वर्ल्ड कप मैच होंगे. पहले ही दिन कुल 6 मुकाबले खेले जाने हैं. पहला मैच स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया. जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को बुरी तरह रौंदा और शानदार जीत हासिल की. पहले स्कॉटलैंड को ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 48 रनों पर ढेर कर दिया. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 7वें ही ओवर में शानदार जीत हासिल करके अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की.




स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला अंडर 19 टी-20 वर्ल्ड कप का ओपनिंग मैच बंगी के 'वईएसडी-यूकेएम क्रिकेट ओवल मैदान पर खेला गया. इसमें ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दमदार प्रदर्शन करके एकतरफा जीत हासिल की. जबकि स्कॉटलैंड का हश्र बहुत बुरा हुआ. पहले बैटिंग करते हुए स्कॉटलैंड की महिला टीम 50 रन भी नहीं बना पाई. वो ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के सामने 16वें ओवर की पहली गेंद (15.1 ओवर) पर महज 48 रनों पर ढेर हो गई.

स्कॉटलैंड के लिए सबसे ज्यादा 12 रन एमा वलसिंघम ने बनाए. वहीं दूसरा सबसे ज्यादा स्कोर 10 रन का रहा जो कि चार्लोट नेवार्ड ने बनाया. नायमा शेख 6 रनों पर आउट हुईं. इसके अलावा पिप्पा कैली के बल्ले से 2, पिप्पा स्प्राउल के बल्ले से 3 रन और एमी बाल्डी के बल्ले से 4 रन निकले, जबकि तीन बैटर तो अपना खाता तक नहीं खोल पाईं. इनमें नियम मुईर, मैसी मैकेरा और क्रिस्टी मैकॉल शामिल रहीं. तीनों ही बैटर 0 पर आउट होकर पैवेलियन लौट गईं.

# बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के परिवारों पर चलाया डंडा

## प्लेयर्स का होगा नुकसान, हमेशा परिवार के साथ करते हैं विदेशी दौरा

मुंबई,, 18 जनवरी (एजेंसियां)। बीसीसीआई टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए लगातार कड़े कदम उठा रही है. पहले उसने टीम के हेड कोच गौतम गंभीर, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा के साथ एक रिव्यू मीटिंग की. फिर टीम में एकता और अनुशासन बढ़ाने के लिए 10 गाइडलाइन जारी की. बोर्ड ने इसे सख्ती से पालन करने के लिए कहा है. इनमें एक नियम खिलाड़ियों को परिवार को लेकर है. बीसीसीआई ने डंडा चलाते हुए विदेशी दौरों पर खिलाड़ी को उनके परिवार के साथ ट्रैवल करने की सीमा तय कर दी है. आइये जानते हैं भारतीय टीम में कौन सबसे ज्यादा अपने परिवार के साथ ट्रैवल करते हैं और इस नियम से किसे सबसे ज्यादा नुकसान होगा?



भारतीय टीम के खिलाड़ी पहले भी अपने परिवार के साथ विदेशी दौरों पर जाते रहे हैं. लेकिन पहले ये बहुत कम होता था. ऐसा माना जाता है कि विराट कोहली के कप्तान बनने के बाद टीम में इसका चलन काफी बढ़ा. वो बच्चों और पत्नी के साथ ट्रेवल करने का समर्थन करते हैं. इसलिए लगभग हर विदेशी दौर पर वो अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ जाते रहे हैं.

विराट के बाद टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा भी इस चीज का समर्थन करते रहे हैं. वो भी अक्सर अपने परिवार के साथ ट्रैवल करना पसंद करते हैं. रोहित अपने कई इंटरव्यू में कह चुके हैं कि उनकी पत्नी और बेटी साथ रहती हैं तो वो बड़ी सीरीज के दौरान काफी रिलैक्स महसूस करते हैं. उनकी पत्नी रितिका सजदेह कई सीरीज के दौरान स्टैंड में उन्हें सपोर्ट करते हुए नजर आ चुकी हैं. लेकिन अब दोनों खिलाड़ियों को अपने विदेशी दौरों पर परिवार का साथ कम मिलेगा या नहीं मिलेगा.

जसप्रीत बुमराह भी अपने परिवार के साथ कई बार ट्रेवल करते हैं. हालांकि, उनकी पत्नी आईसीसी के इवेंट में प्रजेंटर का काम करती हैं और इसके लिए वो बड़े टूर्नामेंट्स के दौरान बुमराह के साथ दिखती हैं. यानि उन्हें इसका फर्क नहीं पड़ने वाला है. केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी भी उनके साथ ट्रेवल करती हैं. उन्हें भी बीसीसीआई के नियम का नुकसान हो सकता है.

सीनियर खिलाड़ियों के अलावा टीम के युवा प्लेयर शुभमन गिल सबसे ज्यादा अपने परिवार को साथ में ले जाते रहे हैं. उनकी बहन या माता-पिता या तीनों साथ विदेशी दौरों पर साथ में रहते हैं. जिम्बाब्वे दौरे पर शुभमन की बहन शहनील उनके साथ गई थीं. अर्शदीप सिंह के माता-पिता भी कई बार उनके साथ ट्रेवल कर चुके हैं. टी20 वर्ल्ड कप के दौरान वो उनके साथ ही थे.

बीसीसीआई के नियमों के मुताबिक अगर भारतीय टीम किसी विदेशी दौरे पर 45 दिन या उससे ज्यादा वक्त के लिए जाती है तो किसी भी खिलाड़ी की पत्नी, पार्टनर या परिवार उस दौरे पर 14 दिन से ज्यादा वक्त तक साथ नहीं रह सकते. अगर किसी खिलाड़ी का परिवार उससे ज्यादा वक्त तक साथ रहता है तो बोर्ड उसका खर्चा नहीं उठाएगा. इतना ही नहीं इन 14 दिनों के लिए सिर्फ 1 बार ही अनुमति और इस दौरान बोर्ड सिर्फ उनके रहने का खर्च देगा.

## सिर्फ सरफराज खान ही नहीं, कोच ने भी की खबरें लीक!

# गौतम गंभीर के साथी पर लगे गंभीर आरोप

मुंबई, 18 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट में मचे हंगामे के बीच कुछ खिलाड़ी लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. कोच गौतम गंभीर के अलावा कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली जैसे दिग्गजों को लेकर कई तरह की बातें बन रही हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम की बुरी हार के बाद चर्चा इस शिकस्त से ज्यादा टीम के अंदर चल रही उथल-पुथल को लेकर हो रही है. इन सबके बीच युवा बल्लेबाज सरफराज खान पर भी आरोप लगे हैं कि उन्होंने टीम के अंदर की बातें मीडिया को लीक कीं. मगर अब ये दावा किया जा रहा है कि सिर्फ सरफराज ही नहीं, बल्कि कोच गंभीर के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य पर भी ये आरोप लगा है कि वो भी खबरें लीक कर रहे थे.



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सिडनी टेस्ट मैच से पहले एक अखबार की रिपोर्ट में टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम के अंदर चल रही हलचल और तनातनी की बातें की गई थी. रिपोर्ट में बताया गया था कि मेलबर्न टेस्ट मैच में टीम इंडिया की हार के बाद कोच गौतम गंभीर ने सभी खिलाड़ियों पर जमकर नाराजगी जाहिर की थी. साथ ही ये भी दावा किया गया था कि कप्तानी को लेकर भी टीम में कई खिलाड़ी दावेदारी कर रहे हैं और कोच-कप्तान के बीच भी मतभेद बन रहे हैं. साथ ही चीफ सेलेक्टर और कोच गंभीर के बीच भी बात हीं बन रही. इसके बाद से ही लगातार बवाल मचा हुआ है.

इसके बाद टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया से वापस लौटने के बाद बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग हुई थी, जिसमें बोर्ड अधिकारियों के अलावा कोच, कप्तान और चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी शामिल थे. हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इस मीटिंग ड्रेसिंग रूम में लीक का मामला उठा और इस दौरान कोच गंभीर ने युवा बल्लेबाज सरफराज खान का नाम लेकर उन पर खबरें लीक करने का आरोप लगाया था. इस पर तब से ही हल्ला मचा हुआ है लेकिन अब एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सिर्फ खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि कोचिंग स्टाफ के भी एक सदस्य का नाम इसमें आया था और उन पर भी खबर लीक करने के आरोप लगे.

हालांकि, रिपोर्ट में सपोर्ट स्टाफ के सदस्य का नाम नहीं बताया गया है. गंभीर के सपोर्ट स्टाफ में अभिषेक नायर, मॉर्ने मॉर्कल, रायन टेन डेशकाटे और टी दिलीप शामिल हैं, जिसमें से दिलीप को छोड़कर बाकी तीनों लोगों को गंभीर की सिफारिश पर ही टीम में शामिल किया गया है. ऐसे में आरोप इन्ही चारों में से किसी एक पर लगा है. अब ये रिपोर्ट ऐसे वक्त में आई है जब टीम इंडिया में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए एक और कोच को शामिल किया गया है. ये कोच हैं सितांशु कोटक, जो बैटिंग कोच के रूप में टीम से जुड़ेंगे.

कोटक नेशनल क्रिकेट एकेडमी में कोच हैं और इसलिए उन्हें बीसीसीआई ने शामिल किया है. दावा किया जा रहा है कि कोटक को गंभीर के कहने पर ही इस सीरीज के लिए बुलाया गया है.

# 'लंबी रैलियां मिलीं, मुझे और निरंतर होना होगा'

## क्वार्टर फाइनल में हार के बाद बोलीं पीवी सिंधू

नई दिल्ली, 18 जनवरी (एजेंसियां)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इंडिया ओपन सुपर 750 के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में पेरिस कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से हारकर बाहर हो गईं, जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर भारतीय उम्मीद कायम रखी। 2022 की चैम्पियन सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के जिन योंग और कांग मिन ह्यु की जोड़ी को महज 41 मिनट में 21-10, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी का यह टूर पर लगातार तीसरा सेमीफाइनल है। यह जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और मलेशिया सुपर 1000 के अंतिम चार में पहुंची थी।



इससे पहले पूर्व चैंपियन सिंधू ने शुरुआती एकतरफा गेम हारने के बाद जोरदार वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में लड़खड़ा गईं और 62 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 9-21, 21-19, 17-21 से पराजित हो गईं। सिंधू ने मैच के बाद कहा, 'यह निश्चित रूप से दुखद है कि इतनी कड़े मुकाबले के बाद मैं तीसरे सेट में हार गई। लेकिन मुझे लगता है कि खेल ऐसा ही होता है। मुझे निश्चित रूप से मजबूत वापसी करनी थी, लेकिन उस समय कोई भी उस अंक को हासिल कर सकता था या इसे गंवा सकता था।' उन्होंने कहा, 'मैच में लंबी रैलियां थीं। मुझे और अधिक निरंतर होना होगा। लेकिन कभी कभी ऐसा होता है।'

**सिंधू ने दी जोरदार टक्कर**

महिला एकल में तुनजुंग ने अपने शानदार ड्रॉप शॉट का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शुरुआत में दबदबा बनाया और ब्रेक के समय 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधू को अपने स्ट्रोक्स से जूझना पड़ा इसलिए यह गेम बहुत जल्दी खत्म हो गया। दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने 6-2 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन सिंधू ने वापसी की और स्कोर 9-9 से बराबर कर दिया। तुनजुंग के वाइड शॉट ने सिंधू को ब्रेक के समय एक अंक की बढ़त दिला दी। सिंधू आक्रामक खेल से 14-10 तक पहुंच गईं लेकिन तुनजुंग ने वापसी की और स्कोर 14-14 से बराबर कर दिया। सिंधू ने संयम बनाये रखते हुए दो गेम प्वाइंट हासिल किए और इसे 21-19 से अपने नाम कर लिया।

निर्णायक गेम में दोनों खिलाड़ियों ने जोरदार रैलियां खेलीं, लेकिन तुनजुंग ने 10-8 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि सिंधू ने ब्रेक के तुरंत बाद अंतर कम किया और अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। पर तुनजुंग 17-14 पर पहुंच गई। लेकिन सिंधू ड्रॉप और नेट शॉट से बराबरी पर पहुंच गईं। तुनजुंग ने फिर तीन मैच प्वाइंट हासिल किए और सिंधू के बेहतरीन प्रयासों के बावजूद क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ मैच जीत लिया।

**सात्विक-चिराग का शानदार खेल**

पुरुष एकल में भारत की एकमात्र उम्मीद किरण जॉर्ज थे लेकिन उन्हें चीन के होंग यांग वेंग से 13-21, 19-21 से हार मिली। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मैच की शुरुआत जबरदस्त रैली से की और फिर उन्होंने पूरी तरह से दबदबा बना लिया। भारतीयों ने रैलियों को छोटा रखा, लगातार हमले किए और क्रिस-क्रॉस नेट प्ले किया, जिससे ब्रेक तक 11-3 की बढ़त हो गई। भारतीय लगातार आगे बढ़ते रहे और 18-8 की बढ़त हासिल कर ली। सात्विक और चिराग ने जल्द ही दो और स्मैश के साथ 11 गेम प्वाइंट हासिल कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिन और कांग ने शुरुआत में 4-3 की मामूली बढ़त हासिल की, लेकिन यह ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही।

# स्वियातेक आसान जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

## बालाजी-वरेला की जोड़ी हार के साथ बाहर

मेलबर्न, 18 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत के साथ शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। पिछले साल डोपिंग मामले के कारण एक महीने का निलंबन स्वीकार करने वाली स्वियातेक ने चार बार फ्रेंच ओपन और 2022 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि वह अभी तक सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई है। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, 'मैंने कुछ अच्छे शॉट लगाए और बाद में मैंने सोचा कि मैं इसी के लिए अभ्यास करती हूं। शुरू से ही मुझे लगा कि मैं अच्छा खेल रही हूं और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।'

आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन ने मैच के बाद कहा, 'मैंने अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हो रहा है। मैं बहुत खुश हूं। इसे बयां करने के लिए अभी मेरे पास बहुत शब्द नहीं हैं।'



भारत के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। मेलबर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। बालाजी और वरेला की जोड़ी ने दूसरे सेट में दमदार शुरुआत की और फिर और अपनी लय बरकरार रखते हुए इस सेट को अपने नाम करके मैच को बराबरी पर ला दिया।

# हैदराबाद भारत में डेटा सेंटर की नई राजधानी बनेगा : सीएम

> एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर 3,500 करोड़ रुपये निवेश करेगा > तेलंगाना सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

सिंगापुर, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में तेलंगाना की स्थिति की पुष्टि करते हुए, डेटा सेंटर समाधान के अग्रणी प्रदाता, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसटीटी जीडीसी इंडिया) ने हैदराबाद के मुचेरला क्षेत्र के मीरखानपेट में एक अत्याधुनिक डेटा सेंटर परिसर स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

सिंगापुर में एसटीटी जीडीसी कार्यालय में उद्योग, आईटीईएंडसी और विधायी मामलों के मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू, विशेष मुख्य सचिव जयेश रंजन, टीजीआईआईसी के वीसीएंडएमडी विष्णु वर्धन रेड्डी और एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर (एसटीटी जीडीसी) के ग्रुप सीईओ श्री ब्रूनो लोपेज की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। आगामी अत्याधुनिक एआई तैयार डेटा सेंटर परिसर में 100 मेगावाट तक की लक्षित क्षमता के साथ अत्याधुनिक तकनीकें होंगी, साथ ही भविष्य चके विकास के लिए पर्याप्त मापनीयता होगी, जो इसे देश की सबसे बड़ी डेटा सेंटर परियोजनाओं में से एक बनाती है।

3,500 करोड़ रुपये तक के निवेश के साथ, यह परियोजना भारत के डिजिटल परिवर्तन का समर्थन करने के लिए एसटीटी जीडीसी इंडिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है और वैश्विक प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में तेलंगाना की मजबूती को उजागर करती है।



निर्णय का स्वागत करते हुए, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा, मैं यह निर्णय लेने के लिए एसटीटी ग्लोबल को बधाई देता हूं। हैदराबाद जल्द ही डेटा सेंटर की राजधानी के रूप में उभरेगा। एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रूनो लोपेज़ ने कहा, हम इस गतिशील राज्य में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ काम करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। अपनी प्रगतिशील नीतियों, मजबूत बुनियादी ढांचे और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण के साथ, तेलंगाना ने दीर्घकालिक डिजिटल पहलों में लगातार नेतृत्व प्रदर्शित किया है। यह सहयोग आर्थिक विस्तार को बढ़ावा देने, रोजगार पैदा करने और एक स्थायी डिजिटल भविष्य का निर्माण करने के हमारे साझा लक्ष्य को दर्शाता है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए, माननीय आईटी मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने हैदराबाद के दुनिया के लिए एक प्रमुख डेटा हब के रूप में उभरने पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा, तेलंगाना राइजिंग अब स्पष्ट रूप से अजेय है। तेलंगाना में निवेश करने का एसटीटी जीडीसी का निर्णय राज्य के मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र और दूरदर्शी नीतियों का प्रमाण है। हमें विश्वास है कि हैदराबाद दुनिया भर में चल रहे एआई-नेतृत्व वाले डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एसटीटी जीडीसी इंडिया का तेलंगाना में विस्तार निवेश अगले दशक में पूरे भारत में 1 गीगावाट की डिजाइन क्षमता हासिल करने के अपने व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसमें लगभग 3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का दशकीय निवेश दृष्टिकोण है।

कंपनी वर्तमान में हैदराबाद के हाईटेक सिटी में एक डेटा सेंटर संचालित करती है, और यह नया परिसर राज्य में इसकी उपस्थिति को और मजबूत करेगा। एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बारे में एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, भारत में एक अग्रणी एआई-रेडी को-लोकेशन डेटा सेंटर सेवा प्रदाता है, जो एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर, सिंगापुर की बहुमत वाली सहायक कंपनी है।

कंपनी दो दशकों से अधिक समय से भारतीय कोलोकेशन बाजार में सबसे आगे रही है, जिसका डेटा सेंटर के डिजाइन, निर्माण और संचालन में एक बेदाग रिकॉर्ड है। यह वर्तमान में भारत के 10 शहरों में विकास के तहत सुविधाओं सहित 30 सुविधाओं में फैले 390 मेगावाट से अधिक महत्वपूर्ण आईटी लोड के साथ सबसे बड़े व्हाइट स्पेस क्षेत्रों में से एक का प्रबंधन करती है। यह अपने ग्राहकों को उद्योग में अग्रणी सेवाएं और सेवा-समय प्रदान करता है।

## अमित शाह आज विजयवाड़ा में एनडीआरएफ समारोह में भाग लेंगे



हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को विजयवाड़ा में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 20वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर अमित शाह 200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब आपदा प्रबंधन के लिए राहत-केंद्रित दृष्टिकोण के बजाय शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपना रहा है।

इस दृष्टिकोण का उद्देश्य आपदाओं के दौरान शून्य हताहत के लक्ष्य को प्राप्त करना है। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री रविवार को तीन महत्वपूर्ण केंद्रों के परिसर का उद्घाटन भी करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) का दक्षिणी परिसर, एनडीआरएफ की 10वीं बटालियन का परिसर और सुपौल (9वीं बटालियन) में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र (आरआरसी) का परिसर शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन@2047 के तहत, एनआईडीएम और एनडीआरएफ, भारत को आपदा-प्रतिरोधी बनाने और देश में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे मानव संसाधन विकास, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, प्रलेखन और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अमित शाह हैदराबाद में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एनपीए) में एक नई 'एकीकृत इनडोर शूटिंग रेंज' की आधारशिला भी रखेंगे, जहां आईपीएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों को फायरिंग कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शूटिंग रेंज सभी मौसम की स्थिति में चालू रहेगी, पूरी तरह से स्वचालित और तकनीकी रूप से उन्नत होगी। इसका निर्माण 27 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इस रेंज की अत्याधुनिक तकनीक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगी और यह देश के सभी पुलिस संगठनों के बीच एक अनूठी सुविधा होगी।

# बीसी जातियों के नाम बदलने की सीमा समाप्त

> 500 से अधिक आपत्तियां और अपीलें प्राप्त हुईं

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीसी जातियों के नाम बदलने और समानार्थी शब्द जोड़ने पर आपत्तियों की समय सीमा आज समाप्त हो गई।

बीसी आयोग ने आठ (8) जातियों के नाम बदलने और समानार्थी शब्द जोड़ने के लिए 3 जनवरी को अधिसूचना जारी की। आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 15 दिनों का समय आवंटित किया गया है। समय सीमा आज समाप्त हो गई है। संबंधित जाति समुदायों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और खैरताबाद में आयोग कार्यालय में हलफनामे के रूप में अपनी आपत्तियां और अपीलें प्रस्तुत कीं। आयोग को इस



मामले में 500 से अधिक आपत्तियां और अपीलें प्राप्त हुईं। आयोग इन हलफनामों की गहन जांच करेगा और तेलंगाना की जातियों की संस्कृति को प्रभावित किए बिना कुछ जातियों, विशेष रूप से समाज में अपमानजनक नामों के नाम बदलने पर निर्णय लेगा। आयोग ने कहा कि भविष्य में संबंधित जातियों के छात्र, युवा और कर्मचारियों को किसी भी तरह की हीन भावना का सामना नहीं करना पड़ेगा।

इस बीच, संबंधित जातियों ने अनुरोध किया है कि भुंजवा जाति के मामले में जिला प्रतिबंध हटा दिए जाएं और संयुक्त अधिलाबाद जिले में धनगर नामक जाति, जिसका जातिगत पेशा भेड़ और बकरी पालन है, को बीसी सूची में शामिल किया जाए। बीसी आयोग के अध्यक्ष जी. निरंजन, सदस्य रापोलू जयप्रकाश, तिरुमालागिरी सुरेंदर, बालालक्ष्मी रंगा, सतीश कुमार, विशेष अधिकारी, लक्ष्मीनारायण और अनुसंधान अधिकारी ने जाति संघों के साथ इन चर्चाओं में भाग लिया।

## होर्डिंग हटा रहे दो मजदूरों की करंट से मौत

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के हब्सीगुडा में शुक्रवार रात होर्डिंग हटाते समय दो श्रमिकों की बिजली का झटके से मौत हो गई।

पीड़ित मल्लेश (29) और बालू (32) हब्सीगुडा रोड स्थित विजयलक्ष्मी आर्केड बिल्डिंग में एक होर्डिंग हटा रहे थे, तभी वह पास से गुजर रहे हाईटेंशन तार पर गिर गया। दोनों को बिजली का झटका लगा और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल पहुंचाया। मामला दर्ज कर लिया गया है जांच जारी है।

## महाकुंभ मेले में श्रीनिवास कल्याणम का आयोजन

तिरुमला, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। प्रयागराज में महाकुंभ मेले में, टीटीडी ने शनिवार सुबह श्रीवारी मंदिर के परिसर में भव्य तरीके से श्री श्रीनिवास कल्याणम का आयोजन किया है।



प्रारंभ में तिरुमाला मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक, वेणुगोपाल दीक्षितुलु के नेतृत्व में पुजारियों की एक टीम, श्रीदेवी और भूदेवी के साथ श्री स्वामी वरुण के उत्सव देवताओं को कल्याणम स्थल पर ले आई। सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्वक्सेन आराधना, पुण्याहवचनम, कंकणाधारण, अग्नि प्रतिष्ठापन, महासंकल्प, मंगल्य पूजा, मंगल सूत्रधारण का आयोजन किया गया। अंत में, नक्षत्र हरति और मंगला हरति को देवताओं को चढ़ाए जाने के साथ कल्याणम एक सफल नोट पर संपन्न हुआ। इस दिव्य विवाह को देखने वाले श्रद्धालु भक्ति से रोमांचित हो उठे इस कार्यक्रम में अर्चकस गोपीनाथ दीक्षितुलु, एचडीपीपी सचिव राम रघुनाथ, डिप्टी ईओ गुना भूषण रेड्डी और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

## सिंचाई क्षेत्र में भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं कांग्रेस के सौदे : बीआरएस



हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। न्यायमूर्ति बृजेश कुमार न्यायाधिकरण द्वारा जारी अंतरिम आदेशों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को श्रेय देते हुए पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता वी श्रीनिवास गौड़ ने कहा कि कांग्रेस पुनर्गठन अधिनियम की धारा 89 लेकर आई होगी, लेकिन यह चंद्रशेखर राव की कृष्णा जल वितरण की स्वीकृति थी, जिसके कारण न्यायाधिकरण के आदेश आए।

उन्होंने सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी की आलोचना करते हुए कहा कि वे तथ्यों को नहीं समझ रहे हैं और चंद्रशेखर राव की आलोचना करते रहते हैं, जिससे लोगों को केवल हंसी आती है। गौड़ ने लंबित परियोजनाओं को चालू परियोजनाओं में बदलने और पलामुरू क्षेत्र में 10 लाख एकड़ जमीन को पानी उपलब्ध कराने के लिए चंद्रशेखर राव की प्रशंसा की। उन्होंने पलामुरू के पिछड़ेपन के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और पलामुरू-रंगारेड्डी परियोजना की डीपीआर वापस भेजने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने सवाल किया कि जब बुनियादी ढांचा तैयार था तो कांग्रेस सरकार को मोटर चालू करने और पानी उपलब्ध कराने पर आपत्ति क्यों थी? बीआरएस शासन के तहत पूर्ववर्ती महबूबनगर जिले के विकास पर प्रकाश डालते हुए गौड़ ने कांग्रेस विधायकों को चुनौती दी कि यदि वे दावा करते हैं कि बीआरएस ने कुछ नहीं किया है तो वे इस्तीफा दे दें और चुनाव जीत जाएं।






# जाति सर्वेक्षण के आंकड़ों के आधार पर 42 प्रतिशत आरक्षण संभव : कृष्णैया

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय पिछड़ी जाति कल्याण संघ के अध्यक्ष आर. कृष्णैया ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व हासिल होने तक आंदोलन चरणों में तेज होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार अपना वादा पूरा करने में विफल रहती है, तो पिछड़ी जातियों के अधिकारों को अथक प्रयासों के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा, यहां तक कि सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर करके भी।

सम्मेलन ने मांग की कि राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में 42 प्रतिशत आरक्षण के कार्यान्वयन के लिए सर्वोच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करे, जैसा कि कामारेड्डी बीसी घोषणा में वादा किया गया था। इसने आरक्षण में वृद्धि को सुरक्षित करने के लिए न्यायालय की एक बड़ी पीठ के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत करने पर जोर दिया। सामाजिक और आर्थिक जाति सर्वेक्षण के आंकड़े अब उपलब्ध होने के साथ, सम्मेलन ने राज्य सरकार से इन आंकड़ों का उपयोग करने और बीसी के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया। बीसी बुद्धिजीवियों का सम्मेलन हैदराबाद के काचीगुडा में एक होटल में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय बीसी कल्याण संघ के उपाध्यक्ष जी सत्यम ने



की। आर कृष्णैया, सिरिकोंडा मधुसूदन चारी (विधान परिषद में विपक्ष के नेता), और डॉ. वकुलभरणम कृष्ण मोहन राव (बीसी आयोग के पूर्व अध्यक्ष) अतिथि थे। अपने भाषण के दौरान, आर कृष्णैया ने घोषणा की कि बीसी अपने अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए उग्र संघर्षों में शामिल होने में संकोच नहीं करेंगे।

उन्होंने लोगों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। एस. मधुसूदन चारी ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह आबादी के सभी वर्गों को उनकी संख्या के अनुपात में लाभ प्रदान करे। डॉ. वकुलभरणम कृष्ण मोहन राव ने स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों के उप-वर्गीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जैसा कि सरकार ने वादा किया था। जाति सर्वेक्षण से अब उपलब्ध मात्रात्मक आंकड़ों के साथ, उन्होंने राज्य से राज्य में पिछड़ी जातियों के लिए लाभ सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी लड़ाई लड़ने का आग्रह किया। सम्मेलन में 30 पिछड़ी जाति समुदाय संगठनों के प्रतिनिधियों, 20 पिछड़ी जाति संघों के नेताओं, प्रोफेसरों, समाज सुधारकों, महिलाओं, छात्रों, युवा नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

## यातायात की भीड़ से बचने के लिए गाइडलाइन जारी

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यातायात पुलिस ने जीडीमेटला यातायात पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत गजुलारामरम गांव में श्री चितरम्मा देवी जथारा स्वर्णोथ्सवलु के मद्देनजर शनिवार से सोमवार तक के लिए परामर्श जारी किया है। पुलिस ने यात्रियों को यातायात की भीड़ से बचने के लिए उपयुक्त वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी।

येल्लम्माबंडा से शापुर नगर मुख्य सड़क की ओर आने वाले यातायात को गजुलाराम गांव-बालाजी लेआउट-एचएएल कमान रोडमेस्ट्री नगर- शापुर नगर पर मोड़ दिया जाएगा।

शापुर नगर (गजुलाराम टी जंक्शन) से येल्लम्माबंडा की ओर आने वाले यातायात को आगरा स्वीट हाउस चंद्रगिरिनगर बस स्टॉप-द्वारकानगर-मल्ला रेड्डी नगर- महादेवपुरम-येल्लम्माबंडा पर डायवर्ट किया जाएगा।

सड़कों पर भारी वाहनों को चलने की अनुमति नहीं होगी। महादेवपुरम से गजुलारामराम गांव रोड, देवेंद्रनगर से गजुलारामराम गांव रोड, और गजुलारामराम टी जंक्शन से महादेवपुरम रोड। पुलिस ने यात्रियों से कहा कि वे आवश्यकता-आधारित यात्रा सलाह पर ध्यान दें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।






# बीजेपी और बीआरएस पार्टी बहुत अंतर : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 18 जनवरी (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आज कहा कि बीजेपी और बीआरएस पार्टी में बहुत अंतर है। उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोई नहीं कह सकता कि राज्य बीजेपी अध्यक्ष का पद कौन संभालेगा और केटीआर पार्टी के अगले अध्यक्ष बनेंगे।

उन्होंने कहा कि वे अपनी पार्टी के पदों पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे और कहा कि पार्टी का अगला अध्यक्ष अगले विधानसभा चुनाव तक रहेगा। उन्होंने कहा, हम पिछले छह महीनों से काम कर रहे हैं। हम स्थानीय निकाय चुनावों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और बीआरएस को स्थानीय निकाय चुनावों के बारे में बात करने का अधिकार नहीं है। 15वें वित्त आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव न होने के कारण पैसा जारी नहीं किया। हम कानून के अनुसार पैसा जारी करेंगे। तेलंगाना राज्य के लिए अपनी उपलब्धियों का जिक्र करते हुए किशन रेड्डी ने दावा किया कि उन्होंने



जहीराबाद में एक टेक्सटाइल पार्क और औद्योगिक पार्क बनाया है। उन्होंने कहा कि वे आरआरआर और रेलवे कोच फैक्ट्री भी लाए हैं। उन्होंने कहा, अगर हम हल्दी बोर्ड लाते हैं, तो एक राज्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने हल्दी बोर्ड के लिए एक पत्र लिखा है। जब मैंने ऐसे शब्द सुने तो मुझे हंसी आ गई। केंद्र सरकार हैदराबाद मेट्रो चरण 2 में मदद करेगी। मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। मैं दिल्ली में भी इस पर काम कर रहा हूं। राज्य सरकार से विवरण आने पर मुख्य सचिव ने मुझसे बात भी की। हमने क्षेत्रीय रेल रिंग सर्वेक्षण के लिए धन आवंटित किया है। यदि आरआरआर आवंटन पूरा हो जाता है, तो क्षेत्रीय रेल रिंग सर्वेक्षण शुरू हो जाएगा। केटीआर अगले बीआरएस अध्यक्ष होंगे। देखते हैं कि भाजपा का कौन बनता है। हम अपनी पार्टी के पदों पर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देंगे। अब जो अध्यक्ष हमारी पार्टी में आएगा, वह अगले विधानसभा चुनाव तक रहेगा। हम पिछले छह महीने से काम कर रहे हैं। हम स्थानीय निकाय चुनावों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और बीआरएस को स्थानीय निकाय चुनावों के बारे में बात करने का अधिकार नहीं है। 15वें वित्त आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव न होने के कारण पैसा जारी नहीं किया। हम कानून के मुताबिक पैसा जारी करेंगे। आप तेलंगाना में क्या लाए हैं? मैं टेक्सटाइल पार्क लाया। मैं जहीराबाद औद्योगिक पार्क लाया। मैं आरआरआर लाया। हम ही कोच फैक्ट्री लाए। अगर हम येलो बोर्ड लाते हैं, तो एक मंत्री ने कहा कि वह एक पत्र लिखेंगे।

जब मैं उनकी बातें सुनता हूं तो मुझे हंसी आती है। केंद्र सरकार हैदराबाद मेट्रो फेज 2 में मदद करेगी। मदद करना हमारी जिम्मेदारी है। मैं दिल्ली में भी इस पर काम कर रहा हूं। जब राज्य सरकार से ब्योरा आया तो मुख्य सचिव ने भी मुझसे बात की। हमने क्षेत्रीय रेल रिंग सर्वेक्षण के लिए धन आवंटित किया है।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.